ISSN 0974-1100

पूर्वदेवा

सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका

PŪRVADEVĀ - A Social Science Research Journal

Peer Reviewed Bilingual International Research Journal

The Journal Indexed in the UGC-CARE list.

वर्ष 30 * अंक - 120 जनवरी-मार्च, 2025

प्रधान सम्पादक

डॉ. हरिमोहन धवन

मध्यप्रदेश दलित साहित्य अकादमी प्रकाशन

पूर्वदेवा

मध्यपदेश दलित साहित्य अकादमी की सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका

'पूर्वदेवा' के प्रकाशन का उद्देश्य मुख्यतः भारतीय समाज व्यवस्था में व्याप्त मानवीय विषमताओं के उनमूलन, दलितों में मानवीय–अस्मिताबोध एवं अधिकार–चेतना उत्पन्न करने और तद्जनित सामाजिक परिवर्तन की भूमिका तैयार कर मानवीय मूल्यों की स्थापना के निमित्त ऐतिहासिक एवं सामाजिक आधार पर विविधपक्षीय, तथ्यपूर्ण एवं शोधपरक अध्ययन एवं चिंतन को प्रवर्त करना है। जिससे कि दलित, सर्वहारा वर्ग का सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षिणिक आदि क्षेत्रों में समुचित विकास एवं मानवीय सम्मान का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

अतएव, इस हेतु विद्वान लेखकों, अनुसंधानकर्ताओं से मौलिक लेख, शोध आलेख एवं अनुभवजन्य, तथ्यपरक लेख, पुस्तक समीक्षाएँ प्रकाशनार्थ सादर आमंत्रित है।

- आलेख MS-Word में A-4 आकार के पेपर पर डबल स्पेस में Kruti Dev010 फॉण्ट में टाईप होना चाहिए।
- आलेख 5000 से 8000 शब्दों के बीच होना चाहिए। शोध आलेख के साथ 150 शब्दों का सांराश भी भेजे।
- शोध आलेख E-mail ID : mpdsaujn@gmail.com पर प्रेषित करें।
- प्रकाशन हेतु प्राप्त प्रत्येक शोध आलेख की दो विषय विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की जायेगी । समसामयिक प्रासंगिकता, स्पष्ट एवं तार्किक विश्लेषण, सरल एवं बोधगम्य भाषा, उचित प्रविधि मौलिकता आदि आलेख के प्रकाशन हेतु स्वीकृति के मानदण्ड होंगे।
- किसी भी आलेख को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सम्पादक का होगा।
- सभी टिप्पणियाँ एवं सन्दर्भ आलेख के अन्त में दिये जाएँ तथा आलेख में यथास्थन उनका आवश्यक रूप से उल्लेख करें।
- पुस्तकों के लिए सन्दर्भ हेतु निम्न पद्धति का अनुसरण करें:
  उपनाम, नाम, (प्रकाशन वर्ष), पुस्तक का नाम, प्रकाशक, प्रकाशन स्थान, पृष्ठ क्रमांक
- जर्नल के लिए सन्दर्भ हेतु निम्न पद्धति का अनुसरण करें:
  उपनाम, (प्रकाशन वर्ष), आलेख का शीर्षक, जर्नल का नाम, अंक, खण्ड, प्रकाशक, प्रकाशन स्थान, पृष्ठ क्रमांक

ग्राहक शुल्क दरें (Rates of Subscription) इस प्रकार है–

वार्षिक शुल्क : संस्थागत रू. 700/– वैयक्तिक रू. 600/–

क्रयादेश एवं शुल्क सहित सभी प्रकार के पत्र व्यवहार का पता :

मध्यप्रदेश दलित साहित्य अकादमी

बाणभट्ट मार्ग, सेंट्रल स्कूल के सामने, उज्जैन (म.प्र.) 456010

म.प्र. दलित साहित्य अकादमी के लिये पी.सी. बैरवा द्वारा
न्यू गुलाब प्रिन्टर्स, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादन – डॉ. हरिमोहन धवन

आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन नं. 61954/95 **ISSN 0974-1100**

पूर्वदेवा

सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका

PŪRVADEVĀ **A Research Journal of Social Sciences**

Peer Revied Bilingual International Research Journal
This Journal is included in the UGC-Consortium for Academic and Research Ethics

वर्ष 30, अंक 120 जनवरी–मार्च, 2025

❒

प्रधान सम्पादक

डॉ. हरिमोहन धवन

❒

प्रकाशक

पी.सी. बैरवा

मध्यप्रदेश दलित साहित्य अकादमी

बाण भट्टमार्ग, सेन्ट्रल स्कूल के सामने, उज्जैन (म.प्र) 456010

दूरभाष (0734) 2518737

E-mail : mpdsaujn@gmail.com Website : www.mpdsa.org

पूर्वदेवा

सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका

परामर्श मण्डल

डॉ. प्रकाश बरतुनिया
पूर्व कुलाधिपति– बाबा साहेब अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ

डॉ. अनिल दत्त मिश्रा
प्रतिष्ठित गांधीवादी विद्वान व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुलभ अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संगठन, नईदिल्ली

डॉ. रामगोपाल सिंह
पूर्व आचार्य, डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, महू (म.प्र.)

डॉ. जयप्रकाश कर्दम
वरिष्ठ साहित्यकार एवं सम्पादक, दलित साहित्य वार्षिकी, नईदिल्ली

डॉ. हीरालाल अनिजवाल
अतिरिक्त संचालक, उज्जैन संभाग, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश

डॉ. डी. डी. बेदिया
आचार्य एवं निदेशक, व्यवसाय प्रबंध संस्थान, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

सम्पादक मण्डल

डॉ. ज्ञानचन्द्र खिमेसरा
पूर्व आचार्य अर्थशास्त्र व प्राचार्य, शास.स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर

डॉ. प्रभा श्रीनिवासुलु
पूर्व आचार्य इतिहास व प्राचार्य, शास. माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.)

डॉ. शैलेन्द्र पाराशर
पूर्व आचार्य समाजशास्त्र व अध्यक्ष, डॉ. अम्बेडकर पीठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

डॉ. प्रेमलता चुटैल
पूर्व आचार्य, हिन्दी अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

डॉ. अरूण कुमार
प्राध्यापक,राजनीति विज्ञान, शासकीय तिलक महाविद्यालय, कटनी (म.प्र.)

प्रधान सम्पादक

डॉ. हरिमोहन धवन
आचार्य, राजनीति विज्ञान व पूर्व प्राचार्य, उच्च शिक्षा विभाग, (म.प्र.)

प्रकाशक : पी. सी. बैरवा

© स्वात्वाधिकारी : मध्यप्रदेश दलित साहित्य अकादमी,
बाणभट्ट मार्ग, सेन्ट्रल स्कूल के सामने, उज्जैन (म.प्र.)

इस अंक का मूल्य रूपये 150/–

वित्तीय सहयोग
भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नईदिल्ली

सम्पादन व प्रकाशन सर्वथा अवैतनिक एवं अव्यवसायिक

वर्ष 30, **अंक** 120 **जनवरी–मार्च, 2025**

पूर्वदेवा

सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका

वर्ष 30 अंक 120 जनवरी–मार्च, 2025

❐ अनुक्रम ❐

1. डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चिन्तन में सामाजिक समन्वय : सामाजिक न्याय की अवधारणा — डॉ. विक्रम सिंह — 1

2. गांधी दर्शन में महिला उत्थान — डॉ. विकास भड़िया — 7

3. आधुनिक भारतीय शिक्षा प्रणाली : महात्मा जयोतिबा फुले और महात्मा गांधी के चिंतन की समीक्षा — सुरेश कुमार मिठारवाल, डॉ. कैलाश चन्द सामोता — 13

4. ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने का माध्यम महिला स्व–सहायता समूह – एक अध्ययन — अनामिका साहू, डॉ. जी.डी.एस. बग्गा — 25

5. चम्बा क्षेत्र में नाग परम्परा व संस्कृति : एक अवलोकन — लकेश कुमार, डॉ.राजीव कुमार — 36

6. भारतीय लोकतंत्र के परिप्रेक्ष्य में राजनीतिक दलों का वित्तपोषण — शिखा ओझा, प्रो. रिपु सूदन सिंह — 44

7. वर्तमान परिदृश्य में थारू जनजाति के बदलते सामाजिक–सांस्कृतिक प्रतिमान — विनय कुमार विश्वकर्मा — 56

8. लखनऊ शहर रिक्शा चालकों के उत्पीड़न का समाजशास्त्रीय अध्ययन — मिलिन्द सेन — 64

9. मध्यकालीन भारत में हिन्दुओं का इस्लाम में धर्मान्तरण व जनसंख्या वृद्वि : ट्रूथ एवं मिथ — रत्ना सिंह, डॉ. हेमन्त कुमार मालवीय — 78

10. **District-wise Decentralisation of the Tribes of Rajasthan State** — **S. K. Kulshrestha & K. R. Choudhary** — 95

11. Redefining Ostracism in Soundararajan's Trauma of Caste 102
Pooja Kamble & Prof. Vijay. F Nagannawar

12. Economic Empowerment of Women 108
A Study of Cuttack District (Odisha)
Sarita Mallick & Prof. (Dr.) Nibedita Mishra

13. 150 Years After Indenture : Continuity and Change in 126
the Caste Structure of Mauritian Girmitiyas
Shweta Sagar & R. N. Sharma

14. Impact of Post-Matric Scholarship on the Development of 137
Scheduled Tribes in Gujarat
Bhoomi N. Panchal & Dr. Kruti P Shah

15. India-Pakistan Cross-Border Conflict Regional and Global
Implications Rajeev Raushan Kumar 147

16. Job Satisfaction and Social Background of 154
Dalit Teacher Trainees in Colleges : A Study
Shrikant Singh & Dr. Nishat Fatima

17. Socio Economic Empowerment of the Self Help Group 163
Members Living in the Slums of Bhubneshwar City
Smaranika Sahoo & Prof. (Dr) Gayatri Biswal

18. Socio-Economic Status, Gender and Local in Relation to 172
Academic Achievment of Secondary School Students
Tasneem Ahmed & Dr. Zulfiqar Ullah Siddiqui

'पूर्वदेवा' में प्रकाशित लेख एवं उनमें व्यक्त विचार लेखकों के निजी विचार है. सम्पादक व प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है.

पूर्वदेवा– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
वर्ष 30, अंक, 120 जनवरी–मार्च, 2025 पृ. 1–6

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चिन्तन में सामाजिक समन्वय सामाजिक न्याय की अवधारणा

डॉ. विक्रम सिंह

सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग, हर्ष विद्या मन्दिर पी.जी. कॉलेज, रायसी, हरिद्वार–247671

E-mail : dr.vikramsingh154@gmail.com Mob. 9412825205

सारांश

सामाजिक समन्वय में विश्वास करने वाले डॉ. भीमराव अम्बेडकर साम्यवादी विचारधारा के विरोधी के साथ–साथ रूढ़ीवादी विचारधारा के भी विरोधी थे। वे परलोक में बिल्कुल विश्वास नहीं करते थे। उनका मानववादी विचारधारा में विश्वास था। वे स्वतन्त्रता, समानता एवम् भातृभत्व की विचाराधारा में विश्वास करते थे। वे समाज के आदर्शों को कर्म एवं कर्ता के स्रोत के रूप में देखते थे। उनका मानना था कि व्यक्ति या समाज नियमों का अंधभक्त न बने। उनके अनुसार समाज में स्थापित मूल्यों का मूल्यांकन समय दर समय होता रहे, तभी समाज प्रगतिशील बन सकता है। उनके अनुसार सामाजिक नैतिकता ही न्याय की आत्मा होती है। अम्बेडकर जी ने स्वतन्त्रता से भी ऊपर समानता को रखा। गाँधी जी का लक्ष्य जहाँ देश को स्वन्त्रता कराना था वहीं दूसरी ओर अम्बेडकर जी का लक्ष्य स्वतन्त्रता को निम्न से निम्न तबके तक पहुँचाना था। अम्बेडकर के आदर्श समाज का मुख्य केन्द्र बिन्दु–व्यक्ति है न कि परम्परागत समाज व्यवस्था।

मूल शब्द– मानववादी, विचाराधारा, अंधविश्वासी, सामाजिक समन्वय, रूढीवादी, मानवीय मूल्य, परम्परागत समाज

प्रस्तावना

डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक समन्वय में विश्वास करते थे यही कारण था कि वे साम्यवादी विचारधारा के खिलाफ थे। वे किसी भी तरह सर्वहारा वर्ग की तानाशाही स्वीकार करने के पक्ष में नहीं थे। उनका मानना था कि किसी समाज में न्याय व समन्वय की सम्भावनाएं तभी बढ़ सकती हैं जब उनमें आदर्श एवं यथार्थ में समन्वय हो। डॉ अम्बेडकर के अनुसार "कोई भी समाज जिसमें सामाजिक चेतना है यह बात स्वीकार नहीं करता। इसके विपरीत व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में जो कुछ प्रगति हुई है वह इस सिद्धान्त को मानकर हुई है, जो कुछ

भी दोषपूर्ण ढँग से निश्चित हुआ है उसे निश्चित न समझा जाए,और वह फिर से निश्चित होना चाहिए।"[1] अम्बेडकर जी के सामाजिक न्याय के सिद्धान्त में निहित यह मत था कि समाज के मूल्यों व नियमों में आवश्यकतानुसार परिवर्तन हो ताकि सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, एवं राजनीतिक विभिन्नताओं एवं समानताओं में उचित समन्वय स्थापित हो सके। वे इस बात में विश्वास करते थे कि न्याय ऐसा हो जो अन्याय–पूर्ण वातावरण का अन्त कर सके।

डॉ अम्बेडकर सदियों से चली आ रही रूढ़ीवादी विचारधारा के विरोध में थे। वे परलोक में बिल्कुल विश्वास नहीं करते थे। वे इस विचारधारा के प्रबल विरोधी रहे कि इस धरती से परे कहीं स्वर्ग है। उनका मानना था कि इस धरती पर ही स्वर्ग व नरक है। यही कारण था कि वे ब्राह्मणवाद में विश्वास नहीं करते थे। अपनी मानववादी विचारधारा में उन्होंने व्यक्ति, समाज, आदर्श एवं न्याय में समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया। यही कारण था कि रूढ़ीवादी व अन्धविश्वासी विचारधारा के विरोध में उनका संघर्ष ता–उम्र नहीं रूका। वे रूढ़ीवादी हिन्दुओं को इस बात की अनुभूति कराना चाहते थे कि रूढीवादी विचारधारा से भारतीय समाज का उद्धार नहीं हो सकता है। समाज में यदि न्यायिक व्यवस्था को स्थापित करना है तो रूढ़ीवाद व अन्धविश्वास को छोड़ना होगा और किसी भी न्याायिक व्यवस्था का आधार कर्म होना चाहिए न कि जन्म।

न्याय के सिद्धान्त की विवेचना करते हुए प्रो. वारकर ने कहा है– "संस्थागत अच्छे मानवीय सम्बन्धों के लिए विभिन्न प्रकार के मूल्यों की जरूरत होती है। स्वतंत्रता,समानता एवं भ्रातृत्व सहयोग के विभिन्न मूल्य होते हैं। ये सभी मूल्य किसी भी कानून व्यवस्था में पाए जाते हैं परन्तु समय के साथ–साथ उनकी मान्यता एवं परिभाषा में अंतर आ जाता है। इसी के साथ–साथ इसमें परिवर्तन भी होते रहते हैं। स्वतंत्रता का अधिकार एवं मूल्य समानता के साथ समायोजित होना चाहिए।"[2] डॉ अम्बेडकर जी का मानना था कि लोगों को समाज के आदर्श या नियमों का अनुसरण आवश्यक रूप से करना चाहिए। वे समाज के आदर्शों को कर्म एवं कर्ता के स्रोत के रूप में देखते थे। उनका मानना यह भी था कि व्यक्ति या समाज नियमों का अन्धभक्त न बने। इन नियमों में सामाजिक सामंजस्यता एवं एकता परिवर्तित परिस्थितियों में लाई जा सकती है। समय के साथ इन नियमों में परिवर्तन की भी आवश्यकता होती है। यदि समाज के नियमों को निर्विवाद मान लिया जाए तो समाज प्रगतिहीन हो जाता है। समाज की प्रगति के लिए आवश्यकता है कि समाज में स्थापित मूल्यों का मूल्यांकन समय दर समय होता रहे। डा. अम्बेडकर सामाजिक नियमों को प्रमुख मानते हैं। उनका मानना है कि इससे ही समाज की गतिविधियां चलती रहेंगी। वे समाज की आवश्यकतानुसार नवीन मूल्यों एव नियमों को स्थान देने के पक्षधर थे। उनके अनुसार सामाजिक नैतिकता ही न्याय की आत्मा होती है।

फिक्टे एवं हीगल जैसे विचारकों का मत है "समाज एक ऐसी इकाई है जो व्यक्तियों से बिल्कुल स्वतंत्र एवं पृथक है एवं वास्तविक रूप से उनसे उच्च है। समाज के अधिकार एवं शक्तियां व्यक्ति से अधिक हैं। व्यक्तिगत हितों का संचालन समाज करता है और समाज एक ऐसी समष्टि है जिसमें व्यक्ति का बहुत कम महत्व होता है। समाज ऐसी संस्था या संगठन है जिसकी आज्ञाएं एवं नियम सभी व्यक्तियों, स्त्रियों एवं पुरुषों पर लागू नहीं होते वरन् उन पर बाह्य होते हैं।"**3**

इसके विपरीत जॉन लॉक का मत इस सम्बन्ध में दूसरा ही है। जॉन लॉक के अनुसार "समाज व्यक्तियों के समूह के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। व्यक्ति ही महत्वपूर्ण होते हैं, समाज में उन्हीं के हित सर्वोपरि होते हैं।"[4] अम्बेडकर का मत इन दोनो ही मतों से भिन्न था। वे किसी भी मत से सहमत नहीं थे। वे समष्टि एवं व्यष्टि में समन्वय के पक्षपाती थे। वे न तो समाज को सर्वोपरि मानते थे और न ही व्यक्ति को। उन्होंने समाज एवं मानव के समग्र रूप में विश्वास किया। मनुष्य एवं समाज एक दूसरे से अलग न होकर एक दूसरे के पूरक हैं। डॉ अम्बेडकर मानव को समाज का मौलिक तत्व मानते हैं, न कि बिल्कुल स्वतंत्र इकाई। मानव एक बुद्धिशील प्राणी है तथा समाज के बाहर उसका स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। डॉ अम्बेडकर इसी के चलते सामाजिक न्याय की अवधारणा में विश्वास करते थे। सामाजिक विचार एवं मानव–प्रगति दोनों का मानव के विचार एवं स्वतंत्रता से गहरा सम्बन्ध है। रूढीवादी लोग परम्पराओं के महत्त्व पर बल देते हैं जबकि सुधारवादी लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर बल देते हैं। रूढ़ीवादी लोग परम्परा एवं विश्वास के महत्व को सिद्ध करने के लिए कुछ युक्तियां देते हैं–

(क) किसी समुदाय के सम्पूर्ण जीवन में परम्पराओं का महत्वपूर्ण स्थान होता है। अतः उस समाज को उसकी सुरक्षा के लिए यथासम्भव प्रयास करना चाहिए अन्यथा परम्परावादी सांस्कृतिक विरासत का अन्त हो सकता है।

(ख) इन परम्परावादी विश्वासों को समाप्त करने में काफी व्यावहारिक खतरे उत्पन्न हो सकते हैं। इनमें प्रमुख सामाजिक विघटन एवं अराजकता है।

(ग) वे विश्वास जो आज तक जीवित हैं एवं संकटों के झंझावतों के मध्य समय की कसौटी पर खरे उतरें, उनमें सत्य का अंश है। इसके विपरीत सुधारवादियों का इन विश्वासों को लेकर अलग मत है। उनके अनुसार –

(अ) वर्तमान समय में नया ज्ञान हमारे सामने आ रहा है। पुराने सिद्धान्त आज के समय में अप्रासंगिक हो चुके हैं अतः उनके स्थान पर नवीन सिद्धान्तों की आवश्यकता है।

(आ) केवल प्राचीनता को ही किसी सिद्धान्त के सत्य की कसौटी पर खरा नहीं माना जा सकता है जैसे सती–प्रथा, नगर–वधू, देव–दासी प्रथा आदि को प्राचीनता के आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता है।

(इ) व्यक्ति का ज्ञान हमेशा सामाजिक प्रगति की तरफ अग्रसर रहना चाहिए, इसमें समाजोपयोगी अनुसन्धानों के अवसर बने रहते हैं। व्यक्ति की प्रतिभा को परम्परावादी विश्वासों से नहीं दबाना चाहिए।

राजनीति में गाँधी जी का युग जहाँ समाप्त होता है वहीं से राजनीति व समाज में भीमराव अम्बेडकर का पदार्पण होता है। जहाँ गाँधी जी का लक्ष्य देश को स्वतंत्र कराना था, वहीं अम्बेडकर जी का लक्ष्य समाज के निम्न से निम्नतर व्यक्ति तक इस स्वतंत्रता को पहुँचाना था। भारत की स्वतंत्रता से पूर्व ही अम्बेडकर ने दर्शन के सामाजिक पक्ष पर अधिक बल दिया। डॉ अम्बेडकर के चिन्तन का मूल उद्देश्य एक तर्कसंगत एवं न्यायपूर्ण समाज व्यवस्था की रचना करना था इसलिए सामाजिक–व्यवस्था डॉ अम्बेडकर के चिन्तन की केन्द्रीय विषयवस्तु थी। डॉ अम्बेडकर का सामाजिक चिन्तन व्यावहारिक होने के कारण सटीक, तर्कसंगत तथा वैज्ञानिक

विश्लेषण पर आधारित था। डॉ अम्बेडकर के अनुसार "रूढ़िवाद व अन्धविश्वास ने भारतीय समाज में विभेद पैदा किया है। उनका दृढ़ विश्वास था कि जिस समाज में सामाजिक चेतना न हो ऐसा समाज प्रगति के पथ पर कभी भी अग्रसर नहीं हो सकता है। बाबा साहेब हिन्दु कोड बिल के अन्तर्गत महिलाओं को विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और दत्तक विधान की स्वतंत्रता देना चाहते थे। इसके अतिरिक्त अंतरजातीय विवाह को भी वे कानूनी संरक्षण देने के पक्ष में थे। उनका मानना था कि अंतरजातीय विवाह ही जाति–व्यवस्था को तोड़ने का एकमात्र उपाय है।"[5]

अम्बेडकर साहब समान नागरिक कानून में विश्वास करते थे। विवाह, तलाक या उत्तराधिकार का कानून बनाते समय धर्म को ही क्यों आधार बनाया जाए? उन्होंने संसद में कहा था "समान नागरिक कानून होना ही चाहिए। हिन्दू मुसलमान और ईसाई धर्म पर आधारित कानूनों में जहां मतभेद के मुद्दे हैं, उन्हें विचारपूर्वक हल करना चाहिए। सभी में कुछ समानता के मुद्दे भी हैं केवल मतभेदों के मुद्दों से बात नहीं बन सकती। समान नागरिक कानून हमारा अन्तिम उद्देश्य है।"[6] उनके अनुसार जाति–व्यवस्था एक प्रकार की सामाजिक दासता है। यह सामाजिक अन्याय एवं शोषण की प्रतीक है। अम्बेडकर के आदर्श समाज का मुख्य केन्द्र–बिन्दु व्यक्ति है न कि परम्परागत समाज व्यवस्था। बाबा साहेब ने अछूतों की समस्याओं को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया क्योंकि वे स्वयं भी अछूत समाज में पैदा हुए थे। दलित वर्ग का पक्ष प्रस्तुत करने के लिए उन्होंने 'मूकनायक' नामक एक पत्रिका निकाली। दलितों का चित्रण करते हुए उन्होंने 'मूकनायक' के प्रथम अंक में लिखा था "हिन्दु समाज एक बहु मंजिली इमारत है जिसके अन्दर प्रवेश करने के लिए न कोई सीढी है और न कोई द्वार है। समाज जहाँ एक ओर विश्वास करता है कि जड़ पदार्थों में भी भगवान है वहीं दूसरी ओर यह भी कहता है कि कुछ लोग जो उसी के अपने अंग हैं, स्पर्श किए जाने योग्य नहीं हैं।"[7] दलितों के उद्धार के लिए उन्होंने अनेक समाजसुधार आन्दोलन शुरू किये। एक बार उन्होंने अपने भाषण में कहा "दलितों की समाज में कोई इज्ज्जत नहीं है। उनकी अस्मिता खत्म हो चुकी है। किसी के फेंके हुए बासी टुकड़ों पर अब उन्हें जीना छोड़ देना चाहिए ! इसके लिए अब उन्हें मृत जानवरों के मांस को खाने की वृत्ति छोड़ देनी होगी।"[8]

अम्बेडकर साहब का मानना था कि आत्मोद्धार किसी दूसरे की कृपा से नहीं होता बल्कि वह प्रत्येक व्यक्ति को अपने प्रयास से प्राप्त करना पड़ेगा। अम्बेडकर अपने आदर्श समाज में सामाजिक प्रजातन्त्र की स्थापना करना चाहते थे। सामाजिक प्रजातन्त्र के रूप में अम्बेडकर ऐसा समाज चाहते थे जिसमें व्यक्ति के विचार की अभिव्यक्ति, गमनागमन की शिक्षा व आत्म विकास तथा आजीविका के चुनाव की स्वतन्त्रता हो। डॉ अम्बेडकर ने अपने आदर्श समाज की व्यवस्था को हमारे समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा–"एक आदर्श समाज वह है जिसमें गतिशीलता हो तथा एक स्थान में हुए परिवर्तन दूसरे स्थान पर सरलता से पहुँचते हों। एक आदर्श समाज में बहुत से सामान्य उद्देश्य होने चाहिए, जिनमें सभी लोग स्वतः भाग ले सकें और अन्य विचारों का आदान–प्रदान हो सके। मिलने–जुलने की सुगम विधियां हों तथा भाई–चारे की भावना का बाहुल्य हो।"[9] समाज ऐसा हो जहां ऊँच–नीच व राग–द्वेष के लिए कोई स्थान न हो। डा. अम्बेडकर द्वारा सामाजिक विषमता के विरूद्ध किया गया संघर्ष बाहरी तौर पर दलितों, श्रमिकों एवं महिलाओं के लिए किया गया प्रतीत होता हैं किन्तु व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने पर

ये उनके द्वारा समाज–व्यवस्था में मौलिक परिवर्तन लाने की दृष्टि से किए गए संघर्ष का अंग हैं। बाबा साहेब एक बेहतर और समेकित समाज की स्थापना करना चाहते थे। वे केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि सम्पूर्ण संस्था थे। डॉ. अम्बेडकर के मन में कबीर थे, उनकी आस्था में महात्मा बुद्ध। उनके सामाजिक जीवन तथा चेतना पर कबीर का गहरा प्रभाव था।

भारत मे 'जातिप्रथा' लेख में उन्होंने कहा मुझसे योग्य विद्वानों ने जाति के रहस्यों को खोलने का प्रयास किया है किन्तु यह दुख की बात है कि यह अभी तक व्याख्यायित नहीं हुआ है और हम लोगों को इसके बारे में अल्प जानकारी है। मैं जाति जैसी संस्थाओं की जटिलता के प्रति सजग हूं और इतना निराशावादी नही हूं। मेरा विश्वास हैं जाति की समस्या सैद्धांतिक और व्यावहारिक रूप में एक विकराल समस्या है। उनके अनुसार भारतीय समाज रक्त की शुद्धता की बात चाहे जितनी भी क्यों न करे यह शुद्ध रक्त वाला समाज नहीं है। इसमें न जाने कितने रक्तों का सम्मिश्रण है? वे प्रश्न उठाते हैं कि वह कौन सा पहला वर्ण था जो जाति में रूपान्तरित हुआ? अनेक प्रमाण देते हुए वे यह सिद्ध करते हैं कि आरम्भ में ब्राह्मण–वर्ग जाति मे बदल गया। इसी ब्राह्मण समाज ने देश में जाति प्रथा को लादा है। मनु के सैकड़ों वर्शों पूर्व जाति प्रथा अस्तित्व में थी। जाति प्रथा से सम्बनधित नियमों का मनु ने केवल संकलन किया है।

बाबा साहेब ने जो कुछ किया वह हिन्दू समाज की सुदृढता, एकता तथा विकास के लिए था। उन्होंने महसूस किया कि भारतीय समाज सीढ़ी दर सीढ़ी ऐसा सिलसिला है जिससे ऊपर की सीढ़ी का आदमी नीचे की सीढ़ी के आदमी को घृणा की दृष्टि से देखता है और नीचे की सीढ़ी का आदमी ऊपर की सीढ़ी के आदमी को घृणा की दृष्टि से देखता है। ऐसे समाज से समता व बंधुत्व की कतई गुंजाइश नहीं की जा सकती है। डॉ अम्बेडकर यह नहीं समझ पा रहे थे कि जिस समाज का दायित्व पिछड़ों को अपने साथ लेकर चलना चाहिए वह समाज पिछड़ों को और नीचे क्यों धकेल देता है। समाज के एक वर्ग को विशेषाधिकार प्राप्त हैं तो समाज का दूसरा वर्ग वंचित क्यों ? आखिर कौन पाटेगा इस खाई को ? कोई न कोई तो अम्बेडकर जरूर बनता, क्योंकि ताउम्र तो समाज का एक अंग लकवे का शिकार बनकर नहीं रह सकता है ।

गाँधी जी भारतीय वर्ण–व्यवस्था के समर्थक थे परन्तु बाबा साहेब अम्बेडकर इसके प्रबल विरोधी थे। उन्होंने अपने 'जातिप्रथा–उन्मूलन' शीर्षक नामक लेख में लिखा "मेरे लिए यह चातुरवर्ण जिसमें पुराने नाम जारी रखे गए हैं, घिनौनी वस्तु है जिससे मेरा व्यक्तित्व विद्रोह करता है लेकिन मैं यह नहीं चाहता कि मैं केवल भावनाओं के आधार पर चातुरवर्ण के प्रति आपत्ति करूँ। इसका विरोध करने के लिए मेरे पास अधिक ठोस कारण हैं। जाति का आधारभूत सिद्धांत वर्ण के आधारभूत सिद्धान्त से भिन्न है। न केवल मूल रूप से भिन्न है बल्कि मूल रूप से परस्पर विरोधी है। अम्बेडकर जी निरन्तर वर्ण–व्यवस्था की समस्या पर विचार मंथन करते रहे। उनका दृढ़ विश्वास था कि जब तक अछूत हिन्दू समाज में बना रहेगा तब तक उसका जीवन स्तर नहीं सुधरेगा और वह निरन्तर शोषित, अपमानित और अकिंचन बना रहेगा तथा उसका भाग्य कभी भी नहीं बदलेगा।"[10]

निष्कर्ष

डॉ अम्बेडकर हिन्दू समाज में बने रहकर अछूत समाज को सम्मान सहित बराबरी का अधिकार दिलाना चाहते थे। उनके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति बराबरी का अधिकारी है। इतनी छोटी सी बात सवर्ण समाज के दिमाग में क्यों नहीं बैठ रही थी ? वह गुलामी से तो मुक्ति चाहता है परन्तु अपने समाज में फैले कोढ़ से नहीं। संघर्षशील और स्वाधीनता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार बताने वाला समाज अपने ही भाइयों को गुलाम बनाकर रखने के औचित्य को सिद्ध करने का प्रयास करता जा रहा था। अम्बेडकर जी एक ऐसी समाज व्यवस्था के लिए प्रयत्नशील थे जहाँ मनुष्य, मनुष्य के प्रति आदर की भावना रखता हो। वे मनुष्य को उसका न्यायोचित हक दिलाने के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने एक स्थान पर लिखा है– राजनैतिक तथा धार्मिक होने के बजाय मनुष्य अधिकांशतः सामाजिक प्राणी है। वह धर्म में आस्था न रखे, उसकी आवश्यकता अनुभव करे या न करे, वह राजनीति की भी आवश्यकता माने या न माने लेकिन उसे समाज की आवश्यकता तो होगी। समाज के बिना मनुष्य कुछ नहीं कर सकता हैं। अतः उसे उस समाज को जिसमें मनुष्य रहता है, शुभ बनाना उसका प्रथम कर्तव्य है।

❐

सन्दर्भ –

1. *डॉ अंबेडकर, बी. आर., एनिहिलेशन ऑफ कॉस्ट अंबेडकर स्कूल ऑफ थॉट,अमृतसर, 1994, पृ. 21*
2. *फडके भालचन्द्रः डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर–श्री विद्या प्रकाशन,पूना, 1985, पृ. 249*
3. *कीर धनंजयः डॉ अम्बेडकरः लाइफ एंड मिशन–पापुलर प्रकाशन नई दिल्ली, 1962 पृ. 60*
4. *डॉ अंबेडकर बी. आर. स्वराज्य कि दिशा, मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 1993, पृ. 164*
5. *कीर धनंजयः डॉ अम्बेडकरः लाइफ एंड मिशन–पापुलर प्रकाशन, नई दिल्ली, 1962, पृ. 72*
6. *वैद्य प्रभाकर : डॉ अम्बेडकर आणि व्यांचा धम्म–शलाका प्रकाशन, मुंबई 1981, पृ. 12*
7. *पालीवाल कृष्ण दत्तः डॉ अम्बेडकर और समाज व्यवस्था, किताब घर प्रकाशन, नई दिल्ली ,1996, पृ. 46*
8. *डॉ. भटनागर राजेंद्र मोहन : डॉ अम्बेडकर चिंतन औंर विचार, जगत राम एंड संस प्रकाशन, नई दिल्ली, 1994*
9. *वही, पृ. 48*
10. *कीर धनंजयः डॉ अम्बेडकरः लाइफ एंड मिशन–पापुलर प्रकाशन, नई दिल्ली, 1962, पृ. 54*

पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका
वर्ष 30, अंक, 120 जनवरी–मार्च, 2025 पृ. 7–12

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

गांधी दर्शन में महिला उत्थान

डॉ. विकास भड़िया

सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान, राजकीय महिला महाविद्यालय, झुंझुनूं (राज.)–333001
E-mail: bhariavikash@gmail.com Mob. 9829777782

सारांश

गांधी जी का मानना था कि देश के सम्पूर्ण विकास में अगर नारी को शामिल नहीं गया तो देश के विकास की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती, उनका मानना था कि महिलाओं और पुरूषों के लिए समान अधिकार आवश्यक हैं, वे लैंगिक भेदभाव के पूर्णतया खिलाफ थे। राष्ट्रीय आंदोलन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी गांधीजी के प्रभाव से हुई। गांधी जी ने साबरमती आश्रम हो या सेवाग्राम चाहे, वर्धा आश्रम हो वहां पर 'बा–कूटी' अलग से बनाया गया जहां उनकी पत्नी ढेरों स्त्रियों से स्वतंत्र रूप से मिलकर उनको राजनीतिक प्रशिक्षण प्रदान करती थी। गांधी जी के अनुसार नारी को अबला कहना उसकी मानहानि करना है, स्त्री–पुरूष एक दूसरे के पूरक हैं। आपसी सहयोग के बिना दोनों का अस्तित्व असंभव है, स्त्री–पुरूष की सहचरी है, उसकी मानसिक शक्तियां पुरूष से जरा भी कम नहीं हैं।

मुख्य शब्द– अधिकार, समानता, स्वतंत्रता, रामराज्य, दयनीय, न्यायसंगत, अबला, असहाय, सती प्रथा, बालविवाह, सविनय अवज्ञा, अस्पृश्यता, प्रथा।

भारत में वैदिक काल में नारी का बड़ा सम्मान था।[1] मैत्रेयी, गार्गी, लोपमुद्रा तथा इन्द्राणी और घोषा वैदिक युग की अत्यन्त विदुषी नारियाँ हैं। साधारण नारी भी उस युग में आवश्यकता पड़ने पर कताई–बुनाई आदि धंधे करके आजीविका कमा लेती थी। क्षत्रिय परिवारों में कन्याएं सैनिक–शिक्षा प्राप्त करती थी।[2] शिक्षा के पश्चात् प्रत्येक लड़की को अपने पति के चुनाव का पूर्ण अधिकार था।[3] स्वयंवर प्रथा का प्रचलन था। कुछ नारियाँ आध्यात्मिक उद्देश्य के लिये आजन्म अविवाहित रह जाती थी, कुछ काल तक यह परम्परा जैन एवं बुद्ध धर्मावलम्बियों में भी विद्यमान रही। विवाह में दहेज प्रथा प्रचलित नहीं थी, पर्दा प्रथा की कुरीतियों से उस समय मुक्ति थी[4] प्राचीन काल में '**अन्तर्जातीय**' तथा '**अनुलोम**' विवाह भी होते थे। स्त्रियाँ आवश्यकता पड़ने पर पुनर्विवाह, विधवा–विवाह तथा नियोग का आश्रय ले लेती थी,[5] क्योंकि

ऋग्वेद की ऋचाओं से विधवा विवाह तथा अथर्ववेद में पुनर्विवाह की स्वीकृति का उल्लेख मिलता है।[6] प्राचीन भारतीय साहित्य में स्त्री को शक्ति के रूप में मान्यता प्राप्त रही है और उस रूप की सर्वत्र पूजा भी हुई है।[7] *'कीर्तिः श्रीर्वाक्च नारीणां स्मृतिर्मेधा धृति क्षमा।'– (श्रीमद् भगवाद्गीता)।* इसी क्रम में यह भी कहा गया है– *'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः*

इन ऋचाओं से यह पूजा भाव स्वतः मुखरित होता है कि जहाँ स्त्रियों की पूजा होती है वहाँ देवताओं का निवास होता है। यद्यपि स्त्री को शक्ति के रूप में वैदिक साहित्य में स्थान दिया गया है किंतु काल–चक्र ने धीरे–धीरे स्त्रियों की स्थिति को बदल दिया। कन्या का जन्म अभिशाप माना जाने लगा और कुछ वर्गों में तो उसका जन्म होते ही गला घोट दिया जाता था, सभ्य और सुसंस्कृत परिवारों की स्त्रियों के लिए घर से बाहर निकलना दुसाध्य हो गया। परिणामतः स्त्री जाति शिक्षा से वंचित और पर्दे की घुटन को स्वीकार करने के लिए विवश हुई। विवाह में स्वेच्छा का स्थान विवशता ने ले लिया। अच्छे वर की आकांक्षा ने दहेज प्रथा को जन्म दिया, पुरूषों द्वारा उनको शारीरिक दण्ड दिया जाने लगा। वह सहचरी न रहकर दासी बनकर चली गई। यज्ञ से बहिष्कृत किया गया। शिक्षा के अधिकार से वंचित किया गया उनका उपनयन संस्कार बंद कर दिया गया। यद्यपि राजा राम मोहन राय, स्वामी दयानंद सरस्वती, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, स्वामी विवेकानन्द आदि समाज सुधारकों ने अपने स्तर पर महिलाओं की स्थिति को सुधारने के प्रयास किये लेकिन गांधीजी के समक्ष स्त्रियों की दीन–हीन दशा का उपर्युक्त परिदृश्य था। वे भारतीय नारियों के लिए नवजागरण का संदेश लेकर आए। गांधी जी नारी स्वातंत्र्य के प्रबल समर्थक थे। गांधी जी स्त्री–पुरूष दोनों के सामाजिक–आर्थिक अधिकारों को एक समान मानते थे। उन्होंने समाज में स्त्रियों और पुरूषों की समानता पर बल दिया। वे एक ऐसे आदर्श समाज की स्थापना करना चाहते थे जिसमें स्त्रियाँ बिना किसी प्रतिबंध के सक्रिय भागीदारी निभाएं और उन्हें भी पुरूषों के समान अपनी शैक्षणिक, बौद्धिक और नैतिक उन्नति के अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा,– "मेरे सपनों का स्वराज्य तब तक असंभव है जब तक कि भारतीय स्त्रियाँ, पुरूषों के कंधे से कंधा मिलाकर अपनी पूर्ण भूमिका नहीं निभाती। मैंने स्वराज्य को रामराज्य के रूप में परिभाषित किया है और रामराज्य की प्राप्ति तब तक नहीं हो सकती जब तक समाज में हजारों सीताएं नहीं हो।"[8]

गांधी जी स्त्री शिक्षा के पक्षधर थे उन्होंने कहा था कि एक लड़की की शिक्षा एक लड़के की शिक्षा से अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि लड़के को शिक्षित करने पर वह अकेला शिक्षित होता है, लेकिन स्त्री को शिक्षित करने पर सम्पूर्ण परिवार, समाज शिक्षित होता है। शिक्षित महिला ज्ञान के नवीन क्षितिज खोल सकती है। बाल–विवाह, पर्दाप्रथा, दहेज प्रथा, विधवाओं की दयनीय स्थिति, तलाक आदि सामाजिक बुराईयों का मुख्य कारण स्त्रियों की अशिक्षा को मानते थे। गांधी जी ने इस बात पर बल दिया कि स्त्री–पुरूष को शिक्षा प्रदान करने में कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

महिलाओं को कमजोर, अबला और असहाय कहना गांधी जी की दृष्टि में न्यायसंगत नहीं है। नारी को अबला कहना उसकी निंदा करना है। यह पुरूष का नारी के प्रति अन्याय है। गांधी जी के अनुसार "यदि अहिंसा मानव जाति का नियम है तो भविष्य नारी जाति के हाथ में है। ममता, प्यार, अपनत्व की भावनाओं से हृदय को आकर्षित करने के गुण स्त्री से ज्यादा और किसमें हो सकते है।"[9]

गांधी जी स्त्री जाति को पुरुष से किसी भी अर्थों में हेय नहीं मानते थे। वे स्त्री और पुरुष में कोई भेदभाव नहीं करते थे। स्त्रियों को भी पुरुषों के समान स्वयं को स्वाधीन अनुभव करना चाहिए। वीरता केवल पुरुषों की बपौती नहीं।[10] उन्होंने स्त्रियों को सलाह दी कि वे सभी अवांछनीय बंदिशों के खिलाफ सविनय विद्रोह करें। गांधी जी ने स्त्रियों की दशा सुधारने एवं उत्थान हेतु जो प्रयास किए वे इस प्रकार है–

- समाज में स्त्रियों को समान अधिकार प्रदान करने की मांग– गांधी जी स्त्रियों को पुरुषों के समान अधिकार प्रदान किये जाने के पक्षधर थे। गांधी जी ने स्त्रियों को अपने विषय में स्वयं निर्णय लेने के अधिकार पर विशेषतः बल दिया वे इस मत से सहमत नहीं थे कि स्त्री–पुरुष पर निर्भर है या वह पुरुष के अधीनस्थ या उससे हीन है। उनका मानना था कि स्त्री समाज में पुरूष की समकक्ष सहकर्मिणी है। उन्होंने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि "हिन्दू संस्कृति पुरूष और स्त्री को पृथक–पृथक मानने की अपेक्षा, एक–दूसरे का हिस्सा मानती है तथा यह स्वीकार करती है कि दोनों एक–दूसरे के बिना अधूरे हैं।"[11] गांधी जी का मत था कि स्त्रियों को पुरूषों के समान ही समस्त सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकार प्राप्त होने चाहिए। उनका कहना था कि "कोई स्त्री अपने लिये किसी व्यवसाय का चयन करे तो यह निर्णय पुरूषों द्वारा नहीं, अपितु स्वयं महिलाओं द्वारा लिया जाना चाहिए। उन्होंने अनेक ऐसे व्यवसायों और वृत्तियों का उल्लेख किया जिनमें स्त्रियां पुरुषों की अपेक्षा अधिक कुशलता और दक्षता का प्रदर्शन कर सकती हैं।"[12]

- परिवार में महिलाओं का स्थान– गांधी जी ने यह स्वीकार किया कि समाज और परिवार में स्त्रियों की हीन स्थिति के लिए पुरुष ही नहीं अपितु स्वयं स्त्रियां भी उत्तरदायी हैं। उन्होंने भारतीय महिलाओं की निर्णय लेने के विषय में अपने अभिभावकों या पति पर निर्भर करने की प्रवृत्ति की आलोचना की। पारिवारिक जीवन में स्त्रियों को समानता का प्रतिपादन करते हुए गांधी जी ने महिलाओं के अधिकार के सम्बन्ध में कुछ सूत्र प्रस्तुत किये।"[13]

- पत्नी पति की नौकर नहीं है, अपितु वह परिवार धर्म के पालन में एक समान अधिकार रखने वाली सहयोगिनी है। परिवार में पुत्रों और पुत्रियों के मध्य भेद नहीं किया जाना चाहिए। पति और पत्नी जो भी अर्जित करें, उस पर दोनों का समान अधिकार होना चाहिए।

- सती प्रथा का विरोध– गांधी जी ने सती प्रथा का घोर विरोध किया और उन्होंने इसे क्रूर, अमानवीय व अधार्मिक माना। उन्होंने कहा, "किसी स्त्री को उसके पति के साथ चिता में जल जाने की शिक्षा देना, मानवीय गरिमा के महत्व को भुला देना है। एक निष्ठावान पत्नी का वास्तविक कर्त्तव्य तो यह है कि अपने पति के जीवन के कार्यों और लक्ष्यों को अपने व्यक्तित्व में आत्मसात कर ले। इस प्रकार वह जीवित रहते हुए ही, उस पति के प्रति निष्ठा और मानवीय गरिमा दोनों का निर्वाह करेगी और पति के प्रति उसका प्रेम व्यापक होकर ईश्वर के प्रति प्रेम में विलीन हो जाएगा।"[14]

- बाल विवाह व पर्दा प्रथा का विरोध– गांधी जी ने बाल विवाह को भी भारतीय समाज में व्याप्त एक गंभीर चुनौति की संज्ञा दी और इसके उन्मूलन पर बल दिया। उन्होंने कहा, "यदि मेरे पास सत्ता होती अथवा मेरी कलम में पर्याप्त शक्ति है तो मैं उसका उपयोग प्रत्येक बाल

विवाह को रोकने के लिए करता। अल्प आयु में अपने बच्चों का विवाह करने वाले माता–पिता वास्तव में उनके शत्रु हैं और वे उन्हें कमजोर और निर्भर बना देने के लिए उत्तरदायी हैं।[15]

गांधी जी केवल सती प्रथा अथवा बाल विवाह के ही विरोधी नहीं थे, वे उन समस्त कुरीतियों और रूढ़ियों के विरूद्ध थे, जो स्त्रियों के नैतिक और आध्यात्मिक विकास के मार्ग में बाधक हों। इसी कारण उन्होंने पर्दा प्रथा का भी घोर विरोध किया। उनका मानना था कि पर्दा प्रथा अनुचित व गरिमाहीन तो है ही वह वस्तुतः पुरुष की संकीर्ण वृत्ति और महिलाओं के प्रति उसकी दमनकारी प्रवृत्ति का प्रतीक है।

- नारी भोग्या नहीं, अधिष्ठात्री है– महात्मा गांधी ने नारी को पुरुष की भोग्या नहीं अपितु घर–परिवार की अधिष्ठात्री माना है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि स्त्री को चाहिए कि वह स्वयं पुरुष के भोग की वस्तु मानना बंद कर दे। इसका समाधान पुरुष की अपेक्षा स्वयं स्त्री के हाथों में ज्यादा है।

- सार्वजनिक जीवन में भाग लेने हेतु प्रेरणा– गांधी जी की कत्तई यह मंशा नहीं रही कि स्त्रियां केवल घर की चारदीवारी तक ही सीमित रह जाएं। उन्होंने महिलाओं के सामाजिक एवं सार्वजनिक जीवन में सक्रियता की आवश्यकता को गहराई से अनुभव किया। उन्होंने देश के वर्तमान तथा भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए हर क्षेत्र में स्त्रियों के योगदान को आवश्यक माना। इसलिए वे स्त्री जाति को सार्वजनिक कार्यों में भाग लेने के लिए न केवल प्रोत्साहित करते रहे, अपितु उसे सार्वजनिक कार्यों का सम्बल भी मानते रहे। हिन्दुस्तान का भविष्य तुम्हारी गोद में है, क्योंकि तुम ही तो अगली पीढ़ी को पालोगी। तुम भारत के बच्चों को शुरू से ही ऐसी शिक्षा दे सकती हो कि वे बड़े होकर ईश्वर से डरने वाले बहादुर स्त्री–पुरुष बनें।[16]

- राजनैतिक चेतना एवं भागीदारी– सार्वजनिक कार्यों में महिलाओं की उपयोगिता स्वीकार करने के साथ–साथ गांधीजी स्त्रियों को राजनीति में भी पुरुष के समान क्रियाशील देखना और बनाना चाहते हैं। गांधी जी का मानना था कि वर्तमान राजनीति में आई गिरावट को यदि समाप्त करना है तो स्त्रियों के राजनीति में प्रवेश करने की स्थिति को स्वीकार करना आवश्यक है। इस प्रकार गांधी जी स्त्रियों को राजनीति का अनिवार्य अंग मानते हैं। महिलाएं अपनी मृदुलता से कलुषित राजनीति को शुद्ध बना सकती हैं। महिलाओं के संदर्भ में गांधी जी द्वारा किए गए सभी प्रयासों में महत्त्वपूर्ण था उन्हें राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय रूप से सहभागी बनाना। सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान उन्होंने महिलाओं से दो मुद्दों पर सहायता की अपेक्षा की मद्य निषेध तथा विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार के संदर्भ में। गांधी जी का मानना था कि "सविनय अवज्ञा आंदोलन, असहयोग आंदोलन में नशाबंदी और विदेशी वस्त्रों के बहिष्कार कार्यक्रमों का नेतृत्व महिलाएं ही करें। इन कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं में नया आत्मविश्वास पैदा होगा और नई चेतना जागेगी।"[17] सविनय अवज्ञा आंदोलन में जितनी बड़ी संख्या में समाज के विविध वर्गों की स्त्रियों ने भाग लिया उससे ही इसका अनुमान लगाया जा सकता है। गांधी जी के आंदोलन में विशेषतः सविनय अवज्ञा आंदोलन में स्त्रियों का सक्रिय भाग लेना एक क्रांतिकारी सामाजिक परिवर्तन का द्योतक है।

- अस्पृश्यता निवारण में महिलाओं की भूमिका– अस्पृश्यता को गांधी जी हिन्दू समाज पर लगा एक कलंक मानते थे उन्होंने स्त्री समाज को इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

अगर स्त्रियां अब भी अछूतों को अपनाने में आनाकानी करेंगी तो हमको इनसे भी ज्यादा मुसीबतें उठानी पड़ेगी। गांधी जी ने अछूतोद्धार के लिए एक हरिजन कोष की स्थापना की। भारतीय महिलाओं ने इसके लिए आभूषण दिये और गांधी जी के बताए हुए मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली।

- विवाह संस्था में व्याप्त बुराइयों हेतु प्रयास– गांधी जी ने कई अवसरों पर विवाह संस्कार से सम्बद्ध बुराइयों पर तथा विवाह के आदर्श पर अपने विचार व्यक्ति किये। वे विवाह के समय होने वाले अनुष्ठानों के सरलीकरण के पक्ष में थे और उनका कहना था कि पूरे विवाह संस्कार पर न्यूनतम खर्च होना चाहिए। गांधी जी के अनुसार "पत्नी पति की दासी नहीं है अपितु उसकी सहचरी और सहायिका है तथा उसकी खुशियों और गमों में बराबर की हिस्सेदार है। वह अपना रास्ता चुनने के लिए उतनी ही स्वतंत्र है जितना कि पति।" ।[18] गांधी जी ने जबरन विवाह को सर्वथा अनुचित बताया है। माता–पिता द्वारा अपनी बेटियों का जबरन विवाह करना अनुचित है। गांधी जी ने विवाह को एक पवित्र सम्बन्ध माना।

- महिलाएं अंहिसा की उपयुक्त प्रतिनिधि– गांधी जी महिलाओं को अहिंसा की प्रतिनिधि के रूप में स्वीकार करते थे। अहिंसा में त्यागवृत्ति है, सहन शक्ति है, उदार मनोभावनाएं है और असीम धैर्य है ये समस्त गुण महिलाओं में ही उपलब्ध हैं। स्त्री अहिंसा की साक्षात् मूर्ति है। गांधी जी के अनुसार "प्रसव पीड़ा से बढ़कर कोई पीड़ा नहीं है, किंतु सृजन एवं भावी सन्तति के सुख में वह घोर पीड़ा को भी भुला देती है।"[19] स्वयं पीड़ा भोगना और दूसरों को कम से कम कष्ट पहुँचाना उसके स्वभाव में है। इसलिये अहिंसा उसके लिए अधिक सहज है।[20] मदर टेरेसा, कस्तूरबा गांधी, रानी अहिल्या बाई होल्कर, दुर्गा बाई देशमुख, सुचिता कृपलानी, अरूणा आसफ अली, कमला नेहरू, विजय लक्ष्मी पण्डित, एनीबेसेण्ट, सरोजनी नायडू, इंदिरा गांधी, कल्पना चावला, पी.वी.सिन्धु, गीता फौगाट, मल्लेश्वरी, निर्मला चानू व मलाला, लता मंगेशकर, पी.टी.ऊषा आदि ने अपनी प्रतिभा के दम पर विश्व को यकीन दिलाया कि महिलाएं अहिंसा की मूर्ति हैं और विश्व को शांति का संदेश अच्छी तरह से दे सकती है।

गांधी जी की स्पष्ट मान्यता थी कि स्त्रियों की स्वतंत्रता का नारा लगाने मात्र से स्त्रियों की दशा में कोई सुधार नहीं होगा वास्तव में इसके लिए उन्हें स्वयं अपने अधिकारों और दायित्वों के प्रति जागरूक होना होगा। अपने दायित्वों के पालन द्वारा, वे समाज में पुरूषों के समान अधिकार और स्वतंत्रताओं की मांग करने का नैतिक अधिकार स्वयं अर्जित कर लेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि, "कुरीतियों, अंधविश्वासों और संकीर्णताओं के बंधनों को तोड़कर यदि स्त्रियां स्वयं अपनी स्वतंत्रता के लिए कटिबद्ध हो जायें तो उन्हें परतंत्र रखना संभव ही नहीं रहेगा।" उन्होंने कहा, "शिक्षा बलिदान की भावना और स्वयं अपनी गरिमा में आस्था स्त्रियों की स्वतंत्रता के सुनिश्चित सूत्र है।"[21] उन्होंने स्त्रियों को परामर्श दिया कि वे अनुचित और गरिमाहीन प्रतिबंधों के विरूद्ध सविनय विरोध करें। गांधी जी ने स्पष्ट किया कि वे महिलाओं की स्वतंत्रता के नाम पर उनकी स्वच्छन्दता के समर्थक नहीं थे और यह आवश्यक मानते थे कि महिलाओं का आचरण मर्यादित और संयमित हो। उनका मत था कि स्त्रियों के आचरण की मर्यादायें पुरूषों द्वारा निर्धारित नहीं की जाए, अपितु उनकी स्वयं की अन्तः प्रेरणा और स्वैच्छिक संयम का परिणाम हो।[22] इस प्रकार हम देखते हैं कि स्त्रियों की उन्नति के लिए गांधी जी ने सराहनीय प्रयास किये, शिक्षा से वंचित रखी गई स्त्री को शिक्षा के प्रति न केवल अनुरक्त किया, अपितु उसे शिक्षित

कराने की व्यवस्थाओं को जुटाया। गांधी जी के प्रयासों की सफलता का अनुमान वर्तमान भारत को देखकर सहज ही लगाया जा सकता है। सार्वजनिक जीवन में अत्यधिक क्रियाशील स्त्री–समाज आज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है।

शिक्षा के क्षेत्र में भी वे अग्रणी सहयोग दे रही हैं। स्त्री समानता के आदर्श को व्यवहार में पाकर भारतीय समाज गांधी जी के प्रति ऋणी अनुभव करता है। गांधी जी द्वारा प्रदान की गयी यह नारी जागृति रूपी दुर्लभ देन हिन्दुस्तान के लिए आशीर्वाद है। भारतीय महिलाओं की इस राष्ट्रीय चेतना ने इस देश का मस्तक ऊँचा उठा दिया। स्त्रियों की दशा में परिवर्तन लाने का मार्ग प्रशस्त करने में गांधी जी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।

❐

सन्दर्भ –

1. *भंवरलाल शर्मा एवं डॉ. प्रेम भटनागर, गांधी और हम, अर्चना प्रकाशन जयपुर 1970 पृ. 105*
2. *वही पृ. 105*
3. *डॉ. वीरेन्द्र शर्मा, भारत के पुनर्निर्माण में गांधी जी का योगदान, श्री पब्लिशिंग हाऊस, नई दिल्ली पृ. 210*
4. *वही पृं. 211*
5. *भंवरलाल शर्मा एवं डॉ. प्रेम भटनागर, गांधी और हम, अर्चना प्रकाशन जयपुर पृ. 105*
6. *डॉ. वीरेन्द्र शर्मा, भारत के पुनर्निर्माण में गांधी जी का योगदान, श्री पब्लिशिंग हाऊस, नई दिल्ली पृ.सं. 211*
7. *वही पृ. 210*
8. *हिन्दू 23 मार्च, 1925*
9. *यंग इण्डिया, 1930 पृ. 121*
10. *हरिजन, 1947 पृ. 478*
11. *प्रार्थना सभा में भाषण, 5 मार्च 1947*
12. *अमृत बाजार पत्रिका, 2 जनवरी 1918*
13. *प्रेमा बेन कण्टक को लिखा पत्र, 23 जून 1932*
14. *प्रेमा बेन कण्टक को लिख पत्र, 12 अगस्त 1932*
15. *नवजीवन, 25 मार्च 1928*
16. *यंग इण्डिया, 1921*
17. *पं. रामदयाल तिवारी, गांधी मीमांसा, इण्डियन प्रेस, इलाहबाद, 1941 पृ. 189*
18. *महात्मा गांधी, महादेव देसाई द्वारा अनुदित, द स्टोरी ऑफ माई एक्सपेरीमेंटस विद ट्रूथ, नवजीवन, प्रेस, अहमदाबाद, 1959 पृ. 18*
19. *हरिजन, 1938 पृ. 112*
20. *वही पृ. 118*
21. *नवजीवन, 21 अप्रेल 1921*
22. *प्रार्थना सभा में भाषण 1 मार्च 1947*

पूर्वदेवा– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
वर्ष 30, अंक, 120 जनवरी–मार्च, 2025 पृ. 13–24

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

आधुनिक भारतीय शिक्षा प्रणाली : महात्मा जयोतिबा फुले और महात्मा गांधी के चिंतन की समीक्षा

सुरेश कुमार मिठारवाल
सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान,राजकीय कन्या महाविद्यालय, होद, सीकर
E-mail: <smitharwal443@gmail.com>
डॉ. कैलाश चन्द सामोता,
सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग,राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

सारांश

सर्वज्ञात है कि सिंधु घाटी सभ्यता एक विकसित और साक्षर सभ्यता रही है, जिसका भारत के गौरवशाली अतीत में अविस्मरणीय योगदान है। शिक्षा किसी भी समाज में मानव के सर्वागींण विकास का निर्णायक घटक होती है। एक शोषणविहीन, न्याययुक्त समाज के लिए शिक्षा की क्रांति अपरिहार्य है और भारत में इस क्रांति की ज्योत को खोजना, इस आलेख का मुख्य ध्येय है। किसी देश के नागरिकों के लिए शिक्षा प्रणाली कैसी हो? यह एक विचारणीय सवाल है। आज जब दूनिया की भौगोलिक दूरियों को तकनीकी विकास ने बेमानी कर दिया है, तो ऐसी स्थिति में सवाल उदित होता है कि क्या दूनियाभर में एक तरह की शिक्षा प्रणाली हो सकती है? अथवा देश में विद्यमान दशाओं के अनुरूप शिक्षा प्रणाली को अपनाया जाए? यदि भारत की शिक्षा प्रणाली के बारे में हम विचार करें तो, इस सन्दर्भ में हमारे सामने दो तरह के शैक्षणिक चिंतन उभर कर सामने आते है–फुले और गांधी का शिक्षा दर्शन। दोनों ही नायकों का शैक्षणिक चिंतन भारत की दो भिन्न–भिन्न चिंतन परम्पराओं का, सभ्यताओं का, संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करते है। इस अनुसंधान आलेख में आधुनिक भारतीय शिक्षा प्रणाली के संदर्भ में इन दोनों के शैक्षणिक चिंतन की समीक्षा की गई है।

मुख्य शब्द : शिक्षा, वर्ण, फुले, गांधी, अंग्रेजी, तालीम, शूद्र, अतिशूद्र, द्विज

सामान्य परिचय

भारत में शिक्षा का इतिहास बहुत प्राचीन रहा है। विश्वविख्यात इतिहासकार स्वपन कुमार बिश्वास ने अपनी पुस्तक 'बौद्ध धर्मः मोहन जोदड़ों नगरों का धर्म' के अंतर्गत अनेकानेक वैज्ञानिक व प्रामाणिक पुरातात्विक स्त्रोंतों के आधार पर प्रमाणित किया है कि सिंधु घाटी सभ्यता भौतिक रूप से विकसित, साक्षर और धार्मिक रूप से समृद्ध बौद्ध सभ्यता थी।[1]

सामान्यतया हम यह कह सकते है कि शिक्षा एक कौशल या दक्षता है जो कि किसी सामान्य मानव को एक दक्ष संसाधन के रूप में परिवर्तित करती है। शिक्षा यह शब्द शिक्ष धातु से निर्मित है, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है–अधिगम करना या सीखना। अतः शिक्षा मानव को अधिगम कराने वाला एक साधन है, यह एक प्रशिक्षण या कौशल है। हम केवल अक्षर ज्ञान को शिक्षा नहीं कह सकते है, क्योंकि साक्षरता और शिक्षा दोनों अलग है। शिक्षा मानव को एक सामान्य प्राणी से विकवेशील प्राणी बनने में सहायता करती है। शिक्षा एक अधिगम प्रक्रिया है, जो कि मानव को मानव होने का बोध कराती है। शिक्षा रूपी कौशल से ही सबके कल्याण के ध्येय को अर्जित किया जा सकता है। शिक्षा व्यक्ति की समझ विकसित करती है, दूनिया के बारे में ज्ञान कराती है, उसे तार्किक बनाती है, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती है और उसे सच व मिथ का ज्ञान कराती है। अंततः उसे मानवता का पाठ पढ़ाती है। वह मानव को समता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधुत्व, प्रेम, अहिंसा, मित्रता, त्याग, सत्य इत्यादि का बोध कराती है। यदि किसी प्रकार की शिक्षा ऐसे मानवीय मूल्यों को दरकिनार करती है, तो वह शिक्षा नहीं अपितु कुशिक्षा है। सच में यदि कोई शिक्षा सही अर्थ में प्राप्त करता है, तो वह उसे सही मायने में जीवन जीना सीखाती है। सामाजिक न्याय के पैरोकार बाबा साहेब अम्बेडकर ने नवंबर, 1956 को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में छात्रों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि ''शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पियेगा, वह दहाड़ेगा''[2]। इसीलिए बाबा साहब नें यह नारा दिया कि 'शिक्षित बनों, संगठित रहो और संघर्ष करों''[3]। इसके साथ ही यदि हम शिक्षित बन जाए तो अन्य लोगों को भी शिक्षित करें, संगठित करें और संघर्ष करना सिखाएं। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में होने वाला सकारात्मक बदलाव है। शिक्षा ने अम्बेडकर के जीवन को कैसे बदल दिया? इससे बेहतर शिक्षा के महत्व हम कैसे समझ सकते है, कि किस तरह से ब्राह्मण या वर्णधर्म की अन्याय व असमानता के अमानवीय सामाजिक नियमों पर सर्जित की गई, हिंदू सामाजिक व्यवस्था[4] में एक वर्णबाह्य अछूत बालक भारतीय संविधान का शिल्पकार, आधुनिक भारत का निर्माता, सामाजिक न्याय का संस्थापक, सामाजिक व आर्थिक लोकतंत्र का रचनाकार, बुद्धिवादी, अनुभववादी, नारीवादी, श्रमिकवादी, समतावादी और अंततः मानवतावादी बना। इसके साथ ही शिक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र महासंघ ने अपने सहस्त्राब्दी विकास के आठ लक्ष्यों में 'प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण'[5] को सम्मिलित किया है अर्थात् पूरी दूनिया में कम से कम प्राथमिक शिक्षा की सर्वव्यापकता तो होनी ही चाहिए।

भारत में भी शिक्षा की उपादेयता को ध्यान में रखते हुए ज्योतिबा फुले के 19वीं सदी के निःशुल्क व अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के चिंतन और गांधीयन चिंतन से प्रभावित होकर भारत सरकार ने शिक्षा को मौलिक अधिकार के रूप में अपनाया है। 86वें संविधान संशोधन अधिनियम 2002 के अंतर्गत शिक्षा को 11वें मौलिक कर्तव्य के रूप में शामिल किया गया था, जिसे निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम या आरटीई 2009, भाग–3, अनुच्छेद 21(क) के तहत मौलिक अधिकार के रूप में भारतीय संविधान में अंतःस्थापित कर दिया गया है। यह अधिनियम 01 अप्रैल, 2010 से लागू है। इसके तहत राज्य कानून बनाकर ऐसी व्यवस्था करेगा, कि 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा की समुचित व्यवस्था का प्रबन्ध हो अर्थात् औपचारिक स्कूल, जो कतिपय अनिवार्य मानदण्डों और मानकों को पूरा करता है, में संतोषजनक और

एकसमान गुणवत्ता वाली पूर्णकालिक प्रांरभिक शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का अधिकार हो। आरटीई अधिनियम के शीर्षक में 'निःशुल्क और अनिवार्य' शब्द सम्मिलित हैं। आरटीई अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संविधान का अनुच्छेद–21,क यथा प्रतिष्ठापित, बच्चे के इस मौलिक अधिकार को क्रियान्वित करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों पर कानूनी बाध्यता रखता है।[6] शिक्षा के महत्व का आभास, हमें भारत में सामाजिक व शैक्षणिक क्रांति के महानायक ज्योतिबा फुले के द्वारा अपने ग्रंथ 'शेतर्क यांचा आसूड[7]' ग्रंथ के उपोद्घाट में लिखित चिंतन की निम्न पंक्तियों से होता है–

''विद्या बिना मति गई। मति बिना नीति गई।।
नीति बिना गति गई। गति बिना वित गया।।
वित बिना शूद्र गए। इतने अनर्थ एक अविद्या ने किये।।[8]

अध्ययन की अनुसंधान प्रविधि

इस अनुसंधान आलेख में गांधी व फुले के शैक्षणिक दर्शन से संबंधित प्राथमिक व द्वितीय श्रेणी के आंकड़ों का अध्ययन, अनुप्रयोग व अन्वेषण किया गया है। अनुसंधान प्रविधि के रूप में ऐतिहासिक, वर्णनात्मक, तुलनात्मक, विश्लेषणात्मक और अनुभवमूलक पद्धतियों का प्रयोग किया गया है। तुलनात्मक पद्धति के माध्यम से दोनों महानायकों की शिक्षा प्रणाली का विश्लेषण कर, भारत के लिए कौनसी शिक्षा प्रणाली बेहतर है और क्यों व कैसे है? इसका भी अनुसंधान पद्धतियों के माध्यम से विवेचन किया गया है।

गांधी का शैक्षणिक चिंतन या शिक्षा दर्शन

महात्मा गांधी के चिंतन में शिक्षा को लेकर क्या विचार रहे है? वे कैसी शिक्षा की बात करते है? और उन्होंनें स्वयं ने कौनसी शिक्षा प्राप्त की और शिक्षा के माध्यम से उन्होंनें स्वयं को कैसे आगे बढ़ाया और अन्य लोगों के लिए, वे कैसी शिक्षा प्रणाली व पद्धति चाहते है? इन्हीं सवालों को केन्द्र में रखते हुए गांधी के शैक्षणिक चिंतन पर विचार किया गया है।

शिक्षा क्या है और क्यों आवश्यक है

गांधी के शिक्षा दर्शन में शिक्षा मानव के विकास का केन्द्र होती है। एक सभ्य समाज के लिए शिक्षा आवश्यक है। गांधी के शब्दों में ''शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान नहीं है, यदि वह ऐसा है तो फिर केवल एक औजार है, जिसका सदुपयोग भी हो सकता है और दुरूपयोग भी हो सकता है।''[9] गांधी कहते है कि एक किसान अच्छी तरह से अपनी रोजी–रोटी कमाता है, उसे शिक्षा देने से क्या फायदा है? गांधी के अनुसार ''शिक्षा से मेरा मतलब है कि बालक के शरीर मन व आत्मा की श्रेष्ठ क्षमताओं को विकसित किया जाए और उन्हें बाहर लाया जाए।''[10] शिक्षा एक कौशल है जो व्यक्ति को दक्ष बनाता है। गांधी के अनुसार शिक्षा व्यक्ति के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। गांधी ने अपने शिक्षारूपी दर्शन को अंतिम रूप से द्विज वर्ण दर्शन या वर्णधर्म से जोड़कर प्रस्तुत किया है। लेकिन इसे, इस तरह से प्रस्तुत किया गया है कि उसमें सम्मिलित होने वालों को, यह कभी एहसास ही नहीं होता कि उनकी शिक्षा प्रणाली उच्च वर्णों को निम्न वर्णों पर शासन करना सीखा रही है। गांधी के अनुसार शिक्षा के दो ध्येय है अर्थात् एक तात्कालिक और दूसरा दीर्घकालिक। तात्कालिक ध्येय में शिक्षा व्यक्ति को आजीविका के

लायक बनाती है, उसका चारित्रिक विकास करती है, उसके शरीर, मन व आत्मा का विकास करती है और सांस्कृतिक लक्ष्यों को पूर्ण करती है, जबकि दूरगामी लक्ष्य के रूप में शिक्षा व्यक्ति को आत्मबोध कराती है, ईश्वर से मिलाती है, सत्य के पास ले जाती है। गांधी के चिंतन में आत्मिक शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, जो धर्मग्रंथों के ज्ञान से मिलती है, ''आत्मा के विकास का अर्थ है, चरित्र का निर्माण करना, ईश्वर का ज्ञान प्राप्त करना।''[11] गांधी के अनुसार विद्या वह है, जो व्यक्ति को मुक्त करती है अर्थात् सा विद्या या विमुक्तये। गांधी कहते है कि सच्ची शिक्षा वह है जो व्यक्ति में आध्यात्मिक, बौद्धिक व भौतिक गुणों को विकसित करती है।[12] गांधी शिक्षा के माध्यम से सबसे पहले धार्मिक गुलाम बनाना चाहते है, ताकि वह कितने ही उच्च पद को प्राप्त कर ले, तो भी रहेगा तो धर्मदास ही। इसका प्रभाव आज भी, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान–इसरों के वैज्ञानिकों में भी दिखायी देता है।

शिक्षा कैसी हो व किस भाषा में व किसके लिए हो

गांधी की मान्यता थी कि शिक्षा गतिविधि केन्द्रित हो, जो शिक्षार्थियों को कौशल सीखाती हो और जिससे बच्चे कुशल स्वतंत्र और स्थानीय शिल्पकार के रूप में तैयार हो सकें। शिक्षा केवल मातृभाषा में ही होनी चाहिए। शिक्षा प्रणाली ऐसी होनी चाहिए, कि बच्चे अपने मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित कर सकें अर्थात् शिक्षा लोगों को केवल रोजगार ही उपलब्ध कराने वाली न हो अपितु उनके चरित्र का सर्जन करने वाली भी होनी चाहिए। टॉलस्टॉय आश्रम में मि. केलनबैक से बच्चे ऐसी ही दक्षता सीख रहे थे। मैंनें स्वयं चप्पल बनना सीखा और अन्य बालकों को भी सीखाया।[13] वे कौशल के माध्यम से और गतिविधि केन्द्रित शिक्षा के माध्यम से चाहते थे, कि नाई का बेटा बाल काटने में दक्ष बने, किसान का बेटा खेती–किसानी करने में दक्ष हो, चमार का बेटा चमड़े का काम करने में कुशल हो, मोची का बेटा पादुकाओं की मरम्मत में दक्ष हो, धोबी का बेटा कपड़े धोने में कुशल हो, कुम्हार का बेटा मिट्टी के बर्तन बनाने में प्रशिक्षित हो, बढ़ई को बेटा लकड़ी का काम करने में पारंगत हो, लौहार का बेटा लौहे का काम करने में दक्ष हो, सुनार का बेटा स्वर्ण के काम में दक्ष हो, पण्डित का बेटा शिक्षा में दक्ष हो, व्यापारी का बेटा व्यापार करने में दक्ष हो, क्षत्रिय का बेटा युद्ध कौशल में दक्ष हो अर्थात् गांधी जन्म आधारित व्यावसायिक शिक्षा या रोजगारपरक शिक्षा दर्शन के पैरोकार है। गांधी ने कहा कि शिक्षा को कोरा साहित्यिक पुट देना और शिक्षार्थियों को बाद में काम के अयोग्य बना देना गुनाह है।[14] ऐसी ही जन्मजात व्यवसाय आधारित प्राथमिक शिक्षा योजना को मुख्यमंत्री सी राजगोपालाचारी ने 1952 ई. में मद्रास में लागू करने का आदेश दिया परंतु पेरियार के विद्रोह के कारण उनकी गांधीवादी शिक्षा की प्रत्यक्ष योजना पूर्णतया असफल हो गई।

अंग्रेजी भाषा की पश्चिमी शिक्षा का विरोध

गांधी ने शिक्षा में भी दोहरे चरित्र का प्रतिनिधित्व किया है। एक तरफ गांधी बुनियादी शिक्षा सबके लिए और दूसरी तरफ आगे की अंग्रेजी शिक्षा केवल उच्च वर्ण के लिए चाहते थे। वे अच्छी तरह से जानते थे, कि अंग्रेजी भाषा में उच्च शिक्षा को प्राप्त करने वाले लोग ही देश की शासन व्यवस्था को संचालित करेंगें और इसीलिए वे शासन कैसे करें? आज राजस्थान प्रदेश में अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों का नामकरण महात्मा गांधी इंग्लिश मिड़ियम स्कूल किया गया

है। जबकि गांधी ऐसी शिक्षा केवल द्विज वर्ण के लिए चाहते थे। राजस्थान में 2024 में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गठित बीजेपी–ब्राह्मण–बनिया जनता पार्टी ने इन विद्यालयों का विरोध किया है और फिर से इन्हें हिन्दी माध्यम में बदलने की बात कही है। गांधी ने हिन्द स्वराज में लिखा है कि ''करोड़ों लोगों को अंग्रेजी पढ़ाना तो उन्हें गुलामी में फंसा देना है। मैकाले ने इस देश में जिस शिक्षा की नींव ड़ाली, वह सच पुछे तो हमारी गुलामी की नींव थी।''[15] गांधी ने 1921 में यंग इण्डिया में लिखा कि ''अंग्रेजी पार राष्ट्रीय व कूटनीति की भाषा है, इसमें बहुत से साहित्यिक खजाने है, जो हमें पश्चिमी विचारधारा व संस्कृति से रूबरू कराते है। इसलिए हम में से कुछ के लिए अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक है, जिससे कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व राजनीति का संचालन किया जा सकें और हमारा राष्ट्र पश्चिमी देशों के श्रेष्ठ साहित्य व वैज्ञानिक प्रगति से लाभान्वित हो सके। अंग्रेजी का बस इतना प्रयोग युक्तिसंगत है। बालक–बालिकाओं के मन में, यह विचार उत्पन्न होना कि अंग्रेजी के ज्ञान के बिना उच्च समाज में प्रवेश संभव नही है, भारत के पौरूष का अपमान है और विशेषतया यह नारीत्व का अपमान है। यह विचार कितना अपमानजनक है, इससे मुक्ति स्वराज का अंग है।''[16] गांधी का अंग्रेजी भाषा व पश्चिमी सभ्यता के प्रति व्यक्त किया गया विचार दुर्भावनापूर्ण, द्वैषतापूर्ण और दूरभिसंधि युक्त प्रतीत होता है। जैसे सबके सामने विपक्षी को भला–बुरा कहकर, बाद में अपना हित साध लेना या सार्वजनिक मंच पर समानता व मानवता की बात करना, लेकिन व्यवहार में भेदभाव और अमानवीय बर्ताव करना। गांधी की इसी दोहरी नीति के कारण अम्बेडकर ने गोलमेज सम्मेलन,1931 के दौरान गांधी के महात्मा होने पर ही संदेह व्यक्त किया था।

इस कौशल को केवल द्विज वर्ण के लिए आरक्षित रखने की वकालात कर रहे थे। उन्होंनें स्वयं ने ब्रिटेन से अंग्रेजी में बैरिस्टर की उच्च कानूनी शिक्षा[17] प्राप्त की और इसी शिक्षा के बल पर वे दादा अब्दुला कम्पनी के केस के सिलसिले में अफ्रीका गए और वहाँ से महात्मा बनकर भारत लौटे। सर्वज्ञात तथ्य है कि उस दौर के नायकों–गांधी, नेहरू, जिन्ना, अम्बेडकर इत्यादि ने विदेश में तालीम प्राप्त करके ही भारत का नेतृत्व अपने हाथों में लिया था। अन्यथा लाखों–करोड़ों की संख्या में भारत की आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले किसानों, दलितों, आदिवासियों, क्रांतिकारियों को गुमनाम कर दिया गया है। गांधी ने शिक्षा में भी दोहरे चरित्र का प्रतिनिधित्व करते हुए अंग्रेजी भाषा वाली पश्चिमी शिक्षा का प्रतिरोध किया है। वे लॉर्ड मैकाले की अंग्रेजी शिक्षा पद्धति के आलोचक थे। उनके अनुसार ''विदेशी शिक्षा ने भारतीय समाज को समृद्ध नहीं किया है अपितु इसे अपंग व असमर्थ बनाया है। हम अपनी संस्कृति को ही भूल गए है। पश्चिमी सभ्यता ने केवल भारतीय संस्कृति को ही नष्ट नहीं किया है अपितु भारतीयों के मस्तिष्क पर इससे भी गहरी चोट की है।''[18] गांधी के इस विचार से साफ–साफ मालूम होता है कि वे वस्तुत आधुनिक भारत में नवीन आवरण वाली बदली हुई वर्णधर्म शिक्षा–संस्कृति का समर्थन कर रहे थे। गांधी बताते है कि अंग्रेजी भाषा ने अपने स्वार्थ के अनुसार भारतीय इतिहास की विकृत व्याख्या की है। उन्हीं के शब्दों में ''अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त किया हुआ भारत अपने धर्म से विमुख हो जाएगा, मैकाले का यह सपना सच हुआ या नहीं, मैं यह नहीं जानता। लेकिन उनका एक ओर सपना था– अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त भारत से अंग्रेजी अधिकारियों के लिए बाबू तैयार करना, उसका यह सपना उसकी धारणा से भी ज्यादा सच निकला।''[19] गाांधी का मानना था कि पश्चिमी शिक्षा, ज्ञानी व अज्ञानी, अमीर व गरीब, वर्ग और समूह, के बीच भेदभाव व असमानता सर्जित करती है।

गांधी की नई तालीम या बुनियादी शिक्षा योजना

गांधी की मान्यता थी कि परिवार, विवाह, धर्म, कानून और राजनीति की तरह शिक्षा भी समाज की महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है जो सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गांधी अपनी आत्मकथा में लिखते है कि ''शिक्षा के रूप में, मैनें चरित्र के विकास को हमेशा प्रथम स्थान दिया है।''[20] महात्मा गांधी द्वारा प्रस्तावित शिक्षा प्रणाली को आधारभूत शिक्षा या बुनियादी शिक्षा या नई तालीम के नाम से भी जाना जाता है। गांधी ने वर्ष 1937 में वर्धा में आयोजित 'अखिल भारतीय शिक्षा सम्मेलन' में अपनी शिक्षा योजना को प्रस्तुत किया कहा जाता है। इसके बाद डॉ. जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में 'जाकिर हुसैन समिति' का गठन हुआ जिसने गांधी के बुनियादी शिक्षा दर्शन पर एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया और इसे 1938 के हरिपुरा अधिवेशन में अनुमोदित किया गया। इसे ही गांधी की नई तालीम के नाम से पहचाना गया, जिसे वर्धा शिक्षा योजना भी कहा जाता है। गांधी ने वर्धा में सेवाग्राम विद्यालय को इसी योजना के अनुसार संचालित किया। शिक्षा पर गांधीवादी दर्शन को भारतन कुमारप्पा ने दो पुस्तकों– बेसिक एजुकेशन (1951) और टूवर्ड्स न्यू एजुकेशन (1953) में संकलित और संपादित किया है। गांधी की नई तालीम का समग्र रूप निम्न प्रकार से है–

बुनियादी शिक्षा का आशय

गांधीजी की बुनियादी शिक्षा युवा शिक्षार्थियों को नैतिक रूप से मजबूत, व्यक्तिगत रूप से स्वतंत्र, सामाजिक रूप से रचनात्मक, आर्थिक रूप से उत्पादक और जिम्मेदार, भावी नागरिक बनने के लिए तैयार करने का चुनौतीपूर्ण कार्य करती है। गांधीजी का मानना था कि शिक्षा को बच्चे की सभी क्षमताओं का विकास करना चाहिए, ताकि वह एक पूर्ण मानव बन सके। इस तरह, पूर्ण और सामंजस्यपूर्ण रूप से विकसित व्यक्तित्व जीवन के अंतिम लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम होता है जो सत्य या ईश्वर है।

बुनियादी शिक्षा के आधारभूत नियम

1. नई तालीम के पाठ्यक्रम की अवधि 7 वर्ष होगी।
2. प्रत्येक बच्चे के लिए 7 से 14 वर्ष तक निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान।
3. शिक्षा का माध्यम मात भाषा होगी।
4. जीवन में आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए शिक्षा शिल्प या दक्षता पर आधारित अर्थात् साक्षरता कोई शिक्षा नहीं होती है अपितु जीवन में कुछ करने के लायक बनाने वाली प्रणाली शिक्षा है।
5. शिक्षा वह है, जो बच्चों में मानवीय मूल्यों का सर्जन करती है।
6. शिक्षा से उपयोगी, जिम्मेदार और गतिशील नागरिक तैयार होने चाहिए। शिक्षा के द्वारा बच्चे की सभी छिपी हुई शक्तियों का विकास, उस समुदाय के अनुसार होना चाहिए, जिसका वह अभिन्न अंग है।
7. शिक्षा से बच्चे के शरीर, मन और आत्मा का सामंजस्यपूर्ण विकास होना चाहिए।

8. शिक्षा किसी उत्पादक शिल्प या उद्योग के माध्यम से दी जानी चाहिए और उस उद्योग के साथ एक उपयोगी सह–संबंध स्थापित किया जाना चाहिए। उद्योग ऐसा होना चाहिए कि बच्चा व्यावहारिक कार्य के माध्यम से लाभदायक कार्य अनुभव प्राप्त करने में सक्षम हो।

बुनियादी शिक्षा के ध्येय

इस प्रकार, शिक्षा का उद्देश्य बालक के एकीकृत व्यक्तित्व का विकास करना होना चाहिए। गांधीजी के अनुसार शिक्षा का एक मूल सिद्धांत यह है कि कार्य और ज्ञान को कभी अलग नहीं किया जाना चाहिए। श्रम से सीखने को अलग करने से सामाजिक अन्याय होता है। यह युवाओं में निराशा, अवसाद, चिंता और आत्महत्या करने की भावना, जैसी समस्याओं को हल करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। गांधीजी के अनुसार शिक्षा के माध्यम से एक बच्चे को किसी उद्यम या व्यवसाय को अपनाकर अपने जीवन की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक उत्पादक शिल्प सीखने में सक्षम होना चाहिए। इसलिए, उन्होंने शिक्षा के मुख्य उद्देश्य के रूप में आत्मनिर्भरता और आजीविका कमाने की क्षमता के लिए शिक्षा की वकालत की। उनकी इच्छा थी कि प्रत्येक बच्चा सीखने में व्यस्त रहते हुए कमाए और कमाने में व्यस्त रहते हुए कुछ सीखे। व्यावसायिक शिक्षा के साथ–साथ सांस्कृतिक उन्नति भी हासिल की जानी चाहिए। विकास के दोनों पहलू साथ–साथ चलने चाहिए।

बुनियादी शिक्षा की पाठ्यचर्या

गांधीजी की 'बुनियादी शिक्षा' रोजगार केन्द्रित, मूल्य आधारित तथा जनोन्मुखी विषय सामग्री से जुड़ी हुई थी। उनकी शिक्षा योजना में ज्ञान का संबंध क्रियाकलाप तथा व्यावहारिक अनुभवों से था। इसलिए उनका पाठ्यक्रम क्रियाकलाप केन्द्रित है। इसका उद्देश्य बालक को व्यावहारिक कार्य, प्रयोग तथा शोध के लिए तैयार करना है, ताकि वह शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक रूप से स्वयं का विकास कर सके तथा समाज का उपयोगी सदस्य बन सके। इस पाठ्यक्रम में गांधीजी ने मातृभाषा, बुनियादी शिल्प, चित्रकला, अंकगणित, समाजशास्त्र, सामान्य विज्ञान, कला, संगीत इत्यादि विषयों को शामिल किया है। इसके साथ ही कक्षा 1 से 5 तक बालक तथा बालिकाओं के लिए समान पाठ्यक्रम और उसके बाद बालकों को कुछ शिल्प तथा बालिकाओं को गृहविज्ञान पढ़ाया जाना चाहिए। गांधी ने धार्मिक शिक्षा[21] पर भी बल दिया है।

ज्योतिबा फुले का शैक्षणिक चिंतन

महात्मा ज्योतिबा फुले जिन्हें भारत में सामाजिक–धार्मिक व शैक्षणिक क्रांति का पुरोंधा कहा जाता है। फुले ने अपनी रचना 'तृतीय रत्न' नाटक में शिक्षा को मानव के तीसरे नेत्र की संज्ञा दी है।[22] उनके शिक्षा के बारे में क्या विचार है? शिक्षा कैसी हो? प्रणाली कैसी हो? शिक्षा किनके लिए जरूरी है? किस भाषा में आवश्यक है, और फुले ने स्वयं ने शिक्षा कैसे व कौनसी भाषा में प्राप्त की और अपने निजी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था कैसी रखी? और ब्रिटिश भारत में उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में क्यों सम्मानित किया गया? इन्हीं सवालों के केन्द्र में फुले के शिक्षा दर्शन का अध्ययन किया गया है।

शिक्षा क्या है और क्यों आवश्यक है

महात्मा फुले ने स्वयं ने शिक्षा प्राप्ति के लिए जो संघर्ष किया, उसी संघर्ष ने उन्हें भारत में शैक्षणिक क्रांति का महानायक बनने की प्रेरणा प्रदान की है। वे लिखते है कि किस तरह से जब उन्हें मिशनरी से अलग कर दिया गया और उनकों द्विजजन[23] अर्थात् ब्राह्मण, क्षत्रीय और वैश्य द्वारा उसका विद्यालय छुड़वा दिया गया और अंततः फुले ने थॉमस पेन की रचना 'राईट ऑफ मेन,1793[24]' का अध्ययन करने के बाद शिक्षा के महत्व को समझा और जीवन में शिक्षा के महत्व को अनुभव करते हुए, सर्वप्रथम अपनी पत्नी को साक्षर किया, उसे भारत की प्रथम महिला शिक्षिका होने का गौरव दिलाया और सावित्री बाई फुले, फातिमा शेख व उस्मान शेख के साथ मिलकर शूद्र–अतिशूद्र बालिकाओं व बालकों के लिए औपचारिक शिक्षा, महिलाओं–पुरूषों के लिए प्रौढ़ शिक्षा, हेतु रात्रिकाल में संचालित अनौपचारिक शैक्षणिक अभियान चलाया। फुले दम्पती ने ही पहली बार शिक्षा के महत्व को समझाने के लिए 'पैरेण्टस–टीचर मीट' के आयोजन की पहल आरंभ की थी। आज भारत में इसका व्यापक प्रचार–प्रसार है। भारत में सामाजिक क्रांति की धरती महाराष्ट्र में फुले दम्पती के द्वारा 100 से अधिक शिक्षण संस्थाओं[25] की स्थापना की गई और बहुजनों के लिए शिक्षा की अलख जगाई गई।[26] इतना ही नहीं अपितु शिक्षा का प्रसार कर, उस समय हिन्दू धर्म में विद्यमान अनेकानेक धार्मिक व सामाजिक बुराईयों जैसे कि विधवा पुनर्विवाह का समर्थन, विधवाओं का पालन–पोषण, विधवाओं के बच्चों के वध का निषेध, छुआछूत का विरोध, विधवा मुण्डन पृथा प्रतिरोध, सत्य शोधक समाज[27] द्वारा विवाह के कर्मकाण्ड़ों से मुक्ति, अंतर्जातीय विवाह का समर्थन इत्यादि के लिए साहसपूर्ण कार्य किया। फुले ने अपनी पुस्तक 'गुलामगिरी'1873 में संवाद शैली के माध्यम से हिंदूईज्म में शूद्रों को किस तरह से गुलाम बनाया गया है, उन तरीकों व साधनों का विस्तार से उल्लेख किया है।[28] 2 मार्च, 1888 को पूणे में डयूक ऑफ केनेट के सामुहिक भोज के अवसर पर बताया कि भारत का बहुजन समुदाय अधिकांशतया ग्रामीण होने की वजह से आदिम व अज्ञानी है। शिक्षा ही उनके उद्धार व कल्याण का एकमात्र माध्यम है। इस वर्ग को शिक्षित किये बिना भारत राष्ट्र जीवित नहीं रह सकता है। राष्ट्रवाद उस देश में जन्म नहीं ले सकता है, जिसमें आबादी का एक बड़ा तबका सामाजिक व आर्थिक गुलामी से उत्पीड़ित हो। इसलिए सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए।[29] फुले के चिंतन में शिक्षा गुलामी के बोध और उससे मुक्ति का सबसे बड़ा माध्यम है। शिक्षा वह है, जो समता, स्वतंत्रता, न्याय, प्रेम, अहिंसा, मित्रता, बंधुत्व, मानवीयता को विकसित करती है। यह मानव और मानव के बीच का भेद मिटाती है। मानव द्वारा मानव के शोषण का अंत करती है। यह मानव को धार्मिक, सामाजिक–सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक आज़ादी का मार्ग सीखाती है। शिक्षा इसलिए आवश्यक है, क्योंकि यह मानव को गुलामी से मुक्ति दिलाती है।

शिक्षा कैसी हो व किस भाषा में हो

शिक्षा मातृभाषा के साथ ही अंग्रेजी भाषा में भी होनी चाहिए और यह विज्ञान, साहित्य, कला, कौशल, मानवीय मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए। शिक्षा ऐसी हो जो बच्चों में सहिष्णुता, समरसता, समता, स्वतंत्रता, न्याय, प्रेम व अहिंसा का भाव सर्जित करती हो। गांधी ने जहाँ अंग्रेजी भाषा का विरोध किया है और उसे बुरा बताया है, वही फुले ने उसका पूर्ण समर्थन किया

है और उसे मानवता के उत्थान एवं विकास में सहयोगी बताया है। फुले ने बताया है कि इस अंग्रेजी भाषा के सहारे ही द्विजजनों ने अंग्रेजों के शासन में किस तरह से किसानों का अमानवीय शोषण किया है। कुलकर्णी से लेकर जिलाद्यीश तक और पुलिस स्टेशन से लेकर न्यायालय तक भट्टजी–सेठजी समूह ने शूद्रों–अतिशूद्रों पर अंग्रेजी के ज्ञान के सहारे अनगनित जूल्म ढ़ायें है। फुले ने अंग्रेजी को विशेष महत्व दिया है। वे कहते है कि वर्णधर्म के पैरोकारों ने भाषा के माध्यम से शूद्र–अतिशूद्रों का सदियों से शोषण किया है अर्थात् संस्कृत भाषा के माध्यम से धार्मिक, सामाजिक–सांस्कृतिक शोषण, मनुस्मृति[30] की रचना से लेकर आज, रामायण पाठ अथवा भागवद्कथा तक और गणेश पुराण से लेकर गरूड़ पुराण तक, शोषण का यह सिलसिला जन्म से पूर्व और मृत्यु के बाद तक अविरल जारी है और यदि अभी भी निम्न वर्ण के लोग राज करने की भाषा से दूर रहे, तो उनका शोषण आगे भी इसी तरह से जारी रहेगा। जैसा कि बौद्ध साहित्य में लिखा है कि ''कोई बुराई स्वयं के द्वारा ही की जा सकती है, कोई स्वयं के द्वारा ही शुद्ध होता है, कोई स्वयं ही बुराई से बच सकता है, कोई अपने ही द्वारा शुद्ध हो सकता है। पवित्रता या शुद्धता स्वयं व्यक्ति पर ही निर्भर करती है।''[31] जन्म, मृत्यु, पुनर्जन्म, मोक्ष, शुद्धिकरण, अवतारवाद इत्यादि धारणाएँ एक मानव द्वारा दूसरे मानव के शोषण की सांस्कृतिक शैलियाँ या तौर–तरीकों के अलावा कुछ भी तो नहीं है।

शिक्षा की सर्वव्यापकता के लिए संघर्ष

महात्मा फुले ने भारत की धार्मिक, सामाजिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और तार्किक विश्लेषण करते हुए बताया है कि किस तरह से इतिहास में शूद्र–अतिशूद्रजनों को शिक्षा से एक शोषणकारी व अन्यायपूर्ण वर्णधर्मनीति के तहत, सदियों तक वंचित रखा गया है। पेरियार के शब्दों में 'महिलाओं को शिक्षा से इसलिए वंचित रखा गया, ताकि वे पितृसता की गुलामी से मुक्ति प्राप्त न कर सकें।[32] वे इसी परम्परा को आगे भी बरकरार रखना चाहते है। अतः फुले दम्पती ने स्वयं ने 19वीं सदी में पहली बार वंचितों के लिए अपने स्तर पर अंग्रेजों के सहयोग से शिक्षा के प्रचार–प्रसार का बेड़ा उठाया। उनका विचार था, कि शिक्षा सबके लिए अनिवार्य है। यही कारण है कि गांधी से लगभग 100 साल पहले, फुले ने निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा के सार्वभौमिक स्वरूप की धारणा का प्रतिपादन किया था, लेकिन द्विजजनों के कुत्सित प्रयासों और सरकारी संसाधनों के दुरूपयोग के माध्यम से गांधी के चिंतन का तो अतिश्योक्तिपूर्ण प्रचार–प्रसार किया गया और फुले के चिंतन को आमजन तक पहुँचने से रोकने के लिए, हाशिए पर धकेला गया है। जैसा महात्मा फुले ने अपनी रचना 'ब्राह्मणों की चालाकी' में लिखा है कि यह उच्च वर्ण की सदियों से चली आ रही धूर्ततापूर्ण फितरत है कि वे शूद्र–अतिशूद्रजन के उत्थान को सहन नहीं कर सकते है। इसके लिए वे तरह–तरह के स्वांग रचते है। इसी के समानांतर बाबा साहेब अम्बेडकर के शब्दों में ''विद्वता का पूरा ठेका सिर्फ ब्राह्मणों को मिला हुआ है, और वे दूसरों की विद्वता, जो ब्राह्मण साहित्य की पोल खोलने का कार्य करती है, उसे वे अजीबों–गरीब ढ़ंग से खारिज कर देते है। मैं इन नीच हरकतों का शिकार हो चुका हूँ।''[33]

इतना ही नहीं अपितु भट्टजी–सेठजी[34] कोम्बों ने फुले दम्पती के शिक्षा प्रचार का हरसंभव तरीके से प्रतिरोध किया। सावित्री बाई फुले जब विद्यालय में महार–मांग जाति की बालिकाओं को पढ़ाने जाती थी, तो द्विज महिलाओं के द्वारा उन पर गोबर फैंका जाता था और

निरक्षर लोगों को इसाई धर्म के प्रचार के नाम पर बहला–फुसलाकर फुले दम्पती के खिलाफ खडा किया जाता था। विद्यालय के आरंभिक दिनों में कुछ ब्राह्मण शिक्षकों ने सहयोग किया परंतु बाद में पूर्ण असहयोग की नीति का पालन किया। यही कारण है कि फुले ने इन लोगों को 'कलम कसाईयों' की संज्ञा देकर पुकारा है। फुले ने अपनी पुस्तक 'किसान का कोड़ा' में इन कलम कसाईयों की तत्कालीन दौर की सभी करतूतों का विस्तार से उल्लेख किया है। अतः फुले ने शिक्षा के सार्वभौमिकरण के सिद्धांत पर बल दिया है।

गांधी व फुले की शिक्षा प्रणाली का तुलनात्मक विश्लेषण

गांधी व फुले के उक्त शैक्षणिक विचारों के तुलनात्मक विश्लेषण के आधार पर यह कहा जा सकता है कि–

1. फुले व गांधी, दोनों ने ही निःशुल्क व अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के चिंतन का समर्थन किया है।
2. दोनों ही नायकों ने शिक्षा के माध्यम से मानवीय मूल्यों के सर्जन पर बल दिया है।
3. दोनों के द्वारा कौशल अथवा दक्षता आधारित रोजगारोन्मुखी शिक्षा पाठ्यचर्या का समर्थन किया गया है।
4. दोनों के चिंतन में शिक्षा का विशेष महत्व है, जो कि मानव को जीवन जीने के योग्य बनाती है।
5. दोनों ही नायकों ने मातृभाषा का समर्थन किया है।

उपर्युक्त समताओं के बावजूद भी दोनों के चिंतन में अनेक भिन्नताएं भी है, जो निम्न है–

1. फुले ने अंग्रेजी भाषा के साथ त्रिभाषा सूत्र का समर्थन किया है जबकि गांधी ने इसका प्रतिरोध किया है।
2. फुले ने 'शिक्षा सबके लिए' के दृष्टिकोण पर बल दिया है जबकि गांधी ने 'बुनियादी शिक्षा सबके लिए' और 'अंग्रेजी शिक्षा कुछ लोगों के लिए' के चिंतन का समर्थन किया है।
3. गांधी ने धार्मिक शिक्षा को विशिष्ट महत्व दिया है परंतु फुले ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने वाली शिक्षा का समर्थन परंतु धार्मिक अंधविश्वास व कर्मकाण्ड व कुरूतियों की आत्मिक शिक्षा का प्रतिरोध किया है।
4. गांधी ने वर्णधर्म आधारित द्विज शिक्षा प्रणाली के सिद्धांत को अपनाया है जबकि फुले ने सर्वजन शिक्षा प्रणाली के सिद्धांत को अपने शैक्षणिक दर्शन का केन्द्र बनाया है।
5. फुले ने शिक्षा में नारीवाद के सिद्धांत का समर्थन करते हुए बालक–बालिकाओं के लिए एक समान शिक्षा पाठ्यचर्या और बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बतायी है, लेकिन गांधी ने कक्षा 1 से 5वीं तक दोनों के लिए समान शिक्षा परन्तु उसके बाद बालिकाओं के लिए गृह विज्ञान की शिक्षा देने पर बल दिया है। इस तरह से गांधी ने पितृशाही शिक्षा सिद्धात का समर्थन किया है।

6. गांधी ने शिक्षा के क्षेत्र में असहिष्णुता का जबकि फुले ने सहिष्णुता के दृष्टिकोण का समर्थन किया है।

7. फुले ने महिला शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है लेकिन गांधी पितृसता शैक्षणिक दर्शन के समर्थक है।

8. फुले ने कृषि एवं उद्योग संबंधी ग्रेड स्तर की शिक्षा का समर्थन किया है, जिससे किसानों की समस्याओं के निदान में शिक्षा का उपयोग हो सके।

निष्कर्ष

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर तुलनात्मक पद्धति के अनुप्रयोग एवं विश्लेषण के बाद निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि भारत की ऐतिहासिक, सामाजिक, धार्मिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि और भविष्य को ध्यान में रखते हुए गांधी की तुलना में फुले का शिक्षा दर्शन अधिक वैज्ञानिक, समतावादी, मानवतावादी, दक्षतावादी है। अतः इसी दर्शन के सहारे भारत अपने बौद्धकालीन ऐतिहासिक गौरव को पुनः प्राप्त कर सकता है। जैसा कि बाबा साहेब ने अपनी रचनाओं में साफ़ तौर पर लिखा है कि उनके चिंतन के तीन शिक्षक 'तथागत बुद्ध, संत कबीर और ज्योतिबा फुले' है। अंततः फुले के चिंतन की शिक्षा पद्धति को और उनके शिक्षा दर्शन को, जब तक भारत की आधुनिक शिक्षा प्रणाली का आधार नहीं बनाया जाएगा, तब तक आम भारतीयों के जीवन में कोई विशेष बदलाव आने की संभावना नहीं है। नवीन राष्ट्रीय नीति, 2020 की तरह, वह केवल मिथ्या परिवर्तन का कागजी शेर बनकर रह जायेगा। 2020 से 2024 तक इस नवीन शिक्षा की दुर्दशा किसी से छिपी हुई नहीं है। हम इसके साक्षात मूकदर्शक है। पूरे देशभर में मातृभाषा के साथ ही अंग्रेजी भाषा में एक समान वैज्ञानिक दृष्टिकोणयुक्त, दक्षतायुक्त, मानवीय मूल्यों से निर्देषित पाठ्यचर्या को शामिल किया जाना चाहिए।

❐

सन्दर्भ –

1. *सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, (2022), इतिहास का मुआयना, नई दिल्लीः सम्यक प्रकाशन, पृ. 33*
2. *https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/varanasi/bhimrao-ambedkar-came-to-banaras-in-1956-told-the-students-education-is-the-milk-of-a-lioness-whoever-dri-2023-04-14?pageId=1 देखा, दिनांक–01 सितंबर, 2024*
3. *https://velivada.com/quotations-of-dr-b-r-ambedkar/ देखा, दिनांक–01 सितंबर, 2024*
4. *द्विवेदी, पण्डित गिरिजाप्रसाद, (अनु. 1917), मनुस्मृति, लखनउः एम एल भार्गव नवल किशोर प्रेस, पृ. 07*
5. *https://www.un.org/millenniumgoals/2015_MDG_Report/pdf/MDG%202015% 20rev% 20 (July%201). pdf देखा, दिनांक– 10 अगस्त, 2024*
6. *https://dsel.education.gov.in/rte देखा, दिनांक– 10 अगस्त, 2024*
7. *सामोता, के सी (2024), भारतीय राजनीतिक चिंतन, जयपुरः आर बी एस ए पब्लिशर्स, पृ.146*
8. *फुले, महात्मा जोतिराव (2022), गुलामी, (अनु. वेदालंकार), महाराष्ट्रः महात्मा फुले चरित्र साधने प्रकाशन समिति 1994, प्रस्तावना से उद्धृत, पृ.10*
9. *गांधी, महात्मा, हिन्द स्वराज्य, अनु. श्रीकालिकाप्रसाद, नई दिल्लीः सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन, पृ. 83*
10. *हरिजन, 31 जुलाई, 1937*
11. *गांधी, मोहनदास करमचंद, (2022), सत्य के प्रयोग, नई दिल्लीः लेक्सिकन बुक्स, पृ. 287*
12. *हरिजन, 11 सितंबर, 1937*

13. गांधी, मोहनदास करमचंद, (2022), सत्य के प्रयोग, नई दिल्लीः लेक्सिकन बुक्स, पृ. 284–285
14. यंग इण्डिया, 1 सितंबर, 1921
15. गांधी, महात्मा, हिन्द स्वराज्य, अनु. श्रीकालिकाप्रसाद, नई दिल्लीः सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन, पृ. 86
16. गुप्त वि प्र और गुप्त मो (1996), महात्मा गांधीः व्यक्ति और विचार, नई दिल्लीः राधा पब्लिकेशन, पृ. 192–193
17. गांधी, मोहनदास करमचंद, (2022), सत्य के प्रयोग, नई दिल्लीः लेक्सिकन बुक्स, पृ. 77–79
18. श्रीमाली, के एल (1984), दि वर्धा स्कीम, उदयपुरः विद्या भवन सोसायटी, पृ. 13
19. यंग इण्डिया, 28 मार्च, 1928
20. गांधी, मोहनदास करमचंद, (2022), सत्य के प्रयोग, नई दिल्लीः लेक्सिकन बुक्स, पृ. 284
21. हिंदी नवजीवन, 25 अगस्त, 1921
22. सामोता, के सी (2024), भारतीय राजनीतिक चिंतन, जयपुरः आर बी एस ए पब्लिशर्स, पृ. 148
23. कांचा अल्लैया शैफर्ड एण्ड कार्तिक राजा कारूपु स्वामी (सं.2021), शूद्राज विजन फॉर ए न्यू पाथ, पैंग्विन रैण्डम हाउस इण्डिया प्रा. लिमिटेड, पृ. 36
24. सामोता, के सी (2024), भारतीय राजनीतिक चिंतन, जयपुरः आर बी एस ए पब्लिशर्स, पृ. 130
25. कीर, धनंजय (2013), महात्मा ज्योतिराव फूले भारतीय सामाजिक क्रांति के पिता, बम्बईः लोकप्रिय प्रकाशन।
26. सामोता, के सी (2024), भारतीय राजनीतिक चिंतन, जयपुरः आर बी एस ए पब्लिशर्स, पृ. 147
27. कांचा अल्लैया शैफर्ड एण्ड कार्तिक राजा कारूपु स्वामी (सं.2021), शूद्राज विजन फॉर ए न्यू पाथ, पैंग्विन रैण्डम हाउस इण्डिया प्रा. लिमिटेड, पृ. 27
28. वही, पृ. 27
29. तिलक, रजनी (2017), सावित्री बाई फुले रचना समग्र, दिल्ली,:मार्जिन लाइव पब्लिकेशन।
30. कांचा अल्लैया शैफर्ड एण्ड कार्तिक राजा कारूपु स्वामी (सं.2021), शूद्राज विजन फॉर ए न्यू पाथ, पैंग्विन रैण्डम हाउस इण्डिया प्रा. लिमिटेड, पृ. 18
31. समोता, के सी (2024), भारतीय राजनीतिक चिंतन, जयपुरः आर बी एस ए पब्लिशर्स, पृ. 09
32. गीथा, वी, (2023), ई वी रामासामी पेरियार, नई दिल्लीः फारवर्ड प्रेस, पृ. 113
33. बाबा साहेब (2020), डॉ. अम्बेडकर सम्पूर्ण वाड्मय, खण्ड–14, अछूत कौन थे और वे अछूत कैसे बने, नई दिल्लीः डॉ. अम्बेडकर प्रतिष्ठान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, पृ. 02
34. कांचा अल्लैया शैफर्ड एण्ड कार्तिक राजा कारूपु स्वामी (सं.2021), शूद्राज विजन फॉर ए न्यू पाथ, पैंग्विन रैण्डम हाउस इण्डिया प्रा. लिमिटेड।

पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका
वर्ष 30, अंक, 120 जनवरी–मार्च, 2025 पृ. 25–35

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने का माध्यम महिला स्व–सहायता समूह : एक अध्ययन

डॉ. जी.डी.एस. बग्गा
सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य विभाग)
चन्दूलाल चन्द्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा, जिला–दुर्ग (छ.ग.)

अनामिका साहू
शोधार्थी, वाणिज्य विभाग,
चन्दूलाल चन्द्राकर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, धमधा, जिला–दुर्ग (छ.ग.)
E-mail: anamika.sahu2306@gmail.com

सारांश

महिला स्व–सहायता समूह एक ऐसा समूह है, जहाँ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे है। इस शोध पत्र में छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगाँव जिले के डोंगरगाँव विकासखण्ड के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में महिला स्व–सहायता समूह का एक अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्व–सहायता समूह के माध्यम से सशक्त बनाना एवं उनके आर्थिक विकास में वृद्धि करना है। यह शोध पत्र प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों पर आधारित है। इस अध्ययन हेतु यादृच्छिक दैव निदर्शन पद्धति से 100 उत्तरदाताओं का चयन किया गया है। स्व–सहायता समूह द्वारा ग्रामीण महिलाओं को छोटी–छोटी बचत कर कोष का निर्माण करने एवं अपनी जरूरतों को पूरी करने हेतु न्यूनतम ब्याज दर पर लेन–देन कर सहयोग प्रदान किया जाता है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके। वर्तमान में डोंगरगाँव विकासखण्ड में स्व–सहायता समूहों की संख्या 1884 एवं समूह के सदस्यों की संख्या 20369 है। प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्व–सहायता समूहों द्वारा स्कूलों में मध्यान्ह भोजन, आंगनबाड़ी में पूरक पोषण आहार कार्यक्रम, आंगनबाड़ी केन्द्र के हितग्राहियों के लिए रेडी टू–ईट एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य की दुकान के संचालन के साथ–साथ विभिन्न कार्य किए जा रहे है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सी–मार्ट की स्थापना की गई है, जो महिला स्व–सहायता समूहों के सदस्यों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मददगार साबित हो रहा है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा महिला स्व–सहायता समूह को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण महिलाओं में स्व–सहायता समूह के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों का विकास कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इस प्रकार राज्य शासन द्वारा ग्रामीण

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्व–सहायता समूह के माध्यम से सतत् प्रयास किया जा रहा है। इस शोध पत्र से यह निष्कर्ष निकलता है कि महिला स्व–सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को एक नई दिशा प्रदान करती है, जिससे ग्रामीण महिलाएं अपनी आय, बचत आदि में वृद्धि कर अपने साथ–साथ अपने परिवार का भी भरण पोषण करती है। इस प्रकार अब ग्रामीण महिलाओं को दूसरों पर निर्भर नहीं होना पड़ता है।

मुख्य शब्दः ग्रामीण महिलाएं, महिला स्व–सहायता समूह, आर्थिक गतिविधियाँ, सशक्तिकरण।

प्रस्तावना

महिला स्व–सहायता समूह ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के छोटे–छोटे समूह होते है। ये समूह महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद करते हैं। इन समूहों में महिलाएं एक–दूसरे का समर्थन करती हैं और एक साथ मिलकर काम करती है। इन समूहों के सदस्यों के पास एक समान उद्देश्य होता है, जो उन्हें एक साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करता है। ये समूह महिलाओं को बचत करने, ऋण लेने और व्यवसाय शुरू करने में मदद करते हैं।

स्व–सहायता समूह गरीब ग्रामीण लोगों का आर्थिक रूप से समरूप समूह है, जो नियमित आधार पर एक मामूली राशि बचाने के लिए स्वेच्छा से एक साथ आते है। जिसे सदस्यों की आपातकालीन जरूरतों को पूरा करने और समूह द्वारा निर्धारित जमानत–मुक्त ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से एक सामान्य कोष में रखा जाता है।

1989 में शुरू किए गए स्व सहायता समूह अक्सर 8–10 महिलाओं के समूह होते हैं, जो अपने सदस्यों से पैसे इकट्ठा करने, उन्हें बैंकों से जोड़ने और कम ब्याज दर पर ऋण प्रदान करने के लिए सप्ताह में एक बार इकट्ठा होते है। इन समूहों की महिलाएं अपना आर्थिक विकास करने के साथ–साथ देश के विकास में सशक्त सहयोग दे रहे है, जिसका एक उदाहरण कोविड–19 महामारी के समय हमे देखने को मिला। भारत के पिछड़े क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा संचालित स्व–सहायता समूहों ने कोविड–19 का बहादुरी से मुकाबला किया उन्होंने मास्क, सैनिटाइजर और सुरक्षात्मक उपकरण जैसे महत्वपूर्ण चिकित्सा सामान का उत्पादन किया, सामुदायिक रसोई का संचालन किया और वंचितों और समुदायों को वित्तीय सहायता प्रदान की। सरकारी कार्यक्रमों ने महिलाओं को बैंक खाते खोलने के लिए प्रेरित किया है, जिससे स्व–सहायता समूहों के लिए ऋण प्राप्त करना आसान हो गया है।

हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दावा है कि आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था विकसित करने और महिलाओं को वैश्विक बाजार में संभावनाएं तलाशने के लिए प्रोत्साहित करके सतत् विकास मॉडल में नए बदलाव शामिल किए गए है, जिससे अधिक महिलाएं ऐसे व्यवसायों में अपनी जगह बना रही है फिर भी कुछ बाधाओं को दूर करना बाकी है।

स्व–सहायता समूह का परिचय

स्व–सहायता समूह एक गैर–सरकारी संगठन है, जिसका व्यापक लक्ष्य गरीबी उन्मूलन है। स्व–सहायता समूह द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने, गरीबों और जरूरतमंदों के बीच नेतृत्व

कौशल का निर्माण करने, स्कूल में नामांकन बढ़ाने और पोषण और जन्म नियंत्रण के उपयोग में सुधार जैसे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उपकरण के रूप में देखा जाता है। स्व–सहायता समूह गरीब लोगों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो गरीबी कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। स्व–सहायता समूह महिला सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि वे आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि की महिलाओं को सामाजिक पूँजी स्थापित करने में सक्षम बनाते है।

स्व–सहायता समूह लोगों के छोटे समूह है, मुख्य रूप से महिलाएं जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और पैसे बचाने और एक–दूसरे को ऋण प्रदान करने के लिए एक साथ आती है। वे बचत और ऋण गतिविधियों पर एक साथ निर्णय लेते है, जिसमें उद्देश्य, राशि, ब्याज दर और पुनर्भुगतान अनुसूची शामिल है। यदि कोई ऋण चुकाने में विफल रहता है, तो अन्य सदस्य इसे गंभीरता से लेते है और वसूली में मदद करते है। समूह में स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण और घरेलू हिंसा जैसे विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की जाती है और सुधार हेतु प्रयास करते है।

स्व–सहायता समूह आर्थिक रूप से गरीब लोगों के स्वैच्छिक संगठन है, जो आमतौर पर एक ही सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि से आते है और जो स्वयं की सहायता और सामुदायिक कार्यवाही के माध्यम से अपने मुद्दों और समस्याओं को हल करने के साझा उद्देश्य के लिए एक साथ आने का संकल्प लेते है।

शोध साहित्य की समीक्षा

1. **जतिन पाण्डे एवं रिनी रॉबर्टस (2012)**[1] ने अपने शोध पत्र में यह निष्कर्ष निकाला है कि स्व–सहायता समूह की अवधारणा ग्रामीण महिलाओं को माइक्रो क्रेडिट की आसान उपलब्धता के लिए एक बेहतर तंत्र है और उन्हें अपनी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने में मदद करती है। माइक्रो क्रेडिट सुविधा महिलाओं को अपने कौशल को उन्नत करने और अपने व्यवसाय को बेहतर बनाने के लिए उत्पादन के उपकरण और साधन रखने में सक्षम बनाती है। महिलाओं में बचत की आदत को बढ़ावा देने के बाद, विशिष्ट आर्थिक उद्देश्यों के लिए समूह ऋण प्रदान किए जाते है। अधिकांश गरीब महिलाएं पहले इस पैसे का इस्तेमाल घरेलू जरूरतों के लिए करती है ताकि अपने परिवार का भरण–पोषण कर सकें। माइक्रो क्रेडिट की सहायता से महिलाएं अब कैंटीन, खानपान, स्कूलों के लिए खाना बनाना, सिलाई आदि चला रही है, जिससे महिलाओं की गतिशीलता और सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी में वृद्धि हुई है।(Pandey & Roberts, 2012)

2. **बदीउद्दीन अहमद एवं एस.नयामथ बाशा (2014)**[2] ने अपने शोध पत्र में यह निष्कर्ष निकाला है कि 21वीं सदी में महिलाएं अधिकारहीन थी। महिलाओं और लड़कियों के साथ भेदभाव जिसमें लिंग आधारित हिंसा, आर्थिक और शैक्षिक भेदभाव, प्रजनन स्वास्थ्य असमानताएं और हानिकारक पारंपरिक प्रथाएं शामिल है, समाज में असमानता का सबसे व्यापक रूप है। इसके परिणामस्वरूप उनका जीवन तनाव, आत्म–सम्मान में कमी और निर्भरता, आत्म–बोध और भविष्य की चिंता आदि से घिरा हुआ था। इस प्रकार स्वयं सहायता समूह महिलाओं की भागीदारी से इस परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है। यह महिलाओं को आर्थिक, मनोवैज्ञानिक, संबंधपरक, प्रबंधकीय और राजनीतिक जैसे आयामों पर सशक्त बनाता है, इसलिए सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका सराहनीय है। सामान्य रूप से महिलाएं और विशेष रूप से ग्रामीण महिलाएं जो खुद को सशक्त बनाना चाहती है, उन्हें सशक्त होने के लिए स्वयं सहायता समूहों से जुड़ना चाहिए। (Ahmed & Basha, 2014)

3. **राजा साहू (2016)**[3] ने अपने शोध पत्र में यह निष्कर्ष निकाला है कि एक समय में जो महिलाएं अशिक्षित तथा अज्ञानी थी, स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के पश्चात अपने स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा, भोजन की पौष्टिकता तथा परिवार नियोजन के प्रति जागरूक हो गई है। इस अध्ययन में समाज के अति आवश्यक, अविभाज्य किंतु पिछड़े हुए अंग 'महिला' को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने हेतु प्रभावी उपकरण स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर दृष्टिपात करने का प्रयास किया गया है। इसी तारतम्य में महिलाओं का जीवन स्तर सुधारने व विकास कार्य में उनकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास जारी है। स्वयं सहायता समूह ग्रामीण निर्धन महिलाओं द्वारा स्वेच्छा से गठित समूह है, जिससे समूह की सदस्य महिलाएं अपनी इच्छा से जितनी चाहे बचत आसानी से करती है। अतः सशक्तिकरण के लिए महिला स्वयं सहायता समूह इसीलिए आवश्यक है ताकि ग्रामीण महिलाएं संगठित होकर आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में स्वयं के प्रयासों से कुछ कर सकें। (साहू, 2016)

4. **पोली सेकिया (2016)**[4] ने अपने शोध पत्र में बताया है कि पहले भारतीय महिलाएं पुरूष प्रधान समाज के शोषण का शिकार हो रही थी, जो समाज के विकास में एक बड़ी

बाधा बन गई थी लेकिन अब महिलाओं को सशक्त होने के रूप में देखा जा सकता है। अब महिलाएं शिक्षण संस्थान, बैंक, कंपनियों, अंतरिक्ष, चिकित्सा विज्ञान, इंजीनियरिंग, घरेलू और यहाँ तक कि छोटे–मोटे व्यापार में भी लगी हुई है। अब महिलाएँ पुरूषों के बराबर कमाती है, महिलाएँ अपने साथ–साथ पारिवारिक निर्णय भी खुद लेती है, महिलाएँ हर काम में शामिल होती है। इस प्रकार उन्होंने खुद को सशक्त बनाया है। (Saikia, 2016)

5. **नागेशा बी एवं अजेय जी.(2018)**[5] ने अपने शोध पत्र में निष्कर्ष निकाला है कि स्वयं सहायता समूहों ने सामाजिक–आर्थिक स्थिति के विकास के लिए, गरीबी को कम करने और ग्रामीण लोगों को अधिकार देने के लिए राष्ट्र में अच्छा काम किया है। छोटे उद्यमों एवं इसकी गतिविधियों ने समाज में ग्रामीण गरीबों के सामाजिक–आर्थिक विकास में काफी योगदान दिया है। भारत सरकार द्वारा ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में स्वयं सहायता समूहों के महत्व को समझते हुए देश में 2.25 मिलियन से अधिक स्वयं सहायता समूह को मान्यता दी गई है। (B & G, 2018)

6. **उमा जोशी एवं कंचन पाण्डे (2019)**[6] ने अपने शोध पत्र में निष्कर्ष निकाला है कि महिलाएं समूह की क्रियाओं में भाग लेकर विभिन्न कार्यों से जुड़कर विकास के नये आयाम से जुड़ गयी है तथा समूह के स्तर पर नेतृत्व करने के साथ–साथ परिवार एवं समुदाय के स्तर पर नेतृत्व करने की क्षमता भी उनमें उभरी है। इस प्रकार ग्रामीण महिलाओं को स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर बनाने में स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है, जिसके अंतर्गत स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन्होंने बताया है कि समूहों के माध्यम से महिलाओं पर किये गये घरेलू हिंसा तथा शोषण पर प्रभावशाली ढंग से रोक लगायी गई है, जिससे समाज में महिलाओं की स्थिति में कुछ हद तक सुधार भी आया है। अतः स्वयं सहायता समूह ने महिलाओं को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर उनके सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन कर सशक्तिकरण की दिशा की ओर उन्मुख किया है, जिससे ग्रामीण महिलाएँ अपनी एक विशेष पहचान तो बना ही रही है साथ ही साथ गाँव के विकास में अहम भूमिका निभा रही है, जो कि सराहनीय है। (Joshi & Pandey, 2019)

7. **सुनीता श्रीवास्तव (2020)**[7] ने अपने शोध पत्र में बताया है कि स्वयं सहायता समूह देश के विभिन्न राज्यों में अनेक गतिविधियों द्वारा न केवल महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है अपितु समाज में सकारात्मक व रचनात्मक वातावरण को विकसित करने में भी सहायक है। अतः स्वयं सहायता समूह के द्वारा देश के निर्माण में तथा विभिन्न सामाजिक विषमताओं जैसे गरीबी, बेरोजगारी, भेदभाव, भ्रष्टाचार एवं महिला व बाल उत्पीड़न इत्यादि को जन–आन्दोलन एवं भागीदारी से दूर करने में सरकार व समाज को अपना बहुमूल्य योगदान दे सकती है। साथ ही महिलाओं के द्वारा परिवार, समाज व देश की प्रगति की नींव रखी जा सकती है। (श्रीवास्तव, 2020)

8. **विमला देवी (2020)**[8] ने अपने शोध पत्र में सुझाव देते हुए बताया है कि शिक्षा से महिलाओं में आत्मविश्वास, अपने अधिकारों के बारे में जागरूकता तथा अन्याय से लड़ने की नैतिक शक्ति पैदा होती है। समाज में अनगिनत कुरीतियों में बाल–विवाह, पर्दाप्रथा, विधवाओं के साथ अमानवीय व्यवहार, मृत्युभोज, भ्रूणहत्या इत्यादि सामाजिक कुरीतियां है, जो बदली जानी चाहिए। स्वयं सहायता समूह में महिलाओं में कौशल क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें

समय–समय पर प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि अपेक्षाकृत अधिक मजदूरी मिल सके। महिलाओं को सबल बनाने हेतु उनके स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। स्वयं सहायता समूह की प्रगति व उन्नति में संवाहक बनने के लिए उनसे जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैंकों से महिलाओं को वित्तीय लाभ प्राप्त करने में सबसे बड़ी रूकावटें रही है, इसलिए महिलाओं को साख उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को और अधिक आसान व सरल बनाना चाहिये। (देवी, 2020)

9. **अनुपमा दीक्षित (2021)**[9] ने अपने शोध पत्र में यह निष्कर्ष निकाला है कि महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाकर उनका सशक्तिकरण करने में स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इन समूहों के माध्यम से महिलाएं घरेलू हिंसा, शोषण से मुक्त हुई है। समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार आया है। आर्थिक तत्व जीवन का सबसे प्रमुख अंग है और इन समूहों से महिलाओं को आर्थिक आजादी प्राप्त हुई है। इस प्रकार स्वयं सहायता समूहों को महिला स्वावलंबन का प्रमुख आधार माना गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में इन समूहों के द्वारा ही महिला सशक्तिकरण सम्भव हो पाया है। (दीक्षित, 2021)

10. रवि प्रकाश पाण्डेय एवं रामजी बंशकार (2024)[10] ने अपने शोध पत्र में सुझाव देते हुए बताया है कि सभी आयु वर्ग की ग्रामीण महिलाओं को स्व–सहायता समूह में सहभागिता हेतु प्रेरित करना आवश्यक है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति की ग्रामीण महिलाओं को भी स्व–सहायता समूह हेतु जोड़ने के प्रयास करने की जरूरत है। स्व–सहायता समूह के अतिरिक्त भी अन्य आर्थिक गतिविधियों में गरीब ग्रामीण महिलाओं को जोड़ने की आवश्यकता है। जिससे उनका आवश्यक आर्थिक सशक्तिकरण हो सके। स्व–सहायता समूह में जुड़ने वाली सभी ग्रामीण महिलाओं के साक्षर होने की व्यवस्था करना उचित होगा। (पाण्डेय एवं बंशकार, 2024)

समस्या का विवरण

ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्व–सहायता समूह का गठन किया गया है लेकिन इसके लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है, जिसके बिना भविष्य में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

अध्ययन के उद्देश्य

1. ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में महिला स्व–सहायता समूह का अध्ययन करना।
2. महिला स्व–सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों का अध्ययन करना।
3. ग्रामीण महिलाओं की जनसांख्यिकीय आँकड़ों का अध्ययन करना।
4. महिला स्व–सहायता समूह के गठन के पश्चात् ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।

शोध परिकल्पना

शून्य परिकल्पना (H0) :– महिला स्व–सहायता समूह से जुड़ने के बाद ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं हुआ है।

वैकल्पिक परिकल्पना (H1) :– महिला स्व–सहायता समूह से जुड़ने के बाद ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

शोध प्रविधि

प्रस्तुत शोध अध्ययन में प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों का प्रयोग किया गया है। प्राथमिक समंकों के रूप में प्रश्नावली एवं साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से समंकों का संग्रहण किया गया है। द्वितीयक संमकों का संकलन प्रकाशित लेख एवं शोध पत्र, शासकीय प्रतिवेदन, शासकीय वेबसाइट, इंटरनेट आदि के माध्यम से किया गया है। शोध अध्ययन का क्षेत्र छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगाँव जिले के विकासखण्ड डोंगरगाँव तक सीमित है। इस अध्ययन में न्यादर्श हेतु दैव निदर्शन पद्धति से 100 उत्तरदाताओं का चयन किया गया है।

समंकों का संग्रहण

1 महिलाओं की जनसांख्यिकीय आंकड़ों का अध्ययन

तालिका क्रमांक 01

उत्तरदाताओं की आयु वर्ग का विवरण

क्र.	आयु वर्ग	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	18–28	8	8
2.	28–38	50	50
3.	38–48	29	29
4.	48 से अधिक	13	13
	कुल	**100**	**100**

स्त्रोत– *प्राथमिक समंक*

तालिका क्रमांक 01 से स्पष्ट है कि 100 उत्तरदाताओं में से 18–28 आयु वर्ग के उत्तरदाताओं की संख्या 8 है जिसका प्रतिशत 8 है, 28–38 आयु वर्ग के उत्तरदाताओं की संख्या 50 है जिसका प्रतिशत 50 है, 38–48 आयु वर्ग के उत्तरदाताओं की संख्या 29 है जिसका प्रतिशत 29 है, 48 से अधिक आयु वर्ग के उत्तरदाताओं की संख्या 13 है जिसका प्रतिशत 13 है। इससे यह स्पष्ट विदित होता है कि 28–38 आयु वर्ग की सबसे ज्यादा महिलाएं समूह से जुड़ी हुई है जबकि सबसे कम 18–28 आयु वर्ग की महिलाएं जुड़ी हुई है।

तालिका क्रमांक 02

उत्तरदाताओं की वर्ग का विवरण

क्र.	वर्ग	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	सामान्य	6	6
2.	अन्य पिछड़ा वर्ग	58	58
3.	अनुसूचित जाति	26	26
4.	अनुसूचित जनजाति	10	10
	कुल	**100**	**100**

स्त्रोत– *प्राथमिक समंक*

तालिका क्रमांक 02 से स्पष्ट है कि 100 उत्तरदाताओं में से सामान्य वर्ग के उत्तरदाताओं की संख्या 6 है जिसका प्रतिशत 6 है, अन्य पिछड़ा वर्ग के उत्तरदाताओं की संख्या 58 है जिसका प्रतिशत 58 है, अनुसूचित जाति वर्ग के उत्तरदाताओं की संख्या 26 है जिसका प्रतिशत 26 है, अनुसूचित जनजाति वर्ग के उत्तरदाताओं की संख्या 10 है जिसका प्रतिशत 10 है। इससे यह स्पष्ट विदित होता है कि अन्य पिछड़ा वर्ग की सबसे ज्यादा महिलाएं समूह से जुड़ी हुई है जबकि सबसे कम अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाएं जुड़ी हुई है।

तालिका क्रमांक 03

उत्तरदाताओं की वैवाहिक स्थिति का विवरण

क्र.	वैवाहिक स्थिति	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	विवाहित	89	89
2.	अविवाहित	5	5
3.	विधवा	6	6
	कुल	**100**	**100**

स्त्रोत– *प्राथमिक समंक*

तालिका क्रमांक 03 से स्पष्ट है कि 100 उत्तरदाताओं में से वैवाहिक स्थिति के आधार पर विवाहित उत्तरदाताओं की संख्या 89 है जिसका प्रतिशत 89 है, अविवाहित उत्तरदाताओं की संख्या 5 है जिसका प्रतिशत 5 है, विधवा उत्तरदाताओं की संख्या 6 है जिसका प्रतिशत 6 है। इससे यह स्पष्ट विदित होता है कि वैवाहिक स्थिति के आधार पर सबसे ज्यादा विवाहित महिलाएं समूह से जुड़ी हुई है।

तालिका क्रमांक 04

उत्तरदाताओं की शैक्षणिक अर्हता का विवरण

क्र.	शैक्षणिक अर्हता	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	प्राथमिक	7	7
2.	माध्यमिक	25	25
3.	हाई स्कूल	22	22
4.	हायर सेकेण्डरी	30	30
5.	स्नातक	8	8
6.	स्नातकोत्तर	8	8
	कुल	**100**	**100**

स्त्रोत– प्राथमिक समंक

तालिका क्रमांक 04 से स्पष्ट है कि 100 उत्तरदाताओं में से शैक्षणिक अर्हता के आधार पर प्राथमिक शिक्षा प्राप्त उत्तरदाताओं की संख्या 7 है जिसका प्रतिशत 7 है, माध्यमिक शिक्षा प्राप्त उत्तरदाताओं की संख्या 25 है जिसका प्रतिशत 25 है, हाई स्कूल शिक्षा प्राप्त उत्तरदाताओं

की संख्या 22 है जिसका प्रतिशत 22 है, हायर सेकेण्डरी शिक्षा प्राप्त उत्तरदाताओं की संख्या 30 है जिसका प्रतिशत 30 है, स्नातक शिक्षा प्राप्त उत्तरदाताओं की संख्या 8 है जिसका प्रतिशत 8 है, स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त उत्तरदाताओं की संख्या 8 है जिसका प्रतिशत 8 है। इससे यह स्पष्ट विदित होता है शैक्षणिक अर्हता के आधार पर सबसे ज्यादा हायर सेकेण्डरी तक शिक्षित महिलाएं समूह में शामिल है जबकि सबसे कम संख्या प्रथामिक शिक्षा प्राप्त महिलाओं की है।

तालिका क्रमांक 05

स्व–सहायता समूह द्वारा संपादित आर्थिक गतिविधियों का विवरण

क्र.	विवरण	उत्तरदाताओं की संख्या	प्रतिशत
1.	मध्यान्ह भोजन	21	21
2.	रेडी–टू–ईट	10	10
3.	उचित मूल्य दुकान	1	1
4.	कृषि	42	42
5.	पशुपालन	1	1
6.	मत्स्य पालन	3	3
7.	कुटीर उद्योग	11	11
8.	लघु उद्योग	10	10
9.	हथकरघा उद्योग	1	1
	कुल	**100**	**100**

स्त्रोत– *प्राथमिक समंक*

तालिका क्रमांक 05 से स्पष्ट है कि 100 उत्तरदाताओं में से स्व–सहायता समूह द्वारा संपादित आर्थिक गतिविधियों में मध्यान्ह भोजन में कार्यरत उत्तरदाताओं की संख्या 21 है जिसका प्रतिशत 21 है, रेडी–टू–ईट में कार्यरत उत्तरदाताओं की संख्या 10 है जिसका प्रतिशत 10 है, उचित मूल्य दुकान संचालित करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 1 है जिसका प्रतिशत 1 है, कृषि करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 42 है जिसका प्रतिशत 42 है, पशुपालन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 1 है जिसका प्रतिशत 1 है, मत्स्यपालन करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 3 है जिसका प्रतिशत 3 है, कुटीर उद्योग वाले उत्तरदाताओं की संख्या 11 है जिसका प्रतिशत 11 है, लघु उद्योग वाले उत्तरदाताओं की संख्या 10 है जिसका प्रतिशत 10 है, हथकरघा उद्योग वाले उत्तरदाताओं की संख्या 1 है जिसका प्रतिशत 1 है। इससे यह स्पष्ट विदित होता है स्व–सहायता समूह द्वारा संपादित आर्थिक गतिविधियों में सबसे ज्यादा महिलाएं कृषि का कार्य करती है।

2 परिकल्पना का परीक्षण

शून्य परिकल्पना (H0) :– महिला स्व–सहायता समूह से जुड़ने के बाद ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं हुआ है।

वैकल्पिक परिकल्पना (H1) :– महिला स्व–सहायता समूह से जुड़ने के बाद ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

तालिका क्रमांक 06

महिलाओं की आर्थिक स्थिति का विवरण

क्र.	विवरण	समूह सदस्य बनने के पूर्व की आर्थिक स्थिति		समूह सदस्य बनने के पश्चात् की आर्थिक स्थिति	
		आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	बहुत खराब	5	5	0	0
2.	खराब	54	54	0	0
3.	सामान्य	31	31	30	30
4.	अच्छी	10	10	55	55
5.	बहुत अच्छी	0	0	15	15
	योग	**100**	**100**	**100**	**100**

स्त्रोत– *प्राथमिक समंक*

तालिका क्रमांक 06 में महिला स्व–सहायता समूह के ग्रामीण महिलाओं की समूह से जुड़ने के पूर्व व पश्चात् की आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त कर तुलना की गई है। इससे स्पष्ट है कि समूह से जुड़ने के पूर्व इन 100 महिलाओं में से बहुत खराब आर्थिक स्थिति वाली महिलाओं की संख्या 5 है जिनका प्रतिशत 5 है, खराब आर्थिक स्थिति वाली महिलाओं की संख्या 54 है जिनका प्रतिशत 54 है, सामान्य आर्थिक स्थिति वाली महिलाओं की संख्या 31 है जिनका प्रतिशत 31 है, अच्छी आर्थिक स्थिति वाली महिलाओं की संख्या 10 है जिनका प्रतिशत 10 है एवं एक भी महिला बहुत अच्छी आर्थिक स्थिति में नहीं थी।

जब महिलाओं की आर्थिक स्थिति की तुलना की गई तब पाया गया कि समूह से जुड़ने के पश्चात् महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। वर्तमान में बहुत खराब एवं खराब आर्थिक स्थिति में एक भी महिलाएं नहीं है, सामान्य आर्थिक स्थिति वाली महिलाओं की संख्या 30 है जिसका प्रतिशत 30 है, अच्छी आर्थिक स्थिति वाली महिलाओं की संख्या 55 है जिसका प्रतिशत 55 है, बहुत अच्छी आर्थिक स्थिति वाली महिलाओं की संख्या 15 है जिसका प्रतिशत 15 है।

निष्कर्ष :

इस शोध पत्र से यह निष्कर्ष निकलता है कि ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में महिला स्व–सहायता समूह का विशेष योगदान है। इस अध्ययन से पता चलता है कि महिला स्व–सहायता समूह से सबसे ज्यादा 28–38 आयु वर्ग की महिलाएं जुड़ी हुई, जिसमें से ज्यादातर महिलाएं अन्य पिछड़ा वर्ग की है, स्व–सहायता समूह की ज्यादातर महिलाएं विवाहित है एवं सबसे ज्यादा हायर सेकेण्डरी तक शिक्षित महिलाएं इसमें शामिल है। स्व–सहायता समूह की ज्यादातर महिलाएं आर्थिक गतिविधि के रूप में कृषि का कार्य करती है। जिसमें सब्जी उत्पादन, फूल की खेती, गैर–कीटनाशक एवं जैविक खाद का निर्माण एवं विक्रय प्रमुख है।

इस अध्ययन में शोध परिकल्पना के आधार पर महिलाओं की आर्थिक स्थिति की तुलना की गई। जिससे यह ज्ञात हुआ है कि महिला स्व–सहायता समूह से जुड़ने के बाद महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। जिसका प्रमुख श्रेय महिला स्वसहायता समूह को जाता है क्योंकि समूह से जुड़ने के पश्चात् महिलाओं को रोजगार प्राप्त हुआ, जिससे वे आर्थिकोपार्जन करते हुए अपने जीवन स्तर में सुधार कर पाई।

❐

सन्दर्भ –

1. *Pandey, J., & Roberts, R. (2012). A STUDY ON EMPOWERMENT OF RURAL WOMEN THROUGH SELE HELP GROUPS. NATIONAL MONTHLY REFEREED JOURNAL OF REASEARCH IN COMMERCE & MANAGEMENT , 1 (8), 1-10. Retrieved from https://www.researchgate.net/publication/259868179_A_study_o_empowerment_of_rural_women_through_self_help_groups*
2. *Ahmed, B., & Basha, S. N. (2014). ROLE OF SELF HELP GROUPS IN WOMEN EMPOWER MENT. International Journal of Research in Management & Social Science , 2 (3 (III)), 40-45. Retrieved from https://www.researchgate.net/publication/342899465_Role_of_Self_Help_Groups_in_Women_Empowerment*
3. *साहू राजा (2016). ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक–सामाजिक विकास में महिला स्वयं सहायता समूह का योगदान : मधुबनी जिला के संदर्भ में. International Journal of Multidisciplinary education and Re search , 1 (6), 17-20. Retrieved from https://www.multidisciplinaryjournals.in/assets/archives/2016/vol1issue6/1-8-25-348.pdf*
4. *Saikia, P. (2016). Self-Help Group of Rural Assam and Its Role in Women Empowerment. IRA-International Journal of Management & Social Sciences , 05 (01), 187-193.https://dx.doi.org/10.21013/jmss.v5.n1.p18*
5. *B, N., & G, A. (2018). Role of Self Help Groups in Rural Development-A Study. International Journal of Trend in Scientific Research and Development (IJTSRD) , 2 (4), 1454-1459. Retrieved fromhttps://www.researchgate.net/publication/339426835_Role_of_Self_Help_Groups_in_Rural_Development-A_Study*
6. *Joshi, U., & Pandey, K. (2019). Lo;a lgk;rk lewg vkSj efgyk l'kfDrdj.k. Journal of Advances and Scholarly Researches in Allied Education , 16 (9), 1418-1424. Retrieved from https://ignited.in/index.php/jasrae/article/download/12411/24625/61527*
7. *श्रीवास्तव सुनीता (2020). ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने का माध्यम स्वयं सहायता समूह. Journal of Emerging Technologies and Innovative Research , 7 (2), 14-20. Retrieved from https://www.jetir.org/papers/JETIRDK06006.pdf*
8. *देवी विमला (2020). ग्रामीण महिलाओं के सशक्त विकास में स्वयं सहायता समूह का योगदान व समूह का राजनीतिक महत्व. INDIAN JOURNAL OF RESEARCH , 9 (11), 40-42. Retrieved from https://www.worldwidejournals.com/paripex/recent_issues_pdf/2020/November/gramin-mahilao-ke-sashakta-vikas-me-swayam-sahayata-samuh-ka-yogdan-v-samuh-ka-rajneetik-mahatva_November_2020_4550633291_7408857.pdf*
9. *दीक्षित अनुपमा (2021). महिला सशक्तिकरण और स्वयं सहायता समूह. Innovation The Research Concept , 6 (5), H- 27-H-31. Retrieved from http://www.socialresearchfoundation.com/upoadreserchpapers/6/438/2107150825271st%20anupama%20dixit%2014381.pdf*
10. *पाण्डेय रवि प्रकाश एवं बंशकार रामजी (2024). भारतीय ग्रामीण विकास में स्व–सहायता समूह का योगदान – आर्थिक अध्ययन (रीवा जिले के विशेष संदर्भ में). International Journal of Reviews and Research in Social Sciences , 12 (1), 57-66. https://doi.org/10.52711/2454-2687.2024.00011*
11. *https://unacademy.com/content/cbse-class-11/study-material/introduction-to-small-industry/womens-self-help-groups-and-their-importance/*
12. *https://www.nextias.com/blog/self-help-groups-shgs/*

पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका
वर्ष 30, अंक, 120 जनवरी–मार्च, 2025 पृ. 36–43

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

चम्बा क्षेत्र में नाग परम्परा व संस्कृति : एक अवलोकन

लकेश कुमार
शोधार्थी, इतिहास विभाग, केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश,
धर्मशाला, जिला काँगड़ा (हि.प्र.)–176213
E-mail: chauhanseri89@gmail.com

डॉ.राजीव कुमार
सहायक आचार्य, इतिहास विभाग, केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश,
धर्मशाला, जिला काँगड़ा (हि.प्र.)–176213
E-mail: rajeev6jnu@gmail.com

सारांश

भारत प्राचीन काल से ही एक विशाल देश रहा है, परन्तु विशालता से अधिक महत्वपूर्ण इस देश की विविधता रही है। यह विविधता हमें सामाजिक रीति–रिवाज, धार्मिक विश्वास, राजनीतिक नीतियों तथा आर्थिक संसाधन इत्यादि क्षेत्रों में तो दिखायी पड़ती ही है, पर धार्मिक जीवन में इसका स्वरूप अधिक विकसित और व्यापक रहता है। भारत के हर क्षेत्र में नाग–पूजा का अपना विशिष्ट स्थान रहा है, वहीं हिमाचल के चम्बा क्षेत्र में नाग परम्परा व संस्कृति का अनुठा रूप देखने को मिलता है। नाग परम्परा व संस्कृति का उद्भव भारत या विश्व में सम्भवतः सर्वप्रथम आदिम जनजातियों में हुआ है, तथा कालान्तर में इसका प्रभाव समाज के सभी वर्गों एवं धार्मिक रीति–रिवाजों पर भी पड़ा है। नाग–पूजा का उद्भव सांस्कृतिक विकास के साथ–साथ सम्भवतः संसार के सभी भागों में हुआ है। प्रस्तुत शोध पत्र में प्राथमिक व द्वितीय आधार पर चम्बा क्षेत्र में नाग परम्परा व संस्कृति का विस्तार से अध्ययन किया गया है।

मुख्य शब्द– नागपूजा, परम्परा, संस्कृति, सर्प, चम्बा

प्रस्तावना

हिमाचल प्रदेश 25 अप्रैल 1947 को अस्तित्व में आया। 30 छोटी–बड़ी रियासतों को मिलाकर 25 जनवरी 1971 को इसका गठन करके इसे पूर्ण राज्यत्व प्रदान किया गया और यह देश का 18वाँ राज्य बना तथा इसी समय चम्बा रियासत का भारतीय गणतंत्र के साथ विलय किया गया था। चम्बा को जिले का दर्जा प्रदान किया गया।[1] चम्बा जिला विविधताओं का संगम है। यहाँ का इतिहास, जीवन–पद्धतियाँ, नृत्य, संगीत–शैलियाँ, कला और हस्त कलाएँ, स्मारक और राजमहल, किले, देवालय, खान–पान, पहनावा और बोलियाँ यहाँ की गौरवमयी संस्कृति और विरासत की विहंगम झलक प्रस्तुत करती हैं। यहाँ की अनुपम सुन्दरता बहुत ही मनमोहक है।[2]

हिमाचल में नाग परंपरा बहुत समृद्ध रही है। निचले हिमालय में घरों के बाहर तुलसी के बिरवे के पास नाग प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। नाग पंचमी को नागों का पूजन एक महत्त्वपूर्ण त्योहार है। ऊपरी हिमाचल विशेषकर कुल्लू के मन्दिरों के द्वारों पर नाग प्रतिमाएं उकेरी जाती हैं। हिमाचल में नागों के स्वतन्त्र मंदिरों के अलावा कुल्लू, चंबा, पांगी, मण्डी, आदि स्थानों पर मन्दिरों के बाहर नाग आकृक्तियां बनी हुई हैं।[3]

नाग परंपरा में यहां अठारह नाग प्रसिद्ध हैं। नाग, किन्नर–किरातों के सजातीय थे। ऋग्वेद में इन्द्र–वृत्र युद्ध में वृत्र को अहिश्या नाग माना गया है। इनका नाम नारायण के साथ लिया जाता है। ये पुशधन के स्वामी भी माने गए हैं। जल स्रोतों पर आधिपत्य होने के कारण इनका पुरातन संघों व आर्यों से संघर्ष होता रहा। नाग उत्पत्ति की पौराणिक कथा की भांति यहां भी कई कथाएं प्रचलित रही हैं।[4]

हिमाचल प्रदेश में नागपूजा का बाहुल्य है। नाग को देवता के रूप में पूजा जाता है। सर्पों में नाग एक जाति भी है जो विषरहित होती है। अत्यंत भोले किस्म के ये नाग हिमाचल में पाए जाते हैं जिन्हें मारना पाप समझा जाता है।[5] इन नागों द्वारा कटोरी में दूध पीने तथा गाय के थनों से दूध चोरी से चट कर जाने की घटनाएं सुनाई जाती हैं। स्त्रियों द्वारा मनुष्यों की जगह नागों की उत्पत्ति के प्रसंग भी पौराणिक आख्यानों की भांति सुनाए जाते हैं। एक स्त्री द्वारा नागों की उत्पत्ति की कथा कुल्लू में प्रसिद्ध है। प्रदेश के निचले क्षेत्रों में नाग एक जाति भी है। नाग जाति ब्राह्मण मानी जाती है और ये लोग आज भी अपने नाम के साथ 'नाग' लगाते हैं। शैव मत के अनुयायी और शंकर के भक्त भी यहां बहुतेरे मिलते हैं।[6] मणिमहेश कैलाश, किन्नर कैलास के अतिरिक्त शिव के अनेकों छोटे–बड़े मंदिर यहां विद्यमान हैं। शिव के गले में शोभायमान नाग का अलग से अस्तित्व भी उतना ही है जितना कि स्वयं शिव का। जहां प्रदेश के निचले क्षेत्र में हर घर के आंगन में नाग की प्रतिमाएं बनी होती हैं, वहां ऊपरी क्षेत्रों में मंदिरों के द्वार के दोनों ओर लकड़ी में नागों को उत्कीर्ण किया जाता है। नाग पंचमी जैसा त्यौहार घर–घर मनाया जाता है तो गुग्गा के स्थानों में सर्पदंश को नाकाम किया जाता है। जन्माष्टमी के दिन गुग्गा के मंदिरों में लोग जादू–टोने के अतिरिक्त सर्पदंश का विष उतारने भी आते हैं। नाग एक ओर तो शिव के गले की शोभा बढ़ाते हैं तो दूसरी ओर शेषनाग विष्णु की शैया बने। शेषनाग ने ही पर्वत, वन, सागर, ग्राम, नगरों सहित समस्त पृथ्वी को धारण किया।[7]

उत्तर–पश्चिम हिमालय के आंचल में अवस्थित प्राकृतिक सौन्दर्य–सम्पन्न चम्बा जिला अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के लिये विश्वविख्यात है। चम्बा की सभी तहसीलों की अपनी विशिष्ट संस्कृति रही है। विविधता से परिपूर्ण चम्बा क्षेत्र के जनजीवन, इतिहास, कला एवं संस्कृति से अभिभूत होकर चम्बा को अचम्भा विशेषण प्रदान करने वाले प्रसिद्ध पुरातत्वविशारद जॉन फिलिप वॉगल थे।[8] जिन्होंन राजा भूरि सिंह के आग्रह पर चम्बा के प्राचीन अभिलेखों को संग्रहीत कर एंटीक्यूटी ऑफ चम्बा स्टेट पार्ट 1 पुस्तक लिखकर चम्बा वासियों के इतिहास को बताया है। चम्बा के विपुल कला–भण्डारों, मन्दिरों, अभिलेखों, लोकशिल्प एवं परम्पराओं को शोधपरक दृष्टि से अवलोकित करके प्रकाश में लाने की दिशा में जनरल अलेक्जेन्डर कनिंघम,

जे. हचीसन, हरमन गोएटज, बहादुर चन्द छाबड़ा, विश्वचन्द्र औहरी, आदि के नाम अग्रगण्य रहे हैं। चम्बा का प्राचीन इतिहास ब्रह्मपुर (भरमौर) से प्रारम्भ होता है। जिला चम्बा के पूर्वी क्षेत्र में भरमौर तहसील है, पश्चिमोत्तर में तहसील पांगी और चम्बा के मध्य में तहसील चुराह और सलूणी हैं।[9] दक्षिण में तहसील भटियात है तथा चम्बा और भटियात के मध्य में तहसील डलहौजी स्थित है। प्रकृति के अनंत सौन्दर्य से अलंकृत चम्बा की धरा में शैव और शाक्त संस्कृति का प्रचलन प्राचीन है परन्तु लोक परम्परा में नाग संस्कृति भी पुरातन ही जान पड़ती है। चम्बा में जगह–जगह पर नाग व नागिन के मंदिर शिखर शैली व पहाड़ी शैली में विद्यमान हैं। परन्तु यहां पर नाग और नागिन की डल झील भी है। जहां पर नाग डल झील है, वहां पर नाग डल झील मेला लगता है और जहां पर नागिन डल झील है वहां नागिन मेले की परम्परा है तो कहीं पर नाग जात्र मेला की परम्परा प्राचीन समय से लेकर आजतक चलती आ रही है।[10]

चम्बा में नाग परम्परा व संस्कृति

चम्बा में अनगिनत नाग मंदिर हैं और कुछ नागनियों के मंदिर भी हैं। इन मंदिरों में मानवरूप के मुहरें हैं, जिनमें साँप लिपटे हुए हैं। या मुकुट के साथ नाग फन हैं। कई मंदिरों में पाषाण या लोहे के साँप बने हुए हैं साथ में त्रिशूल, दीपक, धूपस्थान, गुर्ज, शांगल भी रखे होते हैं। पानी के स्रोत इस नाग के नियंत्रण में समझे जाते हैं। ये नाग–मंदिर किसी वृक्ष के समीप बने होते हैं। मंदिरों के साथ वृक्षों को काटा नहीं जाता। मंदिर प्रायः लकड़ी और पत्थर के बने होते हैं। यह धारणा है कि नागों के अधिक मंदिरों का निर्माण चम्बा के राजा भूषावर्मा के समय हुआ, परन्तु कुछ मंदिर उससे भी पुराने हैं। तीन में से दो मंदिर महल नाग के और एक वैनी में जमुन नाग का बहुत पुराने हैं, जो बरनांटा परगना के राणा के समय निर्मित हुआ था।[11]

चम्बा में नाग के साथ गुग्गा (राणा मुण्डलीक) की मढ़ियां (मंदिर) भी विद्यमान हैं। जहां नाग व नागिनों के मंदिरों में काले पत्थर की मूर्तियां के साथ प्रतिष्ठित की गई है और वहीं गुग्गा मढ़ी में घोड़े पर सवार गूग्गा, मुण्डलीक, गुगड़ी, अजिया पाल, नीली घोडी, कैलू, गोरखनाथ, मच्छिन्द्रनाथ, हनुमान आदि की पत्थर की मूर्तियां घोड़े पर सवार प्रतिष्ठित हैं। लोगों का इन पर अटूट विश्वास, अगाध श्रद्धा व असीम आस्था है। इनकी कृपादृष्टि से इलाके में हर प्रकार की सुख समृद्धि होती है, विशेषकर जब कभी वर्षा की आवश्यकता पड़ती है तो उक्त नाग देवताओं और गूग्गा जी की कृपा और पूजा से अवश्यमेव वर्षा होती है।[12] चम्बा में लोक परम्परा अनुरूप गुग्गा (राणा मुंडलीक) की मढ़ियों में गुग्गा मेला (गूगाहल) का समायोजित मेला लगता है। वहां नाग डल झील मेला वा नागिन डल झील मेला उसी प्रकार होता है कि जिस प्रकार मणिमहेश डल झील स्नान मेला होता है तो कहीं पर नाग व नागिन जात्र मेला की परम्परा है। इस प्रकार चंबा में गुग्गा मेला (गूगाहल) नाग जात्र मेला, नागिन जात्र मेला, नाग पूजा और गुग्गा की पारम्परिक रीति रिवाजों से मन्नत व पूजा की जाती है। चम्बा में गुग्गा व नाग प्रथा के उद्‌गम के बारे में कई किंवदन्तियां पीढी दर पीढ़ी मौखिक रूप में चली आ रही हैं। शौर्य, वीरता तथा चमत्कारों की कई लोक धारणाएं अभी भी मौजूद है। गुग्गा या राणा मुण्डलीक के बारे में लोक विश्वास है कि गुग्गा पूजन की प्रथा राजपूताना के राजपूतों के इस क्षेत्र में आने के

साथ हुई है। इसी लोक धारणा के अनुसार इसे राजस्थान का देवता मानते हैं।[13] इसके अलावा गांव झरोली (डनून) में भी सिद्ध बाबा का मंदिर है जो वास्तव में गुग्गा का ही है। चम्बा में गुग्गा को सतवादी, सत्यवादी और सिद्ध बाबा के नाम से भी जानते हैं। झरोली में भी चौत्र मास को सिद्ध बाबा मेला यानी गुग्गा मेला लगता है। इस गांव में लगभग 80 परिवार है। हर परिवार का एक सदस्य आज भी गुग्गाल में शामिल होता है। मेला पारंपरिक ढंग से मनाया जाता है। राजनगर की भांति यह भी घर–घर डेरा लगाते गांव गांव में घूमते हैं। पुखरी के साथ छन्नी नामक गांव में छन्नी नाग मंदिर घर में ही विद्यमान है। यहां भी जातरू दूर–दूर से आकर अपनी मनौतियां मानते हैं तथा दुःख कष्टों व जादू टोने के निवारण हेतु यहां कई–कई दिन तक ठहरते हैं। इस प्रकार चम्बा में नाग–नागिन व गुग्गा का लोगों के ऊपर प्रभाव है तथा इसके इलावा और भी कई स्थानों पर नाग मंदिर विद्यमान है।[14]

चम्बा का कोई भी गॉव ऐसा खाली नहीं मिलेगा जिधर नाग देवता का अंश ना हो और कोई आख्यान न हो, कहने का तात्पर्य यह है कि चम्बा क्षेत्र के हर घर, हर स्थान पर नाग देवता का मंदिर या मूर्ति मिल जाएगी। यह चम्बा में नाग संस्कृति व परम्परा का गुणगान करवाती हैं। वर्तमान चम्बा क्षेत्र में पांच तहसीलें पड़ती हैं। जिसमे भरमौर,तिस्सा, डलहौजी, भटियात और चम्बा क्षेत्र में नाग का गुणगान देखने को मिल सकता हैं।[15]

चम्बा में एक अन्य लोकविश्वास अनुसार कहा जाता है कि शेषनाग के वश की किन्दरू और विन्दरू नामक दो सौकिने थीं। किन्दरू नामक नागिन ने गारडी (झाड़ फूक करने वाला गूर) को जन्म दिया और विन्दरू ने नाग को जन्म दिया। यह नाग चलता हुआ जम्मू में आ बसा और इसके सात नाग पुत्र हुए वे सातों नाग चम्बा में आकर बसे खज्जी नाम खज्जियार में, नाग चुराह में सुण्डल और विणतरू नाग चुआड़ी की धार में आकर बसे छतराहड नाग सिंहुता ने करगेड नाग सिढकुंड तथा मण्डौर नाग सुदली में आकर बसा सुदली के एक आदमी को नाग ने सपने में कहा कि मैं सुदली में पत्थर के रूप में प्रकट हुआ हूं, इस प्रकार सुबह सुदली में जाकर उसने देखा कि सचमुच पत्थर की मूर्ति के रूप में नाग प्रकट हुआ था।[16] यह बात सारी जगह फैली और लोग नाग की पूजा करके अपने मनोकामना को पूरा करने लगे। यह भी कहते है कि सुदली में पानी नहीं था और लोगों ने मण्डौर नाग से प्रार्थना की नाग मण्डौर ने अपने भाई खज्जी (खज्जियार) से बात की और फिर उन दोनों भाइयों ने रातों–रात पानी सुदली पहुंचाया था। लोग आज भी इस बात को सत्य मानते हैं, क्योंकि पानी के साथ चाहू और चीड़ के पत्ते बहते हुए आते हैं। चुआड़ी के आस–पास उक्त प्रकार के वृक्ष नहीं हैं, ये खज्जियार में ही है।[17]

एक और किवदंती के आनुसार चम्बा के एक राजा को भी नाग मण्डौर ने सपने में कहा था कि मेरा मन्दिर बनाया जाए। राजा ने दिल्ली से एक मूर्ति बनवाकर कहारों द्वारा पालकी में लाकर चुआड़ी के कुठेढ़ गांव में मंदिर बनवाकर उसकी विधिपूर्वक स्थापना की। आज भी नाग मण्डीर मन्दिर में सात दिन तक जात्र मेला लगता है।[18] लोगों का मानना है कि जब वर्षा नहीं होती तो नाग देवता पर दूध–लस्सी चढाई जाती है मूर्ति के पीछे नाली में जब दूध लस्सी

बहकर पहुंचे तो वर्षा जरूर होती है। इसके अलावा कुछ नाग व नागिन मंदिर ऐसे भी हैं जिनके बारे में लोगों की अलग–अलग धारणा है। उदाहरणार्थ सलूणी में चिनार की छांव तले गुलधन नाग का मंदिर है। सदियों से गुलधन नाग देवता की प्रतिमा चिनार के वृक्ष तले विद्यमान है। लगभग अस्सी वर्ष पूर्व एक साधु ने यहां अपनी धूणी रमाई और स्थानीय लोगों की सहायता से कच्चे मंदिर का निर्माण करवा कर नाग देवता, अन्य देवता काली माता और चहुंमुखी शिव की पिण्डी की अलग गर्भगृह में विधिपूर्वक स्थापना की थी यहाँ जात्र मेला शुरू करने के बारे लोगों का विश्वास है कि आठ दशक पहले जब गेहूं की कटाई के उपरान्त मक्की की बीजाई का समय बीत रहा था और वर्षा नहीं हो रही थी तो कुठेडी गांव के देवीदयाल ने, जो नाग देवता का पुजारी चेला (गुरू) था, देवता से मन्नत की कि वर्षा ठीक हुई तो भेडू की बलि देकर जात्र देंगे। परिणामस्वरूप वर्षा ठीक हुई और खेतों में पैदावर भी अच्छी हुई तब से यहां जात्र मेला शुरू हुआ जहां ज्येष्ठ के पहले और दूसरे प्रविष्टे को पारम्परिक वेशभूषा मे चुराही नृत्य भी किया जाता है।

इसी प्रकार जैश्री गांव के मध्य में पीपल के पेड़ की छाव तले नागनी का मंदिर है। लोगो का कहना है कि इस प्रतिमा को चम्बा का कोई राजा जम्मू–कश्मीर से चम्बा के लिए लाया था। पधरी जोत से होते हुए भंदलू–किहार से होकर जब जैश्री गांव में पहुंच कर विश्राम हेतु बैठे और राजा अपने सिपाहियों के साथ चम्बा मुख्यालय को प्रस्थान करने लगे तो माता की पालकी इतनी भारी हो गई कि खूब प्रयत्न करने पर भी उठाई नहीं गई। तब जैश्री के एक वृद्ध व्यक्ति ने राजा को समझाया कि नागनी माता चम्बा नहीं जाना चाहती है।[19] राजा को यहीं कच्चा मंदिर बनवाना पड़ा। यहां जैश्री नागनी माता के नाम पर आज भी मंदिर विद्यमान है। चम्बा में शैव और शाक्त संस्कृति का प्रचलन ती प्राचीन है परन्तु नाग संस्कृति व परम्परा का उदगम चम्बा के हर क्षेत्र से जुडा हैं। इसके अतिरिक्त नागों को चुराह घाटी परगना हिमगिरी से भी जोड़ा जाता हैं। किंवदन्ती है कि अंजनी नामक एक नागिन पाताल लोक से हिमगिरा धार क प्रकट हुई। जहां पर यह नागिन प्रकट हुई, उस स्थान पर एक मैदानी खेत था। कहते हैं कि सात कृषक सात जोड़ी बैलों से उस खेत की जुताई कर रहे थे तथा कुछ महिलाएं हाथों में कुदाल लिए जुताई से निकलने वाले मिट्टी के ढेलों को तोड़ रहीं थी। अकस्मात, वह पूरा खेत धरती में धंस गया और वह मैदान, एक विशाल झील में परिवर्तित हो गया। झील में से एक मन्दिर भी प्रकट हुआ जिसमें एक काले पत्थर की प्रतिमा सुशोभित थी।[20] वह चमत्कार था "अन्जनी नागिन" का, जो कि ऐसा विश्वास किया जाता है कि अपने मन्दिर सहित पाताल लोक से अपनी (डल) झील बनाकर प्रकट हुई। उस स्थान को अन्जनी–तिर्थ कहते हैं। इन सभी मंदिरों का उल्लेख आगे भी हुआ हैं। हिमगिरी कोठी के उत्तर–पश्चिम में लगभग दस किलोमीटर की दूरी पर कोई 11000 फुट की ऊंचाई पर यह स्थान विद्यमान है, जोकि मैहल–नाग के लिए आकर्षक और दर्शनीय स्थल है। यह भी कहा जाता है कि हिमगिरी में अन्जनी ने चार नागों को जन्म दिया। सबसे बड़ा नाग वासुकी नाग, दूसरा और तीसरा खज्जी–नाग तथा चौथा जुम्हार–नाग था। आजतक भी इनकी गाथा को गायन के पारम्परिक कलाकार नागलीला की यह गाथा

गाकर सुनाते हैं। इन नागों का जन्म माघ महीने में हुआ। अन्जनी माता अपने नन्हें बालकों को सुलाने के लिए लोरी सुनाने लगी जिसे स्थानीय बोली में होलणी कहते हैं। परन्तु चारों बालक मां की लोरी को अनसुना करके जिद करने लगे कि वह उन्हें पहले जामुन नामक फल खिलाएं। यह वनफल लगभग दस हजार फुट की ऊंचाई पर अगस्त–सितम्बर के मांस में मिलते है। परन्तु माघ के महीने में जामुन–फल मिलना मुश्किल था। जब चारों बालकों ने, मां को विवश कर दिया तो कहते हैं, कि वह पुनः पाताल लोक में गई और अपने पिता तक्षक नाग से अपने बालकों के लिए जामुन फल मांग कर लाई। सायन विधा के कलाकार बताते हैं कि बालक जामुन–फल भी खाने लगे और अपनी बाल हठ विजय पर मां को चिढ़ाने भी लगे। इस पर अन्जनी माता को गुस्सा आ गया। अन्जनी ने दो नाग बालकों को उठाकर उत्तर की ओर फेंका और दो को दक्षिण की ओर फेंका। बड़ा नाग बालक वासुकी, भद्रवाह (जम्मू–कश्मीर) में पड़ा और वहीं पर स्थापित हो गया। दूसरा मैहल–नाग, चम्बा और भद्रवाह की सीमा पर स्थित, मैहलवार–धार पर पड़ा और वहीं पर स्थापित हो गया। मैहल नाग का वहां बहुत बड़ा डल हैं। उनसे छोटे दो नाग खज्जी और जुम्हार जो दक्षिण में फेंकें थे, खज्जियार– नाग और जुम्हार–नाग के नाम से प्रसिद्ध हुए हैं।[21]

खज्जियार नाग की भी डल झील है। एक जनश्रुति के अनुसार, किसी बात पर वासुकी नाग और मैहल–नाग की आपस में अनबन हो गई। वासुकी नाग परगना जून्ड के सरार नामक गांव में एक मैदान प्रकट हुआ। सरार के नाग मन्दिर में एक काले पत्थर की मानव कद की वासुकी–नाग की मूर्ति है तथा रैवन्यू रिकार्ड के अनुसार 12 बीघा जमीन की परिधि में नाग का डल है। परन्तु इस झील का काफी भाग मिटटी और घास से ढक गया है।[22] वहां के लोगों का कहना है कि इस मैदान को कहीं से भी दो–तीन फुट तक खोंदे तो पानी की फुहारें फूटने लगती हैं। यदि बन्दोबस्त के समय इस झील की परिधि 12 बीघा तक थी तो यदि इस ग्राउंड की खुदाई और सफाई करवाई जाए तो वहां भी बहुत विशाल डल झील निकल सकती है। सरार की झील के आस–पास का प्राकृतिक सौन्दर्य अत्यन्त ही मनमोहक है। इसी प्रकार, पूर्व में स्थित हिमगिरी में अन्जनी–नागिन की डल झील है तथा पश्चिम में वासुकी की डल झील है। दक्षिण में खज्जी–नाग की खज्जियार डल झील है उत्तर में मैहलवार धार पर मैहल–नाग की डल झील है। यह सभी स्थान अन्जनी डल झील से दिखाई देते हैं। इससे इस विश्वास की प्रमाणिकता की पुष्टि होती है कि शैव और शाक्त संस्कृति के साथ, अन्जनी नागिन, के उदगम से, चम्बा में नाग संस्कृति भी प्रचिलत हुई। चम्बा में प्रत्येक स्थान पर नाग थल है लेकिन प्रसिद्ध कुछ मंदिर हैं। चम्बा में नाग परम्परा व संस्कृति का पता इस बात से लगया जाता हैं।[23]

चम्बा में शिव–शक्तियों मन्दिरों के अतिरिक्त कई स्थानों पर नाग मन्दिर हैं, जो कि लोक–गाथाओं के अनुसार, इन चारों नागों के वंशज हैं। खज्जी–नाग और जुम्हार–नाग के वंशज नाग, भटियात में नाग मुण्डौर और नाग भिन्तुरू भी हैं। वासुकी नाग और मैहल–नाग के प्रसिद्ध वंशज नाग भंजराडू में भुजगर–नाग, घुलेई बैरा में चलियसर–नाग, बाड़ा–धार जुंगरा पंचायत में गोय्या–नाग, चरड़ा चांजू में हिम–नाग, मुण्डोलू–नाग, सलूणी–नाग, देवगाह–नाग,

भलेई परगना में सुधार–नाग हैं। इन नागों के पहाड़ी शैली के मन्दिर हैं और कई स्थानों पर इन नागों की पूजा व जातरें होती हैं। इसके अतिरिक्त, अप्पर चुराह और भद्रवाह में कई स्थानों में मैहल–नाग के मन्दिर हैं। परगना में नाग यात्रा निकाली जाती है जिसे नागवाली कहते हैं। लोअर चुराह के तेलका गांव में भी मैहल–नाग का मन्दिर है, यह मन्दिर भी पहाड़ी शैली का है। परन्तु मन्दिर में जो मूर्ति स्थापित की गई है, वह काफी डरावनी है। यह आदम–कद की प्रतिमा भी काले पत्थर की बनी हुई है। ऐसे कई मंदिर है जो अभी भी अपनी संस्कृति व परम्परा को सिंजोय हुए हैं।[24]

निष्कर्ष

नाग–पूजा के उद्भव के सम्भवतः दो कारण माने जा सकते हैं। प्रथम तो यह कि प्राचीन काल से ही प्राकृतिक प्रकोपों से मुक्ति हेतु विभिन देवी–देवताओं की पूजा–अर्चना का समाज में प्रचलन रहा है तथा कुछ जीवों की पूजा के मूल में भय भी एक कारण माना जा सकता है। चूंकि नाग विषधर प्रजाति के जीव हैं, तथा ये मानव आवास के आस–पास अत्यधिक संख्या में पाये जाते हैं इसलिए समय के साथ इनकी पूजा–अर्चना की जाने लगी होगी। आज भी विश्व की अनेक आदिम जनजातियों में सामान्यतः भय निवारणार्थ पूजा–पाठ प्रचलित है, अतः भारत एवं विश्व की प्राचीन संस्कृतियों में नाग–पूजा के मूल में भय एक प्रमुख कारण रहा है। चम्बा में भी नाग परम्परा का कारण भय तो हो सकता है लेकिन इसके अतिरिक्त नाग–पूजा के मूल में दूसरा प्रमुख कारण शक्तिशाली जीवों को देवत्व प्रदान किया जाना भी माना जा सकता है। हिमाचल प्रदेश में हमें जितने भी नाग मंदिर या थल मिलते हैं उनको देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इधर बासुकी नाग का एक समय राज रहा होगा। हिमाचल के कुछ मंदिरों को अगर अनदेखा भी किया जाये तब भी बाकी नाग मंदिर का संबंध शिव के साथ ही जोड़ा गया है। अपवाद स्परूप चम्बा और काँगड़ा के कुछ मंदिर हो सकते हैं जिनको कृष्ण या विष्णु से जोड़ा गया होगा बाकि सब थल शिव के साथ जुड़े लगते हैं। चम्बा के कुछ मंदिर की उत्पति का पता करें तो उनका अस्तित्व जम्मू के नागों से मिलता है। जम्मू को वासुकी नाग का क्षेत्र माना गया है। इस संदर्भ से यह कहा जा सकता है कि चम्बा क्षेत्र भी वासुकी का ही क्षेत्र रहा है।

❐

सन्दर्भ –

1. *शास्त्री, ओम प्रकाश, (2022), चम्बा जनपद के संस्कृतमुल्क ऐतिहासिक अभिलेख : एक अध्ययन, पृ. 24*
2. *जसवाल, बी.आर., (2010), हिमाचल प्रदेश में गुग्गा परम्परा, पृ. 11*
3. *वही, पृ. 12*
4. *सांकृत्यान, राहुल, (1953) हिमालय परिचय 1, पृ. 50*
5. *हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, भाग–1, (2024), सम्पादक, ठाकुर, बरुराम, कर्म सिंह. पृ. 67*
6. *आहलूवालिया, एम. एस., (1998), हिमाचल प्रदेश का सामाजिक सांस्कृतिक और आर्थिक इतिहास, पृ. 66*
7. *वैद्य ,किशोरीलाल, (1969), पहाड़ी चित्रा, नेशनल पब्लिकेशन हाउस नई दिल्ली, पृ.123*
8. *रन्धावा, महिन्द्रसिंह, (1970), काँगड़ा (कला,देश और गीत), साहित्य अकादमी नई दिल्ली, पृ. 66*
9. *उपाध्याय, वासुदेव, (1972), प्राचीन भारतीय स्तूप गुहा एवं मंदिर, बिहार हिंदी ग्रन्थ अकादमी पटना, पृ. 75*
10. *भीम सिंह, आयु, 81, गाँव सेरी, चम्बा, 22 मार्च. 2023.*

11. वर्मा, सांवलिया बिहारी लाल, (1975), भारत में प्रतीक–पूजा का आरम्भ और विकास, बिहार हिंदी ग्रन्थ अकादमी पटना, पृ. 165
12. हरनोट, एस. आर, (1991), हिमाचल के मंदिर और उनसे जुड़ी लोक–कथाएं, पृ.15
13. सिंह, मियां गोबर्धन, (2020), हिमाचल प्रदेश का इतिहास, पृ. 33
14. कपूर, बीव एलव, (1976), हिमाचल इतिहास और परम्परा, सन्मार्ग प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 113
15. लाल, मोहन, (2007), गद्दियार क्षेत्र का इतिहास, पांगी–भरमौर, जीवन और संस्कृति, सम्पादक–तुलसी रमण, पृ. 20–21.
16. घिन्दर सिंह शर्मा, आयु, 66 , गाँव सरार, लिग्गा सलूणी चम्बा–176320, 22 जुलाई, 2023.
17. पाण्ड्य,एलव पीव, (1981), प्राचीन हिमाचल इतिहास, धर्म एवं संस्कृति, इंडियन क्लासिक्स, राम नगर नई दिल्ली–110055, पृ. 66
18. हंडा, ओमचंद, 1988), पश्चिमी हिमालय की लोक कलाएं, इंडस पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली, पृ. 87
19. रणपतिया, अमर सिंह, (1988), हिमाचली इतिहास और संस्कृति के अंश, संन्मार्ग प्रकाशन, 16–यूव बीव बेंग्लो रोड, दिल्ली–11007, पृ. 156
20. पवन शास्त्री, आयु, 42, गाँव बलवास, सलूणी चम्बा, जुलाई, 2023.
21. लोक जीवन और परम्परा (लोकसाहित्य तथा जनजातियाँ संस्कृति से सम्बन्धित लेख) (1987), सम्पादक मण्डल, शर्मा, बंशीराम, मौलूराम ठाकुर, सरोज संख्यान, हिमाचल कला संस्कृति और भाषा आकादमी शिमला.
22. सरोलवी, चंचल, (2010), चम्बा में नाग परम्परा एवं गुग्गा परम्परा,(हिमाचल प्रदेश में गुग्गा परम्परा), ऐडीटड बुक, पृ. 231
23. आंगिरस, अमर देव, (2021), हिमाचली धर्म एवं संस्कृति के विविध आयाम, पृ. 84
24. देवल, डी.एस., चुरहा घाटी के ऐतिहासिक मंदिर, सोमसी, हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी की त्रेमासिक पत्रिका, दिसम्बर 2008, अंक 129–130, पृ. 16

पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका
वर्ष 30, अंक, 120 जनवरी–मार्च, 2025 पृ. 44–55

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

भारतीय लोकतंत्र के परिप्रेक्ष्य में राजनीतिक दलों का वित्तपोषण

शिखा ओझा
शोध छात्रा, राजनीति विज्ञान विभाग,
बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ (उ.प्र.) –226025
E-mail: shikha0210ojha@gmail.com

प्रो. रिपु सूदन सिंह
प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग,
बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ (उ.प्र.) –226025
E-mail: ripusudans@gmail.com

सारांश

राजनीतिक दलों का वित्तपोषण लोकतांत्रिक शासन का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है क्योंकि यह राजनीतिक परिदृश्य और चुनाव प्रणाली के काम करने के तरीके को प्रभावित करता है। राजनीतिक समर्थन की अभिव्यक्ति के साथ–साथ चुनावों में प्रतिस्पर्द्धा को भी सक्षम बनाता है। वित्तीय सहायता के कई स्रोत शामिल है जिनका उपयोग राजनीतिक दल चुनावी अभियान करने, जन संपर्क स्थापित करने, अपनी नीतियों को जन–जन तक संप्रेषित करने हेतु करते है। जिसमें निजी स्रोतों (व्यक्ति, संस्था, कम्पनी) के साथ–साथ सार्वजनिक स्रोत भी शामिल होते है। विश्व के विभिन्न देशों में राजनीतिक दलों के वित्तपोषण का स्रोत (निजी, सार्वजनिक, मिश्रित) पृथक–पृथक है। इन योगदानों को नियंत्रित करने वाली प्रक्रियाएं और कानून राष्ट्रों के बीच बहुत भिन्न है, जो अलग–अलग राजनीतिक संस्कृतियों और कानूनी प्रणालियों को दर्शाते है। भारत में राजनीतिक दलों के वित्तपोषण का स्रोत निजी है। 2018 तक भारत में राजनीतिक दलों का वित्तपोषण व्यक्ति, संस्था, कंपनी और इलेक्टोरल ट्रस्ट के माध्यम से होता था। 2 जनवरी 2018 को इलेक्टोरल बॉन्ड भारत के चुनावी प्रणाली में पारदर्शिता लाने, कैशलेश सिस्टम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाया गया था, परिणामस्वरूप यह अपने उद्देश्य में विफल रहा। 15 फरवरी 2024 को एक ऐतिहासिक सर्वसम्मत फैसले में चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक घोषित किया गया, जो राजनीतिक दानदाताओं को पूर्ण गुमनामी, संविधान के अनुच्छेद 19(1) के तहत राजनीतिक वित्तपोषण के बारे में सूचना के मतदाताओं के अधिकार का उल्लंघन, चुनावी प्रक्रिया में कॉर्पोरेट्स के अनियंत्रित प्रभाव को अधिकृत किया है। इलेक्टोरल बॉन्ड के रद्द होने के बाद राजनीतिक दलों के चुनावी वित्तपोषण में निम्न उपायों, राजनीतिक दलों के खातों की लेखा परीक्षा, राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्रीकरण, चुनावी राज्य वित्तपोषण, राष्ट्रीय चुनावी कोष की स्थापना, योगदान

की निश्चित सीमा, सख्त नियम–विनियम के माध्यम से निष्पक्ष, पारदर्शी चुनावी प्रणाली को बल मिलेगा, एक मजबूत लोकतन्त्र स्थापित होगा। प्रस्तुत शोध पत्र राजनीतिक दलों का वित्तपोषण : भारतीय लोकतन्त्र के परिप्रेक्ष्य में विद्दमान भारतीय राजनीतिक वित्त व्यवस्था का गहन विश्लेषण कर पारदर्शी वित्तपोषण प्रणाली स्थापित करने हेतु महत्त्वपूर्ण सुझाव के साथ लोकतन्त्र की मजबूती पर बल देना है।

मुख्य शब्द– राजनीतिक दल, लोकतंत्र, वित्तपोषण, इलेक्टोरल बॉन्ड, पारदर्शिता

प्रस्तावना

किसी भी लोकतंत्र में चुनाव का वहीं स्थान है, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए वित्तीय बाजार का होता है। चुनाव, राजनीतिक शक्ति को गतिशीलता प्रदान करने और राजनीतिक दलों के जरिए लोगों को सरकार तक ले जानें का माध्यम है, जो वित्तीय बाजार में वित्तीय प्रबंधन कंपनियों की तरह काम करते है, जो बाजार की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाते है और स्थिरता सुनिश्चित करते है। भारत में चुनावों और राजनीतिक दलों को नियंत्रित करने के लिए एक सर्वव्यापी कानून की कमी है और इस विधायी अंतर को भरे जाने की जरूरत है, विश्वभर में राजनीतिक दलों को निर्वाचकों तक पहुंचने, अपनी नीतियों की व्याख्या करने और लोगों से जानकारी प्राप्त करने के लिए धन की आवश्यकता होती हैं। और इस धन तक पहुंचने के लिए राजनीतिक दल राजनीतिक वित्तपोषण का सहारा लेते है। राजनीतिक दल के वित्तपोषण का स्रोत व्यक्ति, संस्था, कंपनी, कॉरपोरेट द्वारा भारी मात्रा में चंदा देते है।

राजनीतिक दलों का वित्तपोषण : भारतीय लोकतंत्र के परिप्रेक्ष्य में

राजनीतिक वित्तपोषण ऐसी पद्धति है जिसका प्रयोग राजनीतिक दल अपने चुनाव अभियानों और सामान्य गतिविधियों के संचालन हेतु कोष जुटाने के लिए करता है। किसी भी राजनीतिक दल को स्वयं को तथा अपने उद्देश्यों को स्थापित करने और वोट प्राप्त करने, अपने इच्छित कार्यों को करने और अपने इच्छित कार्यों को कार्य रूप देने के लिए धन की आवश्यकता होती है।[1]

राजनीतिक दलों को चुनावों में भाग लेने प्रचार आदि कार्यों के लिए धन की आवश्यकता होती है, जिसकी पूर्ति कॉरपोरेट एवं व्यक्तियों द्वारा दिए जाने वाले चंदे से होती है। भारत में राजनीतिक दलों के कॉरपोरेट फंडिंग का इतिहास स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़ा हुआ है। बिड़ला आईएनसी (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) के प्रमुख दानदाताओं में से एक थे। स्वतंत्रता के बाद यह स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार की आर्थिक नीति को आकार देने में समग्र रुप से व्यापारी वर्ग का कुछ लाभ था। 1960 के दशक में कांग्रेस और स्वतन्त्र पार्टी टाटा और बिड़ला जैसी बड़ी व्यावसायिक कंपनियों से दान के मुख्य लाभार्थी थे जो 1962 और 1968 के बीच कुल कंपनी योगदान का लगभग 34 प्रतिशत हिस्सा थे। 1969, इंदिरा गांधी सरकार ने राजनीति और व्यवसायों के बीच सांठगांठ को तोड़ने के लिए कॉरपोरेट फंडिंग (कंपनी अधिनियम की धारा 29 को हटाकर) कॉरपोरेट फंडिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया।[2]

कम्पनी अधिनियम, 1956 में कंपनियों या व्यक्तियों द्वारा राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले चंदे के सम्बंध में कोई प्रावधान नहीं था।[3] 1960 के संशोधन अधिनियम द्वारा धारा 293ए को

शामिल किया गया, जिसके तहत कंपनियों द्वारा प्रति वित्तीय वर्ष राजनीतिक अंशदान को पच्चीस हजार रूपए या विगत 3 वर्षों के उनके शुद्ध लाभ के 5 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया। 1969 के संशोधन अधिनियम ने धारा 293ए के प्रावधानों में संशोधन किया तथा पुनः राजनीतिक दलों या राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दान पर प्रतिबंध लगा दिया। 1985 के संशोधन अधिनियम ने कंपनियों को राजनीतिक दलों या राजनीतिक उद्देश्यों के लिए चंदा देने की अनुमति दी, जिसमें विज्ञापनों या प्रकाशनों पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष व्यय शामिल है। हालाकि प्रतिबंध जैसे कि कम्पनी (जो सरकारी कम्पनी नहीं है) तीन वर्ष से ज्यादा समय से आस्तित्व में होनी चाहिए, उल्लंघन के लिए दंड को और भी कड़ा कर दिया गया। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 182 में राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले योगदान की सीमा को पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत शुद्ध लाभ के 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत करने का प्रावधान करके इसमें और संशोधन किए गए। इस संशोधन के तहत कंपनियों को अपने वार्षिक वित्तीय विवरणों में अपने राजनीतिक योगदान का खुलासा करना आवश्यक था। इसने उल्लंघन के लिए सख्त परिणामों का प्रावधान किया और जुर्माने को योगदान के पांच गुना तक बढ़ा दिया।[4]

अनियमित और अनियंत्रित योगदान

कम्पनी अधिनियम, 2013 की असंशोधित धारा 182 में राजनीतिक योगदान के सम्बंध में निषेध और प्रतिबंध का प्रावधान है, जिसमें शामिल है 7.5 प्रतिशत की सीमा औसत का मूल्य लाभ पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कारपोरेट के अत्याधिक प्रभाव को रोकना इसका उद्देश्य है, साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि राजनीतिक फंडिग पारदर्शी और जवाबदेह बनी रहे।[5]

इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को लाने के दौरान, वित्त अधिनियम 2017, की धारा 154 ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 182 में संशोधन किया और 7.5 प्रतिशत फंडिग सीमा को हटा दिया और शुद्ध लाभ से इसके लिए आवश्यकता को समाप्त कर दिया। संशोधन ने ऐसे राजनीतिक योगदानों से संबंधित विवरणों का खुलासा करने की आवश्यकता को भी समाप्त कर दिया। 7.5 प्रतिशत की सीमा हटाने से अनियमित और अनियंत्रित योगदान हुआ। पहले भागीदारी केवल लाभ कमाने वाली कंपनियों तक ही सीमित थी। हालाकि बिना किसी सीमा के लागू होने से शेल कॉर्पोरेशन के लिए पर्याप्त योगदान करना सम्भव हो गया, जिससे लेन देन (क्विड प्रो को) के लिए और अधिक रास्ते खुल गए।

2017 के संशोधन के साथ, कॉरपोरेट संस्थाओं के लिए राजनीतिक योगदान के प्रति विधायी दृष्टिकोण में पूर्ण बदलाव आया, जो अधिक उदार और कम प्रकटीकरण वाला था।[6]

यह फंडिंग संवैधानिक सिद्धांतों से गहराई से जुड़ी हुई है , जिसमें लोकतांत्रिक शासन के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव शामिल हैं। फंडिंग से यह विनियमित करने में मदद मिलती है कि चुनाव प्रतिस्पर्धी हों और किसी एक पार्टी को दूसरे पर अनुचित लाभ न मिले। संविधान में चुनावों के संचालन के बारे में अलग–अलग प्रावधान हैं, जिनका उल्लेख भाग XV में अनुच्छेद 324 से 329 तक किया गया है। अनुच्छेद 19 में संघ बनाने की स्वतंत्रता का भी उल्लेख है जो राजनीतिक दल बनाने की स्वतंत्रता देता है।

राजनीतिक दलों के वित्तपोषण के बारे में निम्न प्रावधान

वर्ष	कम्पनी अधिनियम–प्रावधान	मुख्य तथ्य
1956	कम्पनी अधिनियम,1956	राजनीतिक योगदान को विनियमित नहीं किया गया।
1960	कम्पनी संशोधन अधिनियम–1960	राजनीतिक योगदान एक वित्तीय वर्ष में 25,000 रूपए या उसके औसत शुद्ध लाभ का 5 प्रतिशत जो भी अधिक हो, तक किया जा सकता है। कंपनियों को लाभ – हानि, अंशदान की गई कुल राशि का विवरण, पार्टी, और व्यक्ति का नाम भी प्रस्तुत करना आवश्यक था।
1969	कम्पनी (संशोधन) अधिनियम 1969	चंदे पर प्रतिबंध लगाने के लिए धारा 293ए में संशोधन किया
2013	कम्पनी संशोधन अधिनियम 1985	इसने निदेशक मंडल की स्वीकृति के साथ अपने शुद्ध औसत लाभ के 5 प्रतिशत तक राजनीतिक अंशदान की अनुमति दे दी
	नया कम्पनी अधिनियम 2013	इसने निदेशक मंडल की स्वीकृति के साथ अपने औसत शुद्ध लाभ के 7.5: तक राजनीतिक अंशदान की अनुमति दे दी। इसमें लाभ – हानि, अंशदान की गई कुल राशि का विवरण, व्यक्ति का नाम प्रस्तुत करने को अनिवार्य बनाया गया।
2017	वित्त अधिनियम, 2017	कम्पनी अधिनियम में परिवर्तन, 7.5 : की सीमा हटा दी गई, घाटे में चल रही कंपनी भी राजनीतिक योगदान दे सकती है। , चुनावी बॉन्ड की शुरूआत।

Sources - Indian Kanoon, Section 293A in The Companies Act, 1956[7]

भारत सरकार ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना की घोषणा 2017 में की थी। इस योजना को सरकार ने 29 जनवरी 2018 को विधिक रुप से लागू कर दिया गया था। इलेक्टोरल बॉन्ड राजनीतिक दलों को चंदा देने का एक वित्तीय जरिया है, यह एक वचन पत्र की तरह है जिसे भारत का कोई भी नागरिक या कंपनी भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं से खरीद सकता है और अपनी पसंद के किसी भी राजनीतिक दल को गुमनाम तरीके से दान कर सकता है।[8]

नियामक प्राधिकरणों के परस्पर विरोधी विचार

इस योजना को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में दो याचिकाएं दायर की गई है, पहली याचिका वर्ष 2017 में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, और गैर लाभकारी संगठन कॉमन

काज द्वारा संयुक्त रूप से दायर की गई थी, दूसरी याचिका वर्ष 2018 में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया कि इस योजना की वजह से भारतीय और विदेशी कम्पनियों द्वारा असीमित राजनीतिक दान के बाढ़ के द्वार खोल देते है। जिससे बड़े पैमाने पर चुनावी भ्रष्टाचार को वैध बना दिया जाता है।

वर्ष 2019 में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर एक हलफनामे में चुनाव आयोग ने कहा था कि इलेक्टोरल बॉन्ड राजनीतिक फंडिग में पारदर्शिता को खत्म कर देंगे, और इनका इस्तेमाल भारतीय राजनीति को प्रभावित करने के लिए विदेशी कारपोरेट शक्तियों को आमंत्रण देने जैसा होगा। और कई प्रमुख कानूनों में किए गए संशोधन की वजह से ऐसी शेल कम्पनियों के खुल जाने की संभावना बढ़ जाएगी, जिन्हें सिर्फ राजनीतिक पार्टियों को चंदा देने के एकमात्र मकसद से बनाया जायेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक ने विविध बार चेतावनी दी की कि इलेक्टोरल बांड का इस्तेमाल काले धन का प्रसार, मनी लांड्रिंग और सीमा पार जालसाजी को बढ़ाने के लिए हो सकता है।[9]

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधानिक घोषित किया गया

सर्वोच्च न्यायालय ने 15 फरवरी 2024 को एक ऐतिहासिक सर्वसम्मत फैसले में चुनावी बांड योजना को ''असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमाना'' करार देते हुए खारिज कर दिया, जो राजनीतिक दानदाताओं को पूर्ण गुमनामी प्रदान करता है, साथ ही महत्वपूर्ण कानूनी संशोधनों के माध्यम से अमीर निगमों को असीमित राजनीतिक दान करने की अनुमति देता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजना (इलेक्टोरल बॉन्ड), जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, कंपनी अधिनियम, और आयकर अधिनियम में किए गए पूर्ववर्ती संशोधनों ने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(A), के तहत राजनीतिक वित्तपोषण के बारे में सूचना के मतदाताओं के अधिकार का उल्लंघन माना। इसमें कहा गया, चुनावी बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक फंडिग के स्रोत का पूर्ण रूप से खुलासा न करने पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है, तथा नीति परिर्वतन करने या लाइसेंस प्राप्त करने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के साथ लेन–देन की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है। चुनावी प्रक्रिया में कॉर्पोरेट्स के अनियंत्रित प्रभाव को अधिकृत किया है।[10]

निगम बनाम नागरिक

इस फैसले में पैसे और राजनीति के बीच गहरे गठजोड़ पर कहा गया कि 'कंपनियों द्वारा किया गया योगदान विशुद्ध रूप से व्यापारिक लेनदेन है।, जिसका उद्देश्य बदले में लाभ प्राप्त करना है।' इस योजना ने देश में प्रमुख व्यापारिक हिस्सेदारी वाली कंपनियों और बहुराष्ट्रीय निगमों द्वारा 'भारी योगदान' के प्रवाह की अनुमति दी, जिससे आम भारतीय – छात्र, दिहाड़ी मजदूर, कलाकार या शिक्षक– के अपेक्षाकृत छोटे वित्तीय योगदान को दबा दिया गया। जो बदले में किसी भी बड़े उपकार की उम्मीद किए बिना किसी राजनीतिक दल की विचारधाराओं में विश्वास करते हैं।

क्या निर्वाचित लोग वास्तव में मतदाताओं के प्रति उत्तरदायी होंगे ? यदि कंपनियां जो अपने साथ बहुत सारा पैसा लेकर आती हैं और लेन–देन में संलग्न होती हैं। मुख्य न्यायाधीश

डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा, ''पक्षकारों के साथ व्यवस्था में असीमित मात्रा में योगदान करने की अनुमति है।'' इस योजना और संशोधनों ने वित्तीय शक्ति वाले निगमों को चुनावी प्रक्रिया और राजनीतिक भागीदारी में आम नागरिकों पर एक अप्रतिम लाभ देकर ''आर्थिक असमानता'' को बढ़ावा दिया है। **मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा**, ''यह 'एक व्यक्ति, एक वोट' के मूल्य में निहित स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और राजनीतिक समानता के सिद्धांत का उल्लंघन है।''[11]

मतदाताओं के अधिकार बनाम दाताओं के अधिकार

न्यायालय ने केंद्र सरकार की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनावी बांड के माध्यम से राजनीतिक दानदाताओं की गुमनामी बैंकिंग चौनलों के माध्यम से वित्तीय योगदान को प्रोत्साहित करती है। निजता के मौलिक अधिकार में व्यक्ति की राजनीतिक संबद्धता भी शामिल है। हालांकि, न्यायालय ने कहा कि सूचनात्मक निजता और मतदाताओं के सूचना के अधिकार के बीच संतुलन होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कॉरपोरेट द्वारा एहसान के लिए दिए जाने वाले दान और व्यक्तियों द्वारा अपनी राजनीतिक मान्यताओं के प्रतीक के रूप में दिए जाने वाले योगदान के बीच स्पष्ट अंतर बताया। ''सभी योगदान सार्वजनिक नीति को बदलने के लिए नहीं किए जाते हैं। राजनीतिक दलों को लोगों द्वारा भी योगदान दिया जाता है, जिसका प्रतिनिधित्व पर्याप्त रूप से नहीं किया जाता है, केवल समर्थन बढ़ाने के इरादे से बदले में दिया जाने वाला योगदान समर्थन की अभिव्यक्ति नहीं है।[12]

चुनावी बॉन्ड काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र तरीका नही

सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार के इस दावे को खारिज कर दिया कि इस योजना का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में काले धन के प्रवेश को रोकना है। न्यायालय ने फैसला सुनाया कि ''काले धन पर अंकुश लगाना'' अनुच्छेद 19(1)(ए) में निहित राजनीतिक फंडिंग के बारे में जानकारी के मतदाताओं के मौलिक अधिकार के प्रयोग पर उचित प्रतिबंध नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने केंद्र सरकार से प्रश्न किया कि चुनावी बॉन्ड योजना में पेश किए गए राजनीतिक फंडिंग के स्रोतों का "पूर्ण" खुलासा न करना काले धन पर अंकुश लगाने में कैसे तर्कसंगत रूप से मदद कर सकता है। "योजना का खंड 7(4) चुनावी बॉन्ड के खरीदारों की जानकारी को पूरी तरह से छूट देता है। यह जानकारी मतदाताओं को नही होती। राजनीतिक फंडिंग के बारे में जानकारी हासिल करने का उद्देश्य इससे पूरा नहीं हो सकता। मुख्य न्यायाधीश के अनुसार, ''यह पूर्णतः गैर–प्रकटीकरण है।''[13]

गोपनीयता पर आधारित

''दोहरे आनुपातिकता मानकों'' को लागू करते हुए, अदालत ने कहा कि यह खंड असंवैधानिक है क्योंकि यह मतदाताओं के सूचना के अधिकार और योगदानकर्ताओं के राजनीतिक जुड़ाव के संबंध में गोपनीयता के अधिकार के बीच संतुलन नहीं बिठाता। पूरी चुनावी बॉन्ड योजना धारा 7(4) के तहत दी गई गुमनामी पर टिकी हुई थी।[14]

संशोधनों से गोपनीयता को राह मिली

निर्णय में इस बात का उल्लेख किया गया है कि किस प्रकार धन विधेयक के रूप में प्रस्तुत वित्त अधिनियम 2017 के माध्यम से जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 29 सी, आयकर

अधिनियम की धारा 13(ए) तथा कंपनी अधिनियम की धारा 182 में संशोधन किए गए, ताकि जनवरी 2018 में अधिसूचित चुनावी बांड के माध्यम से वित्तीय योगदान में पूर्णतः गुमनामी का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। अदालत ने कहा कि संशोधनों से पहले, इन प्रावधानों में दानदाताओं की गोपनीयता और मतदाताओं के जानने के अधिकार के बीच आवश्यक संतुलन बनाए रखा गया था। संशोधन से पहले, धारा 182 में यह अनिवार्य किया गया था कि कंपनियाँ अपनी कुल शुद्ध आय के तीन वर्ष के 7.5 प्रतिशत तक ही दान कर सकती हैं। संशोधन ने इस सीमा को हटा दिया और राजनीतिक दलों को असीमित और गुमनाम कॉर्पोरेट दान के लिए जगह बना दी।[15]

अंतिम निर्णय

आनुपातिकता मानक और व्यापक सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए, जो गोपनीयता से असंगत है, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पाया कि चुनावी बांड के प्रावधान संविधान के सही पक्ष में नहीं थे। चुनावी बॉन्ड योजना, कंपनी अधिनियम की धारा 182(3) (जैसा कि वित्त अधिनियम 2017 की धारा 154 द्वारा संशोधित), अनुच्छेद 19(1)(ए) का उल्लंघन है और असंवैधानिक हैय कंपनी अधिनियम की धारा 182(1) के प्रावधान को हटाना, जो राजनीतिक दलों को असीमित कॉर्पोरेट योगदान की अनुमति देता है, मनमाना है और अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। संक्षेप में, यह पाया गया कि किसी राजनीतिक दल को मिलने वाले वित्तपोषण के बारे में जानकारी मतदाता के लिए अपने मताधिकार का प्रभावी ढंग से प्रयोग करने के लिए आवश्यक है, जो गोपनीयता के अधिकार से भी बड़ा सार्वजनिक हित है।

हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को (एसबीआई) को आदेश दिया गया कि वह चुनावी बॉन्ड को जारी करने पर तुरंत रोक लगाए और 12 अप्रैल 2019 से राजनीतिक दलों द्वारा खरीदे गए ऐसे सभी बांडों का विवरण 6 मार्च 2024 तक निर्वाचन आयोग को प्रस्तुत करे। जिसमें इस तरह के विवरण में प्रत्येक बॉन्ड की खरीद की तिथि, बॉन्ड के खरीदार का नाम और खरीदे गए बॉन्ड का मूल्य शामिल हो साथ ही भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा सभी सूचनाओं को 13 मार्च 2024 तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करे, परिणामस्वरूप, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा निर्वाचन आयोग को 12 अप्रैल 2019 से 6 मार्च 2024 तक के सारे इलेक्टोरल बॉन्ड डाटा रिकार्ड जमा किए। इस अवधि में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कुल 60 अरब रुपए से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। दूसरे नंबर पर तृणमूल कांग्रेस है, जिसने 16 अरब रुपए से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को इनकैश किया है। वही सर्वाधिक इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनी फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज है। इस कंपनी ने कुल 1368 बॉन्ड खरीदे, जिसकी कीमत 13.6 अरब रुपए से अधिक रही।[16]

इलेक्टोरल बॉन्ड से सबसे अधिक चंदा लेने वाली राजनीतिक पार्टियां

चुनाव आयोग की ओर से जारी चुनावी बॉन्ड इनकैश करवाने वालों की लिस्ट में भारतीय जनता पार्टी पहले, ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस दूसरे, तीसरे नंबर पर कांग्रेस है।

इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली शीर्ष कंपनियां

सबसे अधिक कीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनियों में फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज के बाद मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड दूसरे नंबर पर है, फ्यूचर गेमिंग ने कुल 1368 बॉन्ड खरीदे, जिनकी कीमत 1368 करोड़ रुपए थी. वही 966 करोड़ रुपए के कुल 966 बॉन्ड खरीदे। इनके बाद जिन कंपनियों ने सबसे अधिक बॉन्ड खरीदे उनमें क्विक सप्लायर्स चेन प्राइवेट लिमिटेड, हल्दिया एनर्जी लिमिटेड, वेदांता लिमिटेड, एसेल माइनिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, वेस्टर्न यूपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, केवेंटर फूडपार्क इंफ्रा लिमिटेड, मदनलाल लिमिटेड, भारती एयरटेल लिमिटेड, यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, आदि शामिल है।

भारत में चुनावी वित्तपोषण के संबंध में प्रमुख सुझाव तथा दान का विनियमन : –

कुछ व्यक्तियों या संगठनों, उदाहरण के लिए विदेशी नागरिकों या कंपनियों के दान पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। दान की सीमाएं भी निर्धारित की जा सकती है। जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना हो कि किसी दल पर कुछ बड़े दानकर्ताओं चाहे वे व्यक्ति हो, निगम हो, या नागरिक समाज संगठन हो, का अतिशय प्रभाव न हो। कुछ देश राजनीति में धन के प्रभाव को विनियमित करने के लिए योगदान सीमा पर भरोसा करते है। कुछ अन्य देश, जैसे कि यूके, योगदान सीमा तो आरोपित नहीं करते, लेकिन व्यय पर एक सीमा रखते है।

व्यय की सीमा

व्यय पर नियत सीमाएं राजनीति को वित्तीय होड़ से बचाती है। वे मतों के लिए प्रतिस्पर्धा करने के दबाव से राजनीतिक दलों को मुक्त कर देती है। इसलिए, कुछ देश राजनीतिक दलों पर व्यय सीमा आरोपित करते है। उदाहरण के लिए, यूके में राजनीतिक दलों को प्रति सीट 30,000 यूरो (लगभग 30 लाख रूपए) से अधिक खर्च करने की अनुमति नहीं है। संयुक्त राज्य अमेरिका में, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रथम संशोधन (अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता) की व्यापक व्याख्या से व्यय सीमा आरोपित करने के विधायी प्रयासों को बाधा पहुंची है।

राजनीतिक दलों को सार्वजनिक धन उपलब्ध कराना

सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली विधि है पूर्व निर्धारित मानदंड निर्धारित करना। उदाहरण के लिए, जर्मनी में राजनीतिक दलों को राजनीतिक व्यवस्था में उनके महत्व के आधार पर सार्वजनिक धन प्रदान किया जाता है। आम तौर पर इसे पिछले चुनावों में उन्हें प्राप्त मतों, सदस्यता शुल्क और निजी स्रोतों से प्राप्त दान के आधार पर मापा जाता है। जर्मन पॉलिटिकल पार्टी फाउंडेशन को दल संबद्ध पॉलिसी थिंक टैंक के रूप में अपने कार्य के लिए समर्पित विशेष राज्य निधि प्राप्त होती है।

सार्वजनिक वित्तपोषण में एक अपेक्षाकृत नवीन प्रयोग ' **डेमोक्रेसी वाउचर्स** ' का है, जिसका उपयोग सिएटल (अमेरिका) में स्थानीय चुनावों में किया जाता है। सरकार पात्र मतदाताओं को एक निश्चित संख्या में वाउचर्स वितरित करती है, जिनमें से प्रत्येक एक निश्चित राशि का मूल्य रखता है। मतदाता इन वाउचर्स का उपयोग अपनी पसंद के उम्मीदवार को दान देने के लिए कर सकते है। ये वाउचर्स सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित है। लेकिन धन आवंटित करने का निर्णय व्यक्तिगत मतदाता का होता है। सरल शब्दों में कहें तो मतदाता बैलेट के रूप में वोट देने से पहले अपने धन के रूप में 'वोट' देते है।

प्रकटीकरण आवश्यकताएं :

विनियमन उपाय के रूप में प्रकटीकरण इस धारणा पर आधारित है कि सूचना आपूर्ति एवं सार्वजनिक संवीक्षा राजनेताओं के निर्णयों और मतदाताओं के मतों को प्रभावित कर सकती है। हालाँकि, दलों को दिए गए दान का अनिवार्य प्रकटीकरण हमेशा वांक्षनीय नहीं होता है। कई बार दानकर्ता गुमनामी उनकी सुरक्षा के उपयोगी उद्देश्य को पूरा करती है। उदाहरण के लिए, दानकर्ताओं को सत्तारूढ़ दलों द्वारा प्रतिशोध या जबरन वसूली के भय का सामना करना पड़ सकता है। कई देशों को पारदर्शिता और गुमनामी की इन दो वैध चिंताओं के बीच उचित संतुलन बनाने में संघर्ष का सामना करना पड़ा है। इस मुद्दे को भी भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय को संबोधित किया है।

राजनीतिक दलों के वित्तपोषण का वैश्विक परिदृश्य

आरक्षित योगदान की चिली की प्रणाली के तहत, दानकर्ता राजनीतिक दलों को दान हेतु इच्छित धनराशि को चिली इलेक्टोरल सर्विस को हस्तांतरित कर सकते है। जो दाता की पहचान का खुलासा किए बिना दल को वह राशि अग्रेषित कर देता है। यदि यह पूरी गुमनामी प्रणाली सुचारू रूप से कार्य करे तो राजनीतिक दल किसी विशिष्ट दाता द्वारा दान की गई राशि का पता लगाने में सक्षम नहीं होंगे और फिर प्रतिदान व्यवस्था का निर्माण करना अत्यंत कठिन होगा। हालाँकि, यह दानकर्ताओं (जो सरकारी सरंक्षण चाहते है।) और राजनीतिक दलों (जिन्हें धन की आवश्यकता है) के हित में होगा कि वे उन दानकर्ताओं द्वारा दान की गई राशि का पता लगाने के लिए अनौपचारिक रूप से पहले से ही समन्वय करें। वस्तुतः जैसा कि वर्ष 2014–15 में हुए विभिन्न घोटालों से खुलासा हुआ, चिली के राजनेताओं और दानकर्ताओं ने पूर्ण गुमनामी की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से अप्रभावी करने के लिए एक दृ दूसरे के साथ समन्वय किया था।[19]

संयुक्त राज्य अमेरिका– उम्मीदवार और पार्टी समितियां केवल व्यक्तिगत अमेरिकी नागरिकों और ग्रीन कार्ड धारकों से ही धन स्वीकर कर सकती है, बशर्ते कि वे संघीय चुनाव आयोग के समक्ष एक सीमा से अधिक का खुलासा करे। निगम–कारपोरेट संघीय अभियानों और उम्मीद्वारों को सीधे योगदान नहीं दे सकते है, लेकिन राजनीतिक कार्यवाई समितियों (पीएसी) (संघीय सीमाओं के अधीन) और सुपर पीएसी (कोई सीमा नहीं) के माध्यम से योगदान दे सकते है।[20]

यूनाइटेड किंगडम– निगम शेयरधारकों की मंजूरी सहित व्यापक रिपोर्टिंग और प्रकटीकरण आवश्यकताओ के साथ दान कर सकते हैं। कोई सीमा नहीं है, लेकिन एक सीमा से अधिक दान स्वीकार्य स्रोत से होना चाहिए और एक सीमा से अधिक गुमनाम दान की अनुमति नहीं है।[21]

जर्मनी– कारपोरेट दान पर कर से छूट नहीं मिलती और प्रकटीकरण कानून केवल बड़े दानदाताओं तक सीमित है। व्यक्तिगत और कारपोरेट दान पर कोई सीमा नहीं है, लेकिन एक सीमा से अधिक दान की जानकारी बुंदेस्टांग (जर्मन संघीय संसद) के अध्यक्ष द्वारा सार्वजनिक की जाती है।[22]

फ्रांस– कारपोरेट राजनीतिक दलों को दान नहीं दे सकते है, लेकिन कारपोरेट मालिक एक वर्ष में सीमा के अधीन व्यक्तिगत योगदान दे सकते है। एक सीमा से अधिक दान चेक द्वारा किया जाना चाहिए और लॉबिस्ट की भागीदारी प्रतिबंधित है। राजनीतिक दलों को संसदीय चुनावों

में उनके चुनावी प्रदर्शन के आधार पर राज्य अनुदान मिलता है और राष्ट्रपति चुनावों में राज्य प्रतिपूर्ति मिलती है।[23]

पारदर्शिता और गुमनामी को संतुलित करना :

सबसे प्रमुख प्रतिक्रियाओं में से यह होगा कि पारदर्शिता और गुमनामी में वैध सार्वजनिक हितों को संतुलित किया जाए। कई देश छोटे दानकर्ताओं को गुमनाम बने रहने की अनुमति देकर इस संतुलन को कायम रखते है, जबकि बड़े दान के खुलासे की आवश्यकता होती है। यूके में, किसी राजनीतिक दल को एक कैलेंडर वर्ष में एक ही स्रोत से प्राप्त कुल 7,500 पाउंड से अधिक के दान की रिपोर्ट करने की आवश्यकता होती है।[24] जर्मनी में यह सीमा 10,000 यूरो है।

इस दृष्टिकोण के पक्ष में तर्क यह है कि छोटे दानकर्ताओं की सरकार में सबसे कम प्रभावशाली होने और पक्षपातपूर्ण उत्पीड़न के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील होने की संभावना होती है, जबकि बड़े दानकर्ताओं द्वारा राजनीतिक दलों के साथ प्रतिदान व्यवस्था का निर्माण करने की अधिक संभावना होती है।

राष्ट्रीय निर्वाचन कोष की स्थापना करना

एक अन्य विकल्प यह है कि एक **राष्ट्रीय निर्वाचन कोष** की स्थापना की जाए जिसमें सभी दानकर्ता दान दे सकें। राजनीतिक दलों को उनके चुनावी प्रदर्शन के आधार पर धन आवंटित किया जा सकता है। इससे दानकर्ताओं से प्रतिशोध के बारे में तथाकथित चिंता समाप्त हो जायेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान एक नए मुद्दे को भी चिन्हित किया जो था आतंक या हिंसक विरोध प्रदर्शन जैसी गतिविधियों के लिए राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त धन के दुरुपयोग की संभावना और उसने केन्द्र से पूछा कि क्या धन के अंतिम उपयोग पर उसका कोई नियंत्रण है।

राजनीतिक दलों के वित्तपोषण पर प्रमुख अनुशंसाये

चुनाव के राज्य वित्तपोषण पर इंद्रजीत गुप्ता समिति, 1998 – कम वित्तीय संसाधनों वाले दलों के लिए निष्पक्ष अवसर के निर्माण के लिए राज्य द्वारा चुनावों के वित्तपोषण का समर्थन किया गया। इसमें– राज्य वित्त केवल राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय दलों को आवंटित किया जाएगा, स्वतन्त्र उम्मीदवारों को नहीं।

आरंभ में राज्य वित्तपोषण को साधन के रूप में प्रदान किया जाए जहां मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों को कुछ सुविधाएं प्रदान की जा सकती है। समिति ने आर्थिक बाधाओं को स्वीकार किया और पूर्ण राज्य वित्तपोषण के बजाए आंशिक वित्तपोषण की वकालत की।[25]

निर्वाचन आयोग की अनुशंसाओं में शामिल– निर्वाचन आयोग की वर्ष 2004 की रिपोर्ट में राजनीतिक दलों के लिए अपने खातों को वार्षिक रूप से प्रकाशित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया ताकि आम जनता और संबंधित संस्थाओं द्वारा इसकी संवीक्षा की अनुमति मिल सके।[26]

नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा अनुमोदित फर्मों द्वारा ऑडिट किए जाने के साथ, परिशुद्धता सुनिश्चित करते हुए ऑडिट किए गए खातों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। विधि आयोग, (1999) इसने चुनावों के लिए कुल राज्य वित्तपोषण को इस शर्त के तहत वांछनीय बताया कि राजनीतिक दलों को अन्य स्रोतों से धन प्राप्त करने से प्रतिबंधित किया जाए। विधि आयोग की वर्ष 1999 की रिपोर्ट में राजनीतिक दल के खातों के रखरखाव, ऑडिट एवं प्रकाशन

के लिए और गैर अनुपालन के लिए दंड के साथ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन करने का प्रस्ताव किया गया (धारा 78A का प्रवेश कराते हुए)[27]

निष्कर्ष

इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक ठहराने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय ऐतिहासिक है, क्योंकि यह सूचना के मूल्यवान अधिकार को मान्यता देता है। यह चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता के महत्व को पुष्ट करता है इसके अलावा, न्यायालय का निर्णय सरकार के लिए चुनावी फंडिंग के प्रति अपने दृष्टिकोण का पुनर्मूल्यांकन करने का अवसर प्रस्तुत करता है। योजनाओं या कार्यकारी निर्देशों पर निर्भर रहने के बजाय, सरकार को लोकतांत्रिक शासन के इस महत्वपूर्ण पहलू में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशिष्ट कानून बनाने पर विचार करना चाहिए। ऐसे कानून राजनीतिक योगदान के प्रकटीकरण के लिए स्पष्ट दिशा–निर्देशों की रूपरेखा तैयार कर सकते हैं, चुनावी वित्त की सार्वजनिक जांच को अनिवार्य बना सकते हैं, और जवाबदेही के लिए तंत्र स्थापित कर सकते हैं। न्यायालय के फैसले को स्वीकार करके और चुनावी फंडिंग में सुधार के लिए सक्रिय कदम उठाकर, सरकार लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रखने और चुनावी प्रक्रिया में जनता का भरोसा बहाल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर सकती है। राजनीतिक वित्तपोषण में पारदर्शिता न केवल लोकतांत्रिक ताने–बाने को मजबूत करती है, बल्कि अधिक सूचित और सक्रिय मतदाताओं को भी बढ़ावा देती है।

राजनीतिक दलों के वित्तपोषण में पूर्ण पारदर्शिता की आवश्यकता को कायम रखते हुए स्वतन्त्र एवं राज्य वित्तपोषण निजी दान की आवश्यकता को समाप्त कर सकता है, और राजनीतिक दलों को समान वित्तीय सहायता देकर भ्रष्टाचार, अपारदर्शिता कम कर सकता है। हालांकि, इस नीति सुझाव के लाभों को अधिकतम करने के लिए ऐसे प्रश्नों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जैसे– भारत में अधिक राजनीतिक दल हैं, क्या उन सभी को राज्य से धन मिलेगा? राज्य और राष्ट्रीय दलों के लिए धन की रूपरेखा किस प्रकार भिन्न होगी? और, स्वतंत्र उम्मीदवारों को विनियमन में कैसे शामिल किया जाएगा? कई राज्य और निजी समितियों द्वारा वकालत की गई और पारदर्शिता पर सुप्रीम कोर्ट के जोर द्वारा समर्थित, भारत में राज्य वित्त पोषण यह गारंटी देकर लोकतंत्र में सुधार कर सकता है। एक स्वस्थ लोकतंत्र को बढ़ावा देते हुए, राज्य वित्त पोषण भारत की चुनावी वित्त पोषण संरचना को अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ संरेखित करेगा। राजनीतिक दान पर कर रियायतों के ढाँचे पर पुनर्विचार करने से यह सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है कि वे व्यापक राजकोषीय नीतियों के साथ संरेखित हों और सरकारी राजस्व पर अनुचित प्रभाव न डालें। कटौतियों पर उचित सीमाएँ निर्धारित करना और राजनीतिक वित्तपोषण के लिये वैकल्पिक तंत्रों की खोज करना वित्तपोषण प्रणाली की स्थिरता को बढ़ा सकता है। कई देश पिछले चुनाव प्रदर्शन, सदस्यता शुल्क और निजी दान जैसे विभिन्न मानदंडों के आधार पर राजनीतिक दलों को सार्वजनिक वित्तपोषण प्रदान करते है।

सार्वजनिक वित्तपोषण राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनावी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिये सरकारी वित्तीय सहायता को संदर्भित करता है, जिससे निजी दान पर निर्भरता एवं निहित स्वार्थों के संभावित प्रभाव को कम किया जा सके।

❐

सन्दर्भ –

1. *Ahluwalia Sanjeev (18 Nov. 2022) Political Parties and election finance: jktuhfrd nyksa vkSj mUgs feyus okys vLi"V pqukoh panks ij fu;a=.k dh pqukSrh Observer Research Foundation ORF*
2. *Chhokar, S. Jagdeep,(9 May, 2024), Corporate Business and the Financing of Political Parties, The India Forum. https://www.theindiaforum.in/politics/business-and-finance-political-parties-umbilical-chord*
3. *The Companies Act 1956, and It's Administration, Ministry Of Corporate Affairs.https://www.mca.gov.in*
4. *Section 182 of the Companies Act, 2013, Government Of India, Ministry OfCorporate Affairs. https://www.mca.gov.in*
5. *Section 182 of the Companies Act, 2013, Government Of India, Ministry Of Corporate Affairs. https://www.mca.gov.in*
6. *Electoral Bonds and Opacity in Political Funding, (6 July. 2022), Association for Democratic Reforms. https://adrindia.org*
7. *Indian Kanoon, Section 293A in The Companies Act, 1956 https://Indiankanoon.org*
8. *jko jk?kosaUæ ¼1 uoEcj] 2023½ bysDV¨jy ckW.M D;k gS] ftl ij g¨jgk Òkjh fookn lqÁhe d¨VZ ds QSlys ls D;k cnysxk&chchlh www.bbc.com*
9. *Ibid*
10. *In the Supreme Court Of India, Civil Original Jurisdiction (16 February,2024), writ Petitions (C) no. 880 Of 2017, 2024, INC , 113 https://main.sci.gov.in*
11. *Constitutionality of the Electoral Bond Scheme, Association for Democratic Reforms v Union of India, 2024 INSC 113, The Supreme Court held that the Electoral Bond Scheme was unconstitu tional To against the right toinformation Of voters. Supreme Court Observer. www.scobserver.in*
12. *Why did the Supreme Court strike down the electoral bonds scheme? | Explained, (15 February, 2024 , 5:30 PM First), The Hindu. www.thehindu.com*
13. *Electoral Bond not the only way to curb Black Money, There are alternative means which are less Restrictive – Supreme Court, (15-02-2024), Live Law. https://www.livelaw.in*
14. *In the Supreme Court Of India Civil Original Jurisdiction ,(16-02-2024), 2024, INCS,113. https://main.sci.gov.in*
15. *Electoral Bonds Explained : Transparency and Anonymity in Political Funding (20 March 2024) The Times Of India. https://timesofindia.indiatimes.com*
16. *Electoral Bonds - Supreme Court takes note of missing information in data Submitted by State Bank of India. (15 March 2024) Supreme Court Observer. www.scobserver.in*
17. *Disclosure Of Electoral Bonds - Details of Electoral Bonds Submitted by SBI, Election Commission Of India. https://www.eci.gov.in*
18. *Disclosure Of Electoral Bonds - Details of Electoral Bonds Submitted by SBI,Election Commission Of India. https://www.eci.gov.in*
19. *Jaraquemada, Maria, (5 February 2024), Political Finance in The Digital Age in Chili, An Anachronistic Regulation. International IDEA. https://www.idea.internationl*
20. *How Does Campaign Funding work? Caltech Science Exchange. https://scienceexchange.caltech.edu Public Campaign financing, Brennan Centre for justice https://www.brennancenter.org*
21. *Political Spending and Donations : What are the rules in UK ? (6 June 2024), The Guardian . www.theguardian.com*
22. *Party Funding – German Bundestag, Deutscher Bundestag. https://www.bundestag Schmitz, Thomas, (2019), Political Parties and their funding in Germany,Journal Of The Univer sity Of Latvia, law. https://www.journal.lu.lv*
23. *Jouan, Barbara , Financing of political parties and electoral campaigns in France ,The role of the French National Commission on campaign accounts and Political Party Financing (CNCCFP), Transparency International Magyaroszag. https://www.transparency.hu*
24. *Uberai, Elise (8 Jan,2016), Political Party Funding : Sources and Regulations, House Of Commons Liberary.*
25. *pquko®a ds jkT; foÙki®"k.k ij bUæthr xqIrk lfefr dh fji®VZ ¼1998½*
26. *Election Commission Of India, 2004 report. https://www.eci.gov.in*
27. *चुनावी कानूनों में सुधार पर विधि आयग की रिपोर्ट (1999)*

पूर्वदेवा– *सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका*
वर्ष 30, अंक, 120 जनवरी–मार्च, 2025 पृ. 56–63

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

वर्तमान परिदृश्य में थारू जनजाति के बदलते सामाजिक–सांस्कृतिक प्रतिमान

विनय कुमार विश्वकर्मा
शोधार्थी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी (उ.प्र.)
E-mail: vishwakarmacharya@bhu.ac.in Mobile No. 7499911169

सारांश

आधुनिकीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जो विश्व के सभी समाजों में पाई जाती है। यह परिवर्तन कोई नई प्रक्रिया नहीं है अपितु सामाजिक–सांस्कृतिक परिवर्तन के लिए नवीन शब्द के रूप में प्रयोग की जाती रही है। थारू जनजाति भारत के तराई क्षेत्रों में रहने वाला एक स्वदेशी समूह है जिनकी एक अलग संस्कृति, भाषा और सामाजिक संरचना है। यह जनजाति पर्यावरण के नजदीक है एवं उसको संरक्षण प्रदान करती है। थारू जनजाति की जीवन शैली में परिवर्तन दृष्टिगोचर है। आधुनिक समाज के संपर्क में आने के बाद जो बदलाव होते हैं उसके परिणामस्वरूप उनके रीति–रिवाज और परंपराएं दबाव में आ गई हैं। उनकी भाषा, संस्कृति, सामाजिक संगठन, आदर्श, परंपराएं, वैवाहिक स्वरूप एवं मूल्यों में भी परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है किंतु आधुनिकीरण के परिणामस्वरूप जो लाभ हुए हैं उन्हें नजर अंदाज भी नहीं किया जा सकता है। परिवर्तन की इस प्रक्रिया ने थारू जनजाति को नए धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। उनमें परम्परागत सांस्कृतिक मूल्य समाप्त हो रहे हैं और नए सांस्कृतिक प्रतिमानों को अपना रहे हैं। यह शोध पत्र थारू जनजाति की संस्कृति पर आधुनिकीकरण के प्रभाव से हुए परिवर्तनों का विश्लेषण करता है।

मूल शब्द– आधुनिकीकरण, संस्कृति, परिवर्तन, प्रभाव।

प्रस्तावना

भारत एक बहु–जातीय समूहों का देश है और थारू जनजाति उनमें से एक है। वे इस क्षेत्र के सबसे बड़े और सबसे पुराने आदिवासी समुदाय में से एक हैं। वे आमतौर पर किसान और फेरीवाले होते हैं। वे अपनी थारू भाषा बोलते हैं जिसे ''थरुहाटी'' कहा जाता है और लिपि देवनागिरी है तथा संचार उद्देश्य के लिए वे हिंदी भी बोलते हैं। संविधान द्वारा (अनुसूचित जनजाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967 के माध्यम से थारूओं को उत्तर प्रदेश में चार अन्य

जनजातियों (बोक्सा, भोटिया, जौनसारी और राजी) के साथ अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिला है। जनसंख्या के अनुसार, थारू सभी मौजूदा पांचों में सबसे अधिक आबादी वाला समूह है। उत्तर प्रदेश में जनजातीय समूह थारू समुदाय की अधिकांश आबादी भारत–नेपाल सीमा पर भाभर तराई क्षेत्र में मौजूद है।[1]

कहा जाता है कि भारत में इस्लाम के प्रवेश से पहले ही अरब तथा भारत में व्यापारिक संबंध थे। **के. दामोदरन** लिखते हैं कि इस्लाम के जन्म से बहुत पहले से ही अरब के निवासियों के भारत की जनता के साथ संपर्क थे। इनमें से कुछ अरब, भारत के पश्चिमी तट पर बस गये थे। ये लोग आक्रमणकारी के रूप में नही बल्कि तिजारत करने वाले लोगों के रूप में आये थे।' इसके लिये मूख्य कारण आर्थिक था। अरब नाव बनाने और व्यापार में बहुत प्रवीण थे। मालाबार के राजा चेरमान पेरूमल ने इनको बहुत संरक्षण दिया और वह खुद भी मुसलमान बन गया। लेकिन भारत में मुस्लिम धर्म के प्रवेश का महत्त्वपूर्ण दौर आठवी शताब्दी के आरम्भ में शुरू हुआ जब हिन्दुस्तान के उत्तर–पश्चिम से मुहम्मद बिन कासिम ने आक्रमण किया और सिंध तथा दक्षिण पंजाब को जीत लिया।

आगामी अध्याय में मुस्लिम शासन के मध्यकालीन भारत में मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि के प्रसंग में इन बातों पर विस्तार से विमर्श किया जायेगा। परन्तु इससे पहले यह तथ्य जान लेना चाहिए कि भारत में थोपे गए इस्लाम का संस्करण इस्लामी शरीयत (विधि) की चार बड़ी शाखाओं में सबसे उदार हनफी शाखा पर आधारित था।

उद्देश्य

इस्लाम का प्रसार एवं हिन्दुओं का धर्मान्तरण बलपूर्वक या शान्तिपूर्ण ढंग से, का विश्लेषण करना।

मध्यकालीन भारत में मुसलमान जनसंख्या में वृद्धि का विश्लेषण करना।

शोध पद्धति

प्रस्तुत शोध पत्र ऐतिहासिक, वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध पद्धति पर आधारित है। इसके स्रोत के रूप में प्राथमिक एवं द्वितीयक डाटा का प्रयोग किया गया है।

ध्यातव्य है कि इस्लाम भारतीय धर्म नहीं था और इसके मानने वाले भारत में शुरुआती आक्रमणकारी थे जिन्होंने बाद में सफलतापर्वूक अपनी शक्ति संगठित की। हजार वर्षों के बर्बर इस्लामी मुस्लिम शासन के भेदभावपूर्ण एवं दमनकारी कठोर सामाजिक–सांस्कृतिक व धार्मिक उन्मादी नीतियों के बावजूद प्रायद्वीपीय भारत में 80 प्रतिशत आबादी अ–मुस्लिम (हिन्दुओं) की बनी रही परन्तु 20 प्रतिशत भारतीय क्यों और कैस मुस्लिम बने, मुसलमानों की जनसंख्या कैसे बढ़ गयी आदि जैसे तथ्यों की व्याख्या भारत में इस्लाम में धर्मान्तरण के रूप में अधिकांश स्पष्टीकरण तीन बुनियादी सिद्धान्तों के अन्तर्गत हम देखेंगे। इनमें सबसे पुराना **'तलवार का धर्म' सिद्धान्त** है। इस्लाम के पश्चिमी इतिहासलेखन में एक विषय के रूप में इसका एक लंबा और थकाऊ इतिहास है जो धर्मयुद्ध के समय से शुरु होता है और भारतीय इस्लाम के लिए

भी, इसके हमेशा समर्थक रहे है तथा दूसरा आमतौर पर आगे बढ़ाया जाने वाला दूसरा सिद्धान्त **'राजनीतिक संरक्षण सिद्धान्त'** है, यह विचार कि मध्यकालीन काल के भारतीयों ने शासक वर्ग से कुछ गैर–धार्मिक लाभ प्राप्त करने के लिए धर्म परिवर्तन किया–करों से राहत, नौकरशाही में पदोन्नति, और इसी तरह की अन्य चीजें। उदाहरण के लिए, चौदहवीं शताब्दी की शुरुआत में, इब्न बतूता ने बताया कि भारतीयों ने खुद को इस्लाम में धर्मान्तरित किया। खलजी सुल्तानों के नए धर्मांतरित लोगों के रूप में, जिन्होंने बदले में उन्हें उनके पद के अनुसार सम्मान के वस्त्र देकर पुरस्कृत किया। फिर, उन्नीसवीं सदी की जनगणना रिपोर्ट में मध्ययुगीन ऊपरी भारत के भूमिधारक परिवारों के बारे में बताया गया है, जिन्होंने राजस्व का भुगतान न करने के कारण कारावास से बचने के लिए या परिवार के नाम पर पैतृक भूमि को संरक्षित करने के लिए खुद को मुसलमान घोषित कर दिया। ''राजनीतिक संरक्षण'' की घटना धीरे–धीरे खुद को भारतीय इस्लाम में ढाल रहे थे। गंगा के मैदान के कायस्थ और खत्री, महाराष्ट्र के पारसनी और सिंध के आमिल, सभी ने सरकार की सभी स्तरों पर क्लकों और प्रशासनिक कर्मचारियों की बड़ी जरूरत को पूरा करने के कारण मुस्लिम संस्कृति को विकसित किया, जिसकी तुलना अजीज अहमद ने बाद की 'पश्चिमीकरण' प्रक्रिया से की। अंततः पकड़े गए सैनिकों या दासों का जो अपने परिवारों से अलग कर दिए गए थे, सांस्कृतिक रूपांतरण ने इस प्रक्रिया का एक और आयाम बनाया। धर्मांतरण के लिए एक तीसरे सिद्धान्त का अक्सर हवाला दिया जाता है, जो लम्बे समय से इस घटना की सबसे लोकप्रिय व्याख्या रहा है–**''सामाजिक मुक्ति का धर्म''** सिद्धान्त। ब्रिटिश नृवंशविज्ञानियों, पाकिस्तानी नागरिकों और कई अन्य लोगों के अलावा भारतीय मुसलमानों द्वारा विस्तृत रूप से मूल्यांकन किए गए इस सिद्धांत का सार यह है कि हिंदू जाति व्यवस्था सामाजिक संगठन का एक कठोर भेदभावपूर्ण रूप है और सबसे निचली और सबसे पतित जातियों ने इस्लाम में सामाजिक समानता की विचारधारा को मान्यता देते हुए, ब्राह्मणवादी उत्पीड़न से बचने के लिए सामूहिक रूप से इसे अपना लिया।

जबरन बल प्रयोग द्वारा धर्मान्तरण

धातव्य है तलवार के बल पर धर्मांतरण रसूल मुहम्मद द्वारा तब प्रारम्भ किया गया जब उसने **कुरान 9:5** में दिये गये अल्लाह के आदेश के अनुपालन में बहुदेववादियों को विकल्प दिया कि या तो वे मृत्यु का वरण करे अथवा इस्लाम स्वीकार करे। सर्वप्रथम भारत पर प्रथम मुस्लिम आक्रमण की बात करते है जो 712 ई. में मुहम्मद बिन कासिम द्वारा सिंध पर किया गया था। सिंध पर अरबों की जीत की सबसे प्रसिद्ध मुस्लिम इतिहास किताब **'चचनामा'** है जिसमें उक्त विजय का चित्रलिखित वर्णन है।

जब मुहम्मद बिन कासिम ने सिंध विजय प्रारम्भ किया, तो जिन स्थानों पर उसका प्रतिकार हुआ वहाँ उसने मृत्युतुल्य पीड़ा देकर लोगों को इस्लाम में धर्मांतरण की नीति अपनायी। उसने उन लोगों को स्थान दिया, जिन्होंने उसकी हमलावार सेना का प्रतिकार किये बिना आत्मसमर्पण कर दिया। उसने ऐसे लोगों पर धर्मांतरण का दबाव नहीं डाला।

मुसलमानों की घृणित सोच का अंदाजा हम इससे लगा सकते है जब कासिम की नरम नीतियों की सूचना बगदाद के हज्जाज में उसके संरक्षक के पास पहुँची तो उसने इस नरमी को अस्वीकार करते हुये कासिम को लिखा;

''मुझे ज्ञात है कि जिन पद्धतियों और नियमों का तुम पालन करते हो, वो (इस्लामी विधि) के अनुरूप हैं। बस इसके अतिरिक्त कि तुम छोटे और बड़े सबको समान रूप से संरक्षण देते हो और शत्रु और मित्र में कोई भेद नहीं करते हो। अल्लाह कहता है, 'काफिरों को स्थान मत दो, बल्कि उनका गला रेत दो'। तो यह जान लो कि यह महान अल्लाह का आदेश है। तुमको संरक्षण देने में इतना तत्पर नहीं होना चाहिए, इसके बाद किसी भी शत्रु को संरक्षण मत दो, सिवाय उनके जो तुम्हारे में सम्मिलित हो गये हों (इस्लाम स्वीकार कर लिया हो)। यह एक उत्तम संकल्प हैं, और ऐसा बड़प्पन नहीं भी दिखाओगे, तो तुम पर कलंक नहीं लगेगा।''

दूसरा नरसंहार असकलन्दा में हुआ जहाँ लोगों ने हिन्दू सेनापति के भाग जाने के बाद आत्मसर्पण कर दिया था। **'चचनामा'** में मुल्तान को मुहम्मद बिन कासिम की भारी जीत की घोषणा एक ब्राह्मण के इन शब्दों में की है, ''मूर्ति पूजा अब खत्म हो गयी, मंदिर तोड़ दिये गये, दुनिया ने इस्लाम की रोशनी पा ली और मूर्ति–मंदिरों की जगह मस्जिदें बना दी गयी।'' वह ब्राह्मण एक नया धर्मांतरित मुसलमान था।

इसी तरह **अल बिलाजुरी** जो 892–93 में मरा था, उसने सिंध पर अरबों की जीत का वर्णन किया है। उसने अपनी पुस्तक **'फुटुहुल–बुल्दान'** में कहा है, ''हमें बताया गया है कि हज्जाज ने मुहम्मद बिन कासिम के इस अभियान के खर्च और उससे आयी लूट का हिसाब करवाया था। उसने 6 करोड़ दिरहम खर्च किये थे और जो उसे वापस मिला वह 12 करोड़ दिरहम तक था।''

इसी क्रम में सुल्तान महमूद गजनबी की चर्चा करना अवश्यम्भावी हो जाता है जब 1000 ई. में उसने काबुल के हिन्दू शाहिया वंश के राजा जयपाल को हराया क्योंकि यह राजवंश लम्बे समय से उत्तर–पश्चिम में भारत का द्वार रक्षक रहा था। महमूद के सचिव **अबू नस्त्र अल उत्बी** ने **'तारीखे यामीनी'** में लिखा है, 'सुल्तान महमूद की कन्नौज की जीत में वहाँ के निवासियों ने या तो इस्लाम स्वीकार कर लिया अथवा तलवारों का भोजन बनाने के लिये शस्त्र उठा लिये।'

महमूद द्वारा सोमनाथ का ध्वंस इतना जाना–माना है कि उसे यहाँ दुहराने की जरूरत नहीं। महमूद जिन भी क्षेत्रों या प्रदेशों को जीतता था वहाँ किसी ऐसे धर्मांतरित राजकुमार को सिंहासन पर बैठा देता जो इस्लामी कानूनों के अनुसार राज्य शासन चलायें और इस्लाम के प्रसार पर ध्यान दे तथा मूर्ति पूजा का दमन करे। इसका अर्थ यह है कि सुल्तान महमूद ने भारत में अपने अभियान में केवल बलपूर्वक धर्मांतरण ही नहीं कराया अपितु उसने यह भी सुनिश्चित किया कि उसके गजनी जाने के बाद यहाँ के धर्मांतरित मुसलमान अपने पूर्वजों के धर्म में वापस न जाने पाये।

इसी प्रकार 12वीं सदी की अंतिम चौथाई में मुहम्मद गौरी ने इस्लामी साम्राज्यवाद का नया हमला शुरू किया। **इब्न असीर** की पुस्तक **'कामिल–उत–तवारीख'** के अनुसार, ''(वाराणसी) में काफिरों का जबरदस्त कत्ले आम हुआ, बच्चों ओर स्त्रियों के सिवा किसी को नहीं छोड़ा गया''। इन्हें इसलिये बख्श दिया गया ताकि गुलाम बनाकर सारी इस्लामी दुनिया में बेचा जा सके। यहाँ यह बताना आवश्यक होगा कि इसी समय सारनाथ में बौद्ध परिसर ध्वस्त कर दिया गया और भिक्षुओं का कत्ल कर दिया गया।

'हसन निजामी' की पुस्तक **'ताज–उल–मासीर'** में वर्णित है कि 1194 ई. में ऐबक ने दिल्ली में 27 हिन्दू मंदिर तोडे और उस सामग्री से **'कुव्वत–उल–इस्लाम'** मस्जिद बनवायी। अजमेर लौटने के बाद ऐबक ने विशाल देव का संस्कृत कॉलेज नष्ट कर दिया और एक मस्जिद की नींव रखी जो **'अढ़ाई दिन का झोपड़ा'** नाम से जाना गया।

दास/गुलाम के रूप में धर्मांतरण

जैसा कि **'चचनामा'** में वर्णन है कि रावर पर कासिम के हमले में 60,000 दास बनाये गये थे। **चचनामा** के अनुसार, सिंध की जीत के अंतिम चरण में एक लाख स्त्रियों और बच्चों को गुलाम बनाया गया।' वह बन्दी बनायी स्त्रियों व बच्चों एवं लूट के अन्य माल में पांचवा भाग, **कुरान (8:41)** सुन्नत और शरिया के अनुसार राज्य के भाग के रूप में दमाकस में स्थित खलीफा के पास भेज देता था और शेष फौजियों में बांट देता था। इस विवरण से यह पता चलता है कि वयस्क पुरुषों में से बहुत से लोग तलवार से बचने के लिये अपनी स्त्रियों और बच्चों को छोड़कर सभी दिशाओं में भागे। उन स्त्रियों और बच्चों को बलपूर्वक दास बना दिया गया। एक दशक की छोटी अवधि में वो बंदी बनाये गये बच्चे मुसलमान राज्य के लिये इस्लाम के क्षेत्र के प्रसार, परास्त काफिरों के धर्मान्तरण, उनकी स्त्रियों व बच्चों को दास बनाने, संपत्ति लूटने के लिये नये जिहाद अभियान प्रारम्भ करने के साधन बन गये।

दास बनायी गयी स्त्रियां बच्चे पैदा करने के उपकरण के रूप में; बन्दी बनायी गयी स्त्रियों की कुरानी स्वीकृति और पैगम्बरी प्रथाओं अर्थात् सुन्नत के अनुपालन में उनके मुसलमान मालिकों द्वारा लौंडी (सेक्स–स्लेव) के रूप में उपयोग किया जाता था। इसलिये उन स्त्रियों ने न केवल मुसलमानों की जनसंख्या बढ़ाने में योगदान दिया अपितु वो प्रजनन के माध्यम से मुसलमानों की जनसंख्या बढ़ाने वाली मूल्यवान साधन भी बन गयी। जब वो स्त्रियाँ, विशेष रूप से प्रजनन की आयु वाली स्त्रियाँ उठा ले जायी गयी तो हिन्दू पुरुष, जो भाग गये थे, अपनी स्त्रियों और बच्चों को ढूँढ़ने आये तो पाया कि वे नहीं है। परिणामस्वरूप प्रजनन के लिये उनके पास पर्याप्त स्त्रियाँ नहीं रही। इसका अर्थ यह हुआ कि जब भी मुसलमानों ने सफल हमला किया तो हिन्दू समुदाय में प्रजनन तेजी से घटा। दूसरी तरफ मुहम्मद बिन कासिम के साथ आये कुछ हजार आदमियों के पास अधिकतम क्षमता तक बच्चा जनने के लिये पर्याप्त यौन–संगी थे। यहाँ तक कि बादशाह अकबर ने अपने हरम में 5000 सुंदर स्त्रियों को रखा था। मोरक्कों के सुल्तान 'मौला इस्माइल' (1672–1727) ने अपनी 2000–4000 बीवियों और यौन दासियों से 1200 बच्चे उत्पन्न किये थे।

इस तरह परास्त हिन्दुओं को व्यापक स्तर पर दास बनाने और विशेषकर महिलायें जो मुस्लिम बच्चों को जन्म देने में संलिप्त की गयी, को बलपूर्वक दास बनाने की प्रथा ने मुस्लिम जनसंख्या की तीव्र वृद्धि में सहायक बनी। इससे अप्रत्यक्ष रूप से हिन्दुओं की संख्या, इस कारण भी घटी क्योंकि बचे हुये हिन्दू पुरुषों को गर्भधारण करने योग्य महिला साथी से वंचित करके प्रजनन से हीन कर दिया गया।

फख़–ए–मुजाबिर में मुईजुद्दीन और ऐबक के अत्याचार के बारे में कुछ इस तरह लिखा है; यहाँ तक कि निर्धन (मुसलमान) परिवार भी कई–कई दासों के मालिक बन गये।

अकबर का शासन आने तक मुस्लिम शासित भारत में पकड़कर बलपूर्वक दास बनाना सामान्य नीति बना रहा। अकबर (शासन 1556–1605) ने जंग के मैदान में सामूहिक रूप से दास बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन इसके बावजूद भी यह प्रथा उसके राज्य में भी पूरे प्रभाव से चलती रही। **मोरलैण्ड** इस बात की पुष्टि करते है कि अकबर के शासन में ''बिना किसी औचित्य के किसी गांव या गांवों के समूहों पर हमला करना और वहां के लोगों को दास बनाकर पकड़ कर लाना फैशन हो गया था।'' इसलिये कोई आश्चर्य नहीं लगता कि अकबर के एक **जनरलअब्दुल्ला खान** उज्बेग ने डींग हाकते हुये घोषणा की थीः

'मैंने पांच लाख (500,000) पुरुषों और स्त्रियों को बन्दी बनाया और उन्हें बेंच दिया। वे सब के सब मुसलमान बना दिये गये। उनकी संततियों से कयामत के दिन तक करोड़ों (एक करोड़=दस मिलियन) होंगे।'

अकबर की मृत्यु के पश्चात् जहांगीर और शाहजहां के शासन के समय भी धीमी गति से इस्लामीकरण चलता रहा।वह औरंगजेब था जिसने अपनी राज्यनीति में दास बनाने और बलात धर्म परिवर्तन कराने का काम पूरे छल और बल के साथ प्रारम्भ किया। आगामी अध्याय में औरंगजेब की विस्तृत चर्चा की जायेगी....।

आधुनिक काल में भी मुस्लिम देशों में दास प्रथा जैसी कुप्रथा का अस्तित्व कायम है; सऊदी अरब, सूडान और मॉरीतानिया में यह कुप्रथा आज भी विभिन्न रूपों में है। रायटर्स ने कुछ समय पूर्व स्लेवरी स्टिल एग्रिस्ट इन मॉरीतानिया शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिसमें कहा गया थाः

''वे जंजीरों में जकड़े हुए नहीं होते, न ही उनकी पहचान अपने स्वामियों के चिह्न से होती है, किंतु दास मॉरीतानिया में आज भी हैं.....। सहारा मरूस्थल के तपते बालू के टीलों के बीच ऊंट या बकरी चराते हुए अथवा नौककचोत की समृद्ध हवेलियों में अतिथियों को गर्म पिपरमिंट चाय परोसते हुए, मॉरीतानियाई दास अपने स्वामियों की सेवा करते है और एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक चल संपत्ति के रूप में हस्तांतरित कर दिये जाते है....। दासप्रथा–विरोधी कार्यकर्ता कहते हैं कि दासों की संख्या हजारों में हो सकती है। जन्म से ही दास रहे और दासप्रथा विरोधी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत बाउबाकर मेस्सॉउद ने रायटर्स को बताया कि 'यह वैसा ही है जैसे कि एक भेड़ या बकरी रखना। यदि कोई स्त्री दास है, तो उसकी संतान भी दास होगी।'

सऊदी अरब में दासप्रथा अभी भी चल रही है; परंतु मजहबी इस्लामी राज्य की रहस्यमयी व्यवस्था के कारण, इसके बारे में सूचनाएं बहुत कम बाहर आ पाती है। शेखों के घरों में नौकरानी का काम करने के लिये सऊदी अरब जाने वाली बांग्लादेश, इंडोनेशिया, फिलीपींस, श्रीलंका आदि निर्धन देशों की लाखों युवा महिलाएं घरों में निरूद्ध रहकर एक प्रकार के दास का जीवन जीती हैं। उनमें से बहुलता में महिलाएं कुरआन में स्वीकृत रखैल प्रथा का अनुपालन करते हुए अपने मालिकों को यौन सेवा भी देती है। सऊदी अरब के कोलारोडो विश्वविद्यालय में पीएचडी के छात्र **होमैदान अल–तुर्की** को जब अपनी इंडोनेशियाई नौकरानी पर यौन हमला करने के लिए 2006 में बीस वर्ष का दंड दिया गया, तो उसने अपने अपराध को यौन हमला मानने से ही अस्वीकार कर दिया और उसने दावा किया कि यह 'एक पारंपरिक मुस्लिम व्यवहार है।'

टाइम्स ऑफ इण्डिया ने 10 दिसम्बर 1993 में लिखा था कि 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि अरब के समृद्ध महलों में आज भी कई हजार दास सेवारत है। मलेशिया, भारत, श्रीलंका, इजिप्ट व अन्य निर्धन देशों की बहुधा यात्रा करने वाले वृद्ध व धनी सऊदी शेख अभिभावकों को धन देकर निर्धन परिवारों की युवा लड़कियों को शादी के लिये क्रय कर लेते हैं और उन्हें सऊदी अरब ले जाते है और स्वाभाविक है कि वे वहां कुछ और नहीं, अपितु सेक्स–स्लेव बनकर रहती हैं।

दमनकारी करों के दबाव में धर्मांतरण

जैसा कि पहले बताया जा चुका है कि भारत में इस्लाम की हनफी शाखा का प्रभाव रहा, यह थोड़ा उदार प्रवृत्ति का था। भारत में सिंध की जीत पर उमय्यद जिहादियों का सामना बड़ी संख्या में ऐसे बहुदेववादियों से हुआ, जो अपने धर्म पर अडिग थे चूंकि उमय्यद हमलावरों की रूचि मुहम्मद के मजहब को लागू करने में उतनी रूचि नहीं थी जितनी कि करों से अपना कोषागार भरने की तो उन्होंने बड़ी संख्या में भारत के बहुदेववादियों को अपने राजस्व का स्रोत बनाकर छोड़ दिया। इसलिये उमय्यद सुल्तानों ने कुरआन (9:5) का उल्लंघन करते हुये इन बहुदेववादियों को जिम्मी प्रजा की श्रेणी में ला दिया।

इस तरह यह कल्पना करना कठिन नहीं कि इस प्रकार के व्यवहार से उन पर इस्लाम में धर्मांतरित के लिये कितना मनोवैज्ञानिक दबाव पड़ा होगा। विशेषतः मध्यकाली भारत में ये मानक सिद्धान्त कैसे लागू किये गये इसकी चर्चा हम आगे करेंगे क्योंकि बादशाह औरंगजेब द्वारा 1679 में पुनः जजिया कर लगाते हुये (अकबर ने 1554 से जिसे हटा दिया था) उसके भुगतान में कुछ इस तरह का आदेश दिया गयाः

''मृत्यु होने अथवा इस्लाम स्वीकार कर लेने पर जजिया समाप्त हो जाता है.....अ–मुस्लिम को जजिया भुगतान करने स्वयं आना चाहिए यदि वह अपने किसी सहायक को भेजे, तो उसका जजिया नहीं स्वीकार किया जाना चाहिए। जजिया भुगतान के समय अ–मुस्लिम को खड़ा रहना चाहिए, जबकि लेने वाले मुखिया को बैठे रहना चाहिए। अ–मुस्लिम का हाथ नीचे होना चाहिए और उस मुखिया का हाथ इसके ऊपर होना चाहिए और उसे कहना चाहिए, 'रे अ–मुस्लिम! जजिया दे..... ।''

बादशाह अकबर जो हिन्दुओं के प्रति थोड़ा उदार नीतियों का अनुयायी था जिसके लिये उसके विरोध में कई मुस्लिम सूफी, एवं इस्लामी अनुयायी उठ खड़े हुये। इसका अंदाजा हम सूफी उस्ताद शैख अहमद सरहिंदी (1564–1624) के इस कथन से लगा सकते हैः

''इस्लाम का सम्मान कुफ्र (अल्लाह, उसके रसूल और इस्लाम को न मानना) एवं काफिरों के अपमान में निहित होता है। जो कोई भी काफिरों का सम्मान करता है, वह मुसलमान का अपमान करता है।''

यह समझना कठिन नहीं है कि हिन्दुओं पर धर्मान्तरण का मनोवैज्ञानिक दबाव डालने के लिये उन्हें अपमान और अवमूल्यन के किस स्तर पर ला दिया गया था तथा उन्हें प्रलोभन दिया जाता कि मुसलमान बन जाये, तो भेदभावपूर्ण कर जजिया, खरज व अन्य आर्थिक बोझों से मुक्त हो जायेंगे।

जैसा कि सबसे बड़ा कर खरज था। सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी (1296–1316) के काल में किसान एक प्रकार से शासन के बंधुआ दास हो गये थे, क्योंकि उनकी उपज का 50–60 प्रतिशत करों के रूप में और मुख्यतः खरज कर के रूप में छीन लिया जाता था। यहाँ तक कि अकबर के शासन में भी कश्मीर के उपज का एक तिहाई भाग खरज कर के रूप में निर्धारित किया गया था। जैसा कि सुल्तान **फिरोजशाह तुगलक (1351–88)** ने अपने संस्मरण, **फतुहत–ए–फिरोजशाही'** में लिखा है कि यह उत्पीड़नकारी प्रलोभन धर्मांतरण के बहुत काम आया :

''मैंने अपनी काफिर प्रजा को रसूल के मजहब को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित किया, और घोषणा की कि जो कोई भी पंथ को दुहराया और मुसलमान बना, उसे जजिया अथवा पोल कर से मुक्त कर दिया जाएगा। लोगों तक इसकी सूचना विलंब से पहुंची, और बड़ी संख्या में हिंदू स्वयं उपस्थित हो गये तथा इस्लाम के सम्मान में लाये गये। इस प्रकार वे प्रत्येक क्षेत्र से दिन प्रतिदिन आने लगे, और, इस्लाम स्वीकार करने के साथ जजिया से मुक्त कर दिये गये, एवं सम्मान व उपहार से उपकृत किये गये।''

औरंगजेब के काल में बर्बर धर्मांतरण

उत्तरी भारत में मुस्लिम जनसंख्या की वर्तमान जननांकिकी व्यापक रूप से बर्बर औरंगजेब के समय आकार दी गयी, क्योंकि उसके काल में बलपूर्वक एवं अन्य उत्पीड़नकारी बाध्यताओं के कारण बड़े स्तर पर धर्मांतरण हुये थे। **इब्नअस्करी** ने **'अल–तारीख'** में लिखा है कि बादशाह औरंगजेब ने धर्मांतरण के लिये शासन में प्रशासनिक पद, बंदीगृहों से बंदियों की मुक्ति, पक्ष में विवादों का बंटवारा और शाही परेड का सम्मान आदि का प्रलोभन भी दिये। अतः अनेक कुख्यात अपराधियों ने इस्लामी पंथ स्वीकार कर लिया।

उत्तर–पश्चिम प्रांत में जिसमें कि आज के राज्य उत्तरप्रदेश व दिल्ली आते हैं, के गजट में लिखा हैः ''अधिकांश मुसलमान किसान अपने धर्मांतरण की तिथि औरंगजेब के शासन का बताते है और कहते है कि कभी उत्पीड़न करके उन्हें मुसलमान बनाया गया तो कभी वे इसलिये मुसलमान बन गये क्योंकि वे कर चुकाने में असमर्थ हो गये थे और मुसलमान बन जाने में उनका अधिकार बच जाता।'' यूरोपियन दरबारी **निकोलोमैनुसी** जो कि औरंगजेब के शासन के समय में भारत रहे थे, ने अपने कथन में इस बात की पुष्टि की है ''कर भुगतान में असमर्थ बहुत से हिन्दू–मुसलमान बन गये, जिससे कि वे कर उगाहने वालों के अपमान से बच सके।''

सूरत के इंग्लिश फैक्ट्री के अध्यक्ष **थॉमस रोल** ने लिखा है कि औरंगजेब द्वारा जजिया दोहरे उद्देश्यों से लिया जाता था, जिसमें से एक उद्देश्य अपने कोषागार में धन भरना था और दूसरा यह था कि इससे जनसंख्या के निर्धन वर्ग पर मुसलमान बनने के लिये दबाव डाला जाये।''

15 दिसम्बर 1666 ई0 को औरंगजेब ने राजदरबार और प्रांतों के शाही दरबार की सेवाओं से हिन्दुओं को निकाल बाहर करने तथा उनके स्थान पर मुसलमान को नियुक्त करने का आदेश दिया। इस आदेश से हिन्दुओं पर अपनी आजीविका बचाने के लिये धर्मांतरित होने का और दबाव पड़ा।

औरंगजेब ने सन् 1685 में एक आदेश दिया कि प्रांतों के उसके अधिकारी हिन्दुओं को इस्लाम में धर्मांतरित होने के लिये प्रोत्साहित करने के लिये प्रस्ताव दे कि जो भी हिन्दू पुरुष मुसलमान बनेगा, उसे चार रूपये और जो भी हिन्दू स्त्री मुसलमान बनेगी, उसे दो रूपये दिये जायेंगे। उस समय चार रूपये की राशि पुरुष की पूरे माह की आजीविका के बराबर हुआ करती थी। एक मुगल पत्रक में लिखा है कि बिठुर के फौजदार शेख अब्दुल्ला मोमिन द्वारा 150 हिन्दुओं को सरोपा (सम्मान की पगड़ी) और नगदी देकर मुसलमान बनाया था।

इस्लामी क्रूरता बाद में गुरु नानक के अनुयायियों पर भी आ पड़े। औरंगजेब ने कश्मीर के पंडितों का बलपूर्वक सामूहिक धर्मान्तरण कराया। दुःखी पण्डित पंजाब के सिक्ख गुरु तेग बहादुर के पास आये। जब गुरु कश्मीरियों के अवैध धर्मांतरण के बारे में पूछताछ करने औरंगजेब के दरबार में आयें तो उन्हें बन्दी बना लिया गया और कई सप्ताह तक उन पर अत्याचार करते हुये उन्हें धर्म परिवर्तन को कहा गया। धर्म परिवर्तन न करने पर अंततः उनका (साथ में दो शिष्यों का भी) सिर धड़ से पृथ्थक कर दिया गया। इसके बाद 1705 में औरंगजेब ने गुरु गोविन्द सिंह (गुरु तेग बहादुर के बेटे) और उनके अनुयायियों को सुरक्षित जाने देने का आश्वासन दिया और जब वो अनुयायी बाहर आये, तो वे जिहादी विश्वासघात कर उन पर टूट पड़े और गुरु गोविन्द के परिवार सहित (यद्यपि गुरु गोविन्द सिंह इस बार बच निकले थे किन्तु अंततः 1707 में सरहिन्द में औरंगजेब के गवर्नर वजीर खान ने उनको मार दिया) उन अनुयायियों व उनके परिवारों को काट डाला।

सिकन्दर बुतशिकन (1389–1418) के शासन में वो और उसका वजीर जो कि ब्राह्मण था और मुसलमान बन गया था, मिलकर कश्मीरी हिंदुओं पर भयानक अत्याचार करने लगे। फरिश्ता में सिंकदर का एक आदेश कुछ इस प्रकार है;

''कश्मीर में मुसलमानों के अतिरिक्त किसी और के निवास पर रोक लगाते हुए; और उसने आदेश दिया कि कोई व्यक्ति अपने माथे पर तिलक (जो कि हिन्दू लगाते है) नहीं लगाये...अंत में उसने बल दिया कि सोने और चाँदी की सभी मूर्तियाँ तोड़ दी जाय और उन्हें गला दिया जाये, तथा उससे मिली धातु के सिक्के ढाल दिये जाये। बहुत से ब्राह्मणों ने अपना धर्म या अपना देश छोड़ने की अपेक्षा विष पी लिया; कुछ अपने पैतृक स्थान छोड़कर चले गये, जबकि बहुत थोड़े से लोग नष्ट हो जाने से बचने के लिये मुसलमान बन गये। ब्राह्मणों को निर्वासित करने के बाद सिकन्दर ने आदेश दिया कि कश्मीर के सभी मंदिर तोड़ दिये जाये.... कश्मीर में सभी मूर्तियों को तोड़ने के बाद उसने बुतशिकन (मूर्तिभंजक), मूर्तियों का नाश करने वाला की उपाधि प्राप्त की।''

स्वैच्छिक धर्मांतरण को लेकर मिथक

आधुनिक इस्लामी विद्वानों व इतिहासकारों, यहाँ तक कि अ–मुस्लिम इतिहासकार भी, ने मध्यकालीन भारत और अन्य स्थानों पर मुसलमान जनसंख्या की वृद्धि को लेकर मिथकों की मोटी धुंध रच रखी है। वह मिथक यह है कि विजित काफिरों ने जब इस्लाम के शांति व न्याय के संदेश को सुना तो अपनी इच्छा से इस्लाम स्वीकार कर लिया।

भारत में मुसलमान दावा करते है कि सामाजिक रूप से भेदभाव व अत्याचार का सामना कर रहे निम्न जाति के हिन्दुओं ने ही अधिकांशतः इस्लाम में धर्मांतरण किया, क्योंकि इस्लाम में सभी के लिये समानता का संदेश है। यद्वपि जिन मध्यकालीन इस्लामी लेखकों ने कभी–कभी धर्मांतरण का पूर्ण विस्तार से विवरण दिया है, उन्होंने भी इस तथ्य का कहीं उल्लेख नहीं किया है। यह हो सकता है कि निम्न जाति के हिन्दुओं के धर्मान्तरण का अनुपात अधिक हो, किन्तु ऐसा होने का कारण पूर्णतः भिन्न था। वे हिन्दू समाज के निर्धनतम वर्ग से थे और वे दमनकारी खरज, जजिया व अन्य करों से स्वाभाविक रूप से सबसे अधिक कष्ट में थे। उपमहाद्वीप में मुसलमान जनसंख्या का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि धर्मान्तरण समाज के सभी वर्गों में हुआ था। यह लक्ष्य है कि आज भी भारत के 70 प्रतिशत हिन्दू निम्न वर्ग से संबंध रखते है इस तथ्य से यह दावा झूठा सिद्ध हो जाता है कि इस्लाम के श्रेष्ठ संदेश से प्रभावित होकर निम्न वर्ग के हिन्दू बहुत बड़ी संख्या में इस्लाम के झण्डे में नीचे आ गये।

तत्कालीन परिस्थितियों को समझते हुए अगर यह मान भी लिया जाय कि निम्न वर्ग की हिन्दू जातियों ने भेदभाव एवं जाति व्यवस्था से त्रस्त होकर इस्लाम अपनाया तो भी इस तथ्य से संबंधित हमें कोई प्रामाणिक साक्ष्य या विमर्श नहीं मिलते है क्योंकि मुस्लिम समाज सैद्धान्तिक समानता के बावजूद विविध श्रेणियों में विभक्त था। इसका कारण यह है कि कोई भी समाज जो आर्थिक दृष्टि से विकसित होता है, सामाजिक स्तरीकरण की प्रक्रिया से नहीं बच सकता। इस्लाम के साथ भी यही हुआ, अपने उदय के समय से ही इस समाज में आर्थिक भिन्नताएँ मौजूद थीं। इसी आर्थिक भिन्नता ने मुस्लिम समाज को वर्गों में विभाजित कर दिया, विभाजित वर्गों के अपने अलग–अलग हित थे। ये वर्ग कई उपवर्गों में भी बँटे, हिन्दुस्तान में जातियों के समुच्चय से वर्ग निर्धारण को पहचाना गया। जाति और वर्ग के फर्क को समझना भी जरूरी है वस्तुतः जाति आदमी के जन्म से निर्धारित होती है इसलिए इसे अपरिवर्तनीय माना गया, जबकि पूँजीवादी व्यवस्था द्वारा प्रसूत वर्ग व्यक्ति की पदवी प्रतिष्ठा संपत्ति पर निर्भर है।

''वर्ग तो बाहरी संपत्ति के आधार पर बनते हैं जबकि जाति दिमाग के अन्दर बसे पूर्वाग्रहों, विशिष्ट पहचान और श्रेष्ठताबोध के आधार पर फलती–फूलती है। जातियों के बीच दुश्मनी या उग्रता का भाव इन पूर्वाग्रहों को और पुख्ता बनाता है और इनके बीच अलगाव बनाने वाली शक्तियों को ही मजबूत करता है। जातियों में जोर जबर्दस्ती से बदलाव भी नहीं किया जा सकता जब कि कई बार धर्मांतरण हो जाता है। जातीय या नस्लवाली पहचान की तरह, जिससे जाति बहुत हद तक मेल भी खाती है, जाति की भावना साझा उत्पत्ति और विशिष्ट सामाजिक स्थिति के बोध में ही निहित होती है, जैसा कि कबीलों के मामले में होता है अगर कोई जाति विभिन्न समूहों को मिलाकर बनती है तब भी उनके साझा पूर्वजों और जाति की शुद्धता के मिथक गढ़ लिए जाते हैं ओर जाति चाहे ऊँची हो या नीची, सभी पर यह बात लागू होती है। इसलिए जब कोई व्यक्ति अपना धर्म बदल लेता है तब भी समूह वाली उसकी पहचान नहीं मरती।

धर्म बदलने के बाद भी जाति वही बनी रहती है। इस्लाम और ईसाई जैसे मत भी, जिनमें समानता ही बुनियादी चीज है, जाति को दबा नहीं पाते।'' यही कारण है कि मुस्लिम समाज में के स्तरीकरण के लिए हिन्दू समाज में प्रचलित 'जाति' शब्द प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए, ऐसे विद्वानों को उत्तर देते हुए इम्तियाज अहमद कहते हैं कि ''जाति प्रथा को देखने के दो तरीके

हो सकते हैं, एक सांस्कृतिक (कल्चरल) और दूसरा संरचनागत (स्ट्रक्चरल)। सांस्कृतिक दृष्टिकोण से तभी किसी सामाजिक श्रेणीकरण को जाति प्रथा का नाम दिया जा सकता है जब वे सांस्कृतिक तत्व उसमें मौजूद हों जो हिन्दू जाति प्रथा में पाए जाते हैं। दूसरा दृष्टिकोण यह मानकर चलता है कि यद्यपि सांस्कृतिक तत्व उसमें न भी पाए जाते हों और उसका आधार जन्म हो तो उसे जातिप्रथा कह कर संबोधित किया जा सकता है।...सामाजिक संरचना (ढाँचा) के स्तर पर भारतीय मुसलमान समुदाय के स्तरीकरण में जाति प्रथा के बहुत से तत्त्व मौजूद हैं। सभी सांस्कृतिक तत्त्व या तो धर्म विरोधी होने के कारण पाए नहीं जाते हैं या इस्लाम धर्म के प्रभाव के कारण फीके पड़ गए हैं। इसलिए भारतीय मुसलमान समाज के अन्दर स्तरीकरण को मैं जातिप्रथा का एक रूप मानता हूँ।...हजारों सालों के इस्लामीकरण की प्रक्रिया के बावजूद जाति के तत्त्व आज भी मौजूद हैं और इस्लामीकरण की प्रक्रिया उन्हें मिटाने में असमर्थ रही है। यह मुसिलम समाज की वास्तविकता है। सच्चिदानन्द सिन्हा, इम्तियाज अहमद की तरह जे.एच. हटन ने भी लिखा है कि ''धर्म परिवर्तन से भी जाति व्यवस्था में फर्क नहीं आता क्योंकि मुसलमान भी जो इन प्रथाओं को सिद्धान्त रूप में नहीं मानते, प्रायः व्यवहार में उनका पालन करते हैं।''

इस प्रकार इस्लाम में सिद्धान्त के आधार पर तो बराबरी की बात है पर व्यवहार के स्तर पर जाति व्यवस्था जैसी भेदभाव वाली प्रथा के लक्षण साफ दिखते हैं। सिद्धान्त और व्यवहार का यह फर्क मुस्लिम समाज में लम्बे समय से रहा है। मुस्लिम समाज तीन वर्गों में विभक्त है जिसे क्रमशः अशराफ, अजलाफ तथा अरजाल कहते हैं। ये तीनों शब्द ''उर्दू और फारसी के नहीं बल्कि खांटी अरबी भाषा के हैं, जिनका अर्थ शरीफ, नीच और कमीना होता है।''

1. अशराफ—'अशराफ' का अर्थ 'शरीफ' होता है। यह मुस्लिमों का अभिजात वर्ग है। ''इसमें भी दो भाग हैं। पहला वे जिनका खून विदेशी है, मतलब जो अरब, पर्शिया, तुर्की अथवा अफगानिस्तान से यहाँ आकर बस गए हैं। दूसरे वे सवर्ण हिन्दू, जो धर्म बदलकर मुसलमान बन गए है।'' इन बाहर से आए मुसलमानों में सैय्यद, शेख, मुगल अथवा पठान हैं। ये अपना सिजरा (फैमिली ट्री) सीधे पैगंबर के खानदान से जोड़ते हैं। उच्च हिन्दू जातियों के वंशज जिन्होंने इस्लाम ग्रहण कर लिया था, उसमें 'मुस्लिम राजपूत' प्रमुख हैं। इस वर्ग में भी ''सामाजिक दृष्टि से सैय्यद सबसे ऊपर होते हैं।''

2. अजलाफ—'अजलाफ' का अर्थ 'नीच' होता है। यह निम्न अथवा साधारण वर्ग है इसमें स्वच्छ पेशेवर जातियाँ आती हैं। इसमें हिन्दुओं की नीची जाति से धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बने लोग आते हैं। इसमें शिल्पी तथा अन्य व्यावसायिक लोग आते हैं। जैसे– जुलाहा (बुनकर), हज्जाम (नाई), धुनिया (रुई धुनने वाला), कस्साब (माँस बेचने वाला), गद्दी (चरवाहे, दूधवाले), मनहार (चूड़ी बेचने वाले), दर्जी, बढ़ई, भठियारा, नट, पनवरिया, मदरिया, टाटिया इत्यादि।

3. अरजाल—'अरजाल' अरबी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ 'कमीना' होता है। इनके लिए 1901 की जनगणना रिपोर्ट कहती है कि ''अरजाल अथवा नीची जातियों में भी जो सबसे नीचे आते हैं। इनमें हलालखोर, लालबेगी, अबदाल और बेदिया आदि शामिल हैं। इनके साथ कोई दूसरा मुसलमान सम्बन्ध नहीं जोड़ता है और जिन्हें मस्जिदों में जाने की मनाही हैं। ये सार्वजनिक दफनगाह का भी प्रयोग नहीं कर सकते। मुस्लिम समाज में इनकी स्थिति

कीड़े–मकोड़े जैसी है। मुसलमानों की इन बिरादरियों के पेशे और नाम हिन्दू दलितों से मिलते–जुलते हैं इसीलिए मुसलमानों के इस तबके के लिए 'दलित' शब्द का प्रचलन हो गया है। बिहार में पसमांदा मुस्लिम महज पिछड़े मुसलमानों के अधिकार के लिए लड़ाई का अगुआ बनकर आगे आया है। जो 'पीछे छूट गया है' उसे 'पासमांदा' कहते हैं अर्थात् सामाजिक विकास के आईने में यह वर्ग काफी पीछे छूट गया है। लालबेगी या हलालखोर सिर पर मैला ढोने वाली जाति है, ''आदमी से आदमी का पैखाना साफ कराने जैसा पेशा हिन्दुस्तान में सबसे पहले मुगलों के दौर में ही शुरु हुआ था। मुगल शासकों की हवेलियों में पैखाना साफ करने वाले और कोई नहीं मुसलमान ही थे।

प्रस्तुत शोध पत्र में पूर्व में किये विश्लेषण के पश्चात् एक प्रश्न यह उठता है कि इस्लाम तलवार के बल पर फैला, जिसका उद्देश्य मुस्लिम जनसंख्या में विस्तार करना था, तो इतने वर्षों के इस्लामी शासन के बाद भी भारत में 80 प्रतिशत जनसंख्या हिन्दुओं की कैसे बची है?

यद्यपि मुसलमानों ने मजहबी आधार पर 11वीं सदी से अधिक समय तक भारत पर राज किया किंतु कदाचित ही ऐसा हुआ कि वे समूचे देश पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित कर पायें हो। 712 ईस्वीं में सिंध में कासिम के प्रवेश के बाद प्रथम तीन सदियों में मुस्लिम शासन विशाल भारत के एक छोटे से उत्तर पश्चिम क्षेत्र तक ही सीमित रहा। इन क्षेत्रों की अधिकांश जनसंख्या अब मुसलमान है और यह तथ्य सिद्ध करता है कि मुस्लिम शासक उन्हीं क्षेत्रों में प्रभावशाली ढंग से इस्लाम थोप सकें, जहाँ उनके पास लम्बे समय तक सुदृढ़ राजनीतिक सत्ता रही।

अलबरूनी का भारत (इण्डिका 1060 ई.) में लिखा कि मुस्लिमों द्वारा जीती गयी भूमि पर हिन्दू 'धूल के कण' बन गये थे : और जो बचे उनके मन में सभी मुसलमानों के प्रति कभी न समाप्त होने वाला विरोध रहा।' इस तरह अलबरूनी ने सिद्ध किया कि सुल्तान महमूद के प्रथम हमले के तीन दशक बाद भी भारत के हिंदुओं को इस्लाम में शांति व न्याय का संदेश नहीं दिखा। प्रो. हबीबुल्वार लिखते है; 'आरम्भ में सीधा धर्मान्तरण न के बराबर रहा होगा।'

1206 ई. में दिल्ली में मुस्लिम सल्तनत की स्थापना के एक सदी के भीतर ही जजिया, खरज और अन्य प्रकार के कष्टदायी करों के दबाव में वे इस्लाम स्वीकार करके इस निराशाजनक स्थिति से बच सकते थे, किन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया। जैसा कि अनेक मुस्लिम इतिहाकारों और शासकों ने बताया है कि पूरे भारत में विस्तृत घने वनों का विशाल क्षेत्र भी हिन्दुओं की रक्षा का मूल्यवान साधन बन रहा था। सुल्तान महमूद शाह तुगल के शासन में भारत की यात्रा पर आये इब्नबतूता को मुल्तार के निकट ऐसे हिन्दू 'विद्रोही और योद्धा मिले, जिन्होंने (दुर्गम) पहाड़ियों पर स्थित दुर्गों में स्वयं को सुरक्षित रखा था।

इसी तरह का वर्णन तैमूर लंग ने अपने संस्मरण 'मृत्युजात–आई–तैमूरी' में किया है कि उसके मंत्रियों ने भारतीयों की रक्षा शैली के बारे में चेताया था कि उस क्षेत्र के योद्धा, भू–स्वामी, राजकुमार और राजा इन वनों के दुर्गों में रहते है और वहां उनका जीवन जंगली मनुष्यों जैसा हो गया था।

इससे स्पष्ट है कि हिन्दुओं ने अपने प्राण बचाने और बदी बनाकर इस्लामें धर्मांतरित किये जाने से बचने के लिये दुर्गम वनों व पहाड़ों में शरण ली, भेदभावपूर्ण करों के दमनकारी बोझ को सहा किन्तु फिर भी इतनी बर्बरता के बाद भी अपने पूर्वजों के धर्म पर अडिग रहे।

इसके अतिरिक्त उनमें से बहुत से लोग तो तलवार के भय या अन्य परिस्थितियों में इस्लाम स्वीकार किये थे, पुनः अवसर मिलते ही अपने पूर्वजों के धर्म में वापस आने को तत्पर थे (जब विकृत अकबर ने धर्म के चयन की स्वतन्त्रता दी तो इस्लाम में धर्मांतरित बहुत से हिन्दू अपने पूर्वजों के धर्म में वापस लौट आये) एक उदाहरण के तौर पर देख सकते है कि जब सुल्तान महमूद शाह तुगलक ने 1326 में दक्षिण के पठारों के दो भाईयों हरिहर और बुक्का को बंदी बनाकर मुसलमान बना दिया था। सइके दस वर्ष पश्चात् सुल्तान ने दोनों को एक फौज के साथ दक्षिण में अराजक स्थिति को नियंत्रित करने के लिये भेजा। राजधानी दिल्ली से इतनी दूर आकर इन दोनों भाईयों ने न केवल हिंदू धर्म में पुनः वापसी की, अपितु विजयनगर साम्राज्य की स्थापना करते हुए दक्षिण भारत में इस्लामी शासन को उखाड़ फेंका। विजयनगर शक्तिशाली हिंदू साम्राज्य एवं भारतीय सभ्यता को फलने–फूलने वाला केन्द्र बना तथा यह 200 वर्षों तक दक्षिण भारत के इस्लामीकरण में विशाल अवरोध बना रहा।

इसी प्रकार पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपनी पुस्तक **'भारत एक खोज'** में कश्मीरी मुसलमानों का वापस अपने मूल हिन्दू धर्म में लौटने के संदर्भ में लिखा हैः

''कश्मीर में लंबे समय से चल रही इस्लाम में धर्मांतरित करने की प्रक्रिया का परिणाम यह हुआ कि 95 प्रतिशत जनसंख्या मुसलमान बन गयी, यद्यपि वे अपनी पुरानी हिंदू परंपराओं को निभाते रहे। 19वीं सदी के मध्य में राज्य के हिंदू राजा ने पाया कि वे लोग बड़ी संख्या में सामूहिक रूप से हिंदू धर्म की आरे लौटने को उद्यत हैं''।

अतः इन उदाहरणों से अनुमान लगाया जा सकता है कि क्यों इतनी सदियों के मुस्लिम शासन के बाद भी प्रायद्वीपीय भारत की 80 प्रतिशत जनसंख्या अभी भी गैरमुस्लिम है।

निष्कर्ष

इस प्रकार मध्यकालीन भारत में इस्लाम धर्म के आगमन के साथ हिन्दू समाज में कई तरह के बदलाव दृष्टिगोचर होते है जिसमें धर्मान्तरण एक प्रमुख प्रक्रिया के रूप में सामने आयी। जैसा कि, यह प्रक्रिया पूरी तरह से स्वैच्छिक भी या इसमें बल का प्रयोग किया गया था, यह हमेशा एक विवादास्पद मुद्दा रहा है परन्तु उपरोक्त विवरण के अनुसार कई ऐतिहासिक दस्तावेजों और प्रमाणों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि इस्लाम के प्रसार के दौरान मध्यकालीन भारत में बर्बरतापूर्ण धर्मान्तरण बहुतायत हुये क्योंकि इस्लाम के प्रसार के दौरान कई मुस्लिम शासकों और आक्रमणकारियों ने हिन्दू धर्म को नष्ट करने और इस्लाम को फैलाने के प्रयास किये जिसमें महमूद गजनी, मुहम्मद गौरी और इल्तुतमिश आदि के हमले शामिल है। इन शासकों ने अपने सैन्य अभियानों के दौरान हिन्दू मंदिरों को ध्वस्त किया, लाखों हिन्दुओं को बन्दी बनाया और उन्हें इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया।

इसके अतिरिक्त भारत में कई जगहों पर जजिया कर और अन्य आर्थिक दण्डों के रूप में दबाव डाला गया, जिससे हिन्दू समुदाय के लोग इस्लाम धर्म अपनाने के लिए मजबूर हुये। इन करों को भुगतान करने से बचने के लिए हिन्दू समुदायों ने इस्लाम धर्म को अपनाया ताकि वे सामाजिक और आर्थिक भेदभाव से बच सकें। इस प्रकार ये सारे उद्धरण बलपूर्वक धर्मांतरण की पुष्टि करते है जिसके परिणामस्वरूप मुस्लिम जनसंख्या में वृद्धि हुयी, जो शासकों की

राजनीतिक और धार्मिक महत्वकांक्षाओं का हिस्सा था विशेष रूप से तब जब शासक और सैन्य ताकते हावी थीं।

सन्दर्भ सूची

1. विवेकानन्द साहित्य खण्ड–1 – पृ. 26–27

2. **सेमेटिक धर्म**–प्रस्तुत धर्म आमतौर पर इब्राहिम धर्मो को संदर्भित करता है, जिसमें यहूदी धर्म इसाई धर्म और इस्लाम धर्म शामिल है। सेमेटिक लोग मध्य पूर्व से उत्पन्न हुयी उन मानव जातियों को कहा जाता है जो किसी सामी भाषा को अपनी मातृभाषा के रूप मे बोलते है। इन भाषाओं में इब्रानी, अरबी, आक्कादी, अरामाई, गिइज फोनी शियाई और अम्हारिक भाषा शामिल है।

कहा जाता है कि सेमेटिक विचार को मानने वाले पहले मिस्र में रहते थे। वहां के राजा को उन लोगों ने छल से मारकर रातों–रात निकल गये और मध्य–पूर्व के समुद्री किनारे पर अपना स्थायी आवाज बनाया। यही हजरत इब्राहिम और हजरत ईसा नामक दो चिंतक पैदा हुये जिन्होंने दुनिया को दो अभिनव चिंतन से अवगत कराया। हजरत ईसा ने इसाइयत का कन्सेप्ट दिया और हजरत इब्राहिम ने इस्लाम का। ये दोनों यहूदी थे इसलिये आज भी इसाइयत और इस्लाम में यहूदी मान्यताओं की झलक मिलती है।

3. सावरकर, 1947, पृ. 59

4. **व्रात्यस्तोमः** प्राचीनकाल का एक प्रकार का यज्ञ जो व्रात्य या संस्कारहीन (अवैदिक को वैदिक धर्म धर्म में सम्मानपूर्वक वापस लाना) लोग किया करते थे इसका वर्णन सामवेद के ताण्ड्य ब्राहमण में मिलता है। ये व्रात्य चार प्रकार के होते थे– जिसमें से आचार भ्रष्ट, नीच कर्म करने वाले, जाति बहिष्कृत और जिनकी जननेंद्रियों की शक्ति नष्ट हो गयी हो ।

5. इस्लामी जिहाद, पृ 98–99, प्रतिष्ठित इस्लामी इतिहासकारो द्वारा लिखे गये रसूल मुहमद के आत्मवृत्त में उसके दस वर्ष के मदीना प्रवास के समय उनके द्वारा किये गये विफल या सफल हमलों लूटपाट के अभियानों व जंगों को सूचीबद्ध किया गया है। उनमें से सत्रह से उन्नतीस हमलों व लूटपाट के अभियानों का नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया था :

626 ईसवी – बद्रू–उखरा की जंग,

626 ईसवी – जुमतुल–जंदल की जंग

626 ईसवी – बनू मुस्तलक़ निकाह की जंग

627 ईसवी – खंदक की जंग

627 ईसवी – अज़हाब की जंग

627 ईसवी – बनू कुरैज़ा की जंग

627 ईसवी – बनू लह्यान की जंग

627 ईसवी – ग़ाहिबा की जंग

627 ईसवी – खैबर की जंग

628 ईसवी – हुदैबिया का अभियान

630 ईसवी – मक्का की विजय

630 ईसवी – हुनसीन की जंग

630 ईसवी – तबूक की जंग

6. जब उत्तरी भारत के कुछ हिस्सों में इस्लामी राज्य बना, तब उलेमा ने भारी विवाद खड़ा किया। अब तक इस्लामी कानून के व्याख्याकार चार सम्प्रदायों में बंट चुके थे– हनाफी, हनबाली, मालिकी और शफाई। केवल हनाफी सम्प्रदाय हिन्दुओं को जिम्मी का दर्जा देने का पक्षधर था। अन्य तीन सम्पद्राय का पक्का मत था कि हिन्दुओं के लिए एकमात्र विकल्प इस्लाम या मौत को एक को चुनना है। –सीताराम गोयल, भारत में इस्लामी साम्राज्यवाद की कहानी, पृ. 134; फतवा–ए–जहांदारी में जियाउद्दीन बरनी ने हनाफी सम्प्रदाय के विरूद्ध लिखा है– यदि महमूद एक बार फिर भार चला जाता और उसने अपनी तलवार से सारे ब्राह्मणों को खत्म कर दिया होता, उसने तब तक अपनी तलवार म्यान में न डाली होती जब तक कि सारा हिन्दू इस्लाम कबूल न कर लेता। क्यों महमूद शफाई सम्प्रदाय का था। – पूर्वोक्त, पृ. 135

7. फिर जब हराम महीने गुज़र जाएं तो मुशरिकीन (बहुदेववादी) को जहां कहीं पाओ कत्ल करो, उन्हें पकड़ो और उन्हें घेरो, और हर घात की जगहज उनकी ताक में बैठो। फिर अगर वो तौबा करें, और नमाज़ क़ायम करें और ज़कात दें तो तुम उनका रास्ता छोड़ दो; यक़ीनन अल्लाह बड़ा बख़्शनेवाला, निहायत रहमवाला है, **कुरान 9:5, अुनवादक मुहम्मद फ़ारूक़ खाँ, पृ. 197**

8. और तुम्हें मालूम हो कि जो कुछ माले ग़नीमत तुमने हासिल किया उसका पांचवां हिस्सा अल्लाह का, रसूल का, रिश्तेदारों का, यतीनों का, मुहताजों और मुसाफ़िरों का है, अगर तुम अल्लाह पर और उस चीज़ पर ईमान रखते हो जो हमने अपने बन्दे पर फ़ैसले के रोज़ उतारी, जिस रोज़ दोनों फ़ौजों में मुठभेड़ हुई; और अल्लाह को हर चीज़ पर पूरी कुदरत हासिल है, **कुरान 8:41, अनुवादक मुहम्मद फ़ारूक़ खाँ, पृ. 192**

9. हम देखते हैं कि भारत विभाजन के समय भी (1946–47) लगभग एक लाख हिन्दू व सिक्ख महिलाओं का बलपूर्वक दास बनाकर ले जाया गया और मुसलमानों के साथ उनकी शादी कर दी गयी, 'इस्लामी जिहाद', अध्याय 6, पृ. 291–292

10. इस्लाम में दास प्रथा की कुरीति को मान्यता कुरआन की निम्न आयातों से मिलती है, जिसमें अल्लाह स्वतन्त्र मनुष्य या स्वामियों को दासों में पृथक करता है:

'अल्लाह ने दो व्यक्तियों का (एक और) उदाहरण दिया है: दोनों में से एक गूंगा है, उसके पास किसी प्रकार की ताकत नहीं है, वह अपने स्वामी पर बोझ है। वह उसे जहाँ भेजता है, वहाँ कुछ अच्छा नहीं करता है: तो ऐसा व्यक्ति उस व्यक्ति के बराबर हो जाएगा, जो न्याय का आदेश देता हो और सीधी राह पर हो?' **(कुरआन 16:76)**

अल्लाह दास प्रथा की कुरीति को न केवल स्वीकृत देता है, अपितु उसने मालिकों (मुस्लिम पुरुषों को ही गुलाम रखने का अधिकार है) को सेक्स–स्लेव बनायी गयी औरतों के साथ यौन संबंध बनाने की अनुमति भी दी:

सेक्स–स्लेव बनायी गयी स्त्री से यौन संबंध बनाने की उसी प्रकार अनुमति है, जैसी कि अपनी बीवी के साथ संबंध बनाने की अनुमति है। पकड़ी कर बंदी बनायी स्त्री के साथ यौन संबंध बनाने का आधार उस पर कब्जा होना है, न कि शादी। यदि शादी की शर्त रही होती, तो लौंडी बनायी गयी स्त्रियां भी बीवियों में गिनी जाती और बीवी व लौंडी का पृथक–पृथक उल्लेख करने की आवश्यकता न होती। **(कुरआन 23:5–6)**

इसलिये यदि पकड़े गये या दास बनाये गये लोगों में औरतें हैं, तो मुसलमानों को अल्लाह द्वारा अनुमति दी गयी है कि वे उनके साथ वैसे ही यौन–संबंध बनायें, जैसे कि अपनी बीवियों के साथ बनाते हैं। अल्लाह के इस आदेश ने इस्लाम में सेक्स–स्लेव प्रथा या पकड़कर दास बनायी गयी स्त्रियों को लौंडी (रखैल) बनाकर रखने की कुप्रथा को जन्म दिया। जहां तक विधिक शादी की बात है, तो इस्लाम में कोई पुरुष एक साथ चार शादी करने की सीमा निश्चित करता है। **(कुरआन 4:3),** किंतु यौन–दासी अर्थात् सेक्स–स्लेव रखने की संख्या पर ऐसा कोई बंधन नहीं लगाता है।

11. नानक देव जी ने अपनी पुस्तक **'बाबर वाणी'** में ऐमनाबाद में बाबर द्वारा किये गये विध्वंस का स्पष्ट विवरण देते हुये इस आक्रान्ता के कृत्यों की निन्दा स्पष्ट शब्दों में की है। उन्होंने सिक्ख धर्म ग्रन्थ **गुरु ग्रन्थ साहिब** में ईश्वर से शिकायत के रूप में हिन्दुओं पर मुसलमान की क्रूरता का वर्णन इस प्रकार किया है;

'इस्लाम को सिर चढ़ाने के बाद, तूने हिन्दुस्तान को विभीषिका में झोंक दिया है....उन्होंने ऐसी क्रूरता की है, और तब भी तेरी दया नहीं आयी.....जब सबल किसी सबल पर चढ़ाई करता है, तो हृदय नहीं जलता है। किंतु जब सबल–निर्बल का दमन करता हैं, तो निश्चित ही उसे ही सहायता के लिये पुकारा जाएगा, जो उनकी रक्षा कर सके ''हे ईश्वर, इन ककुत्तों ने हीरें जैसे हिंदुस्तान को नष्ट कर दिया है (उनका आतंक इतना भयानक है कि) जो मार डाले गये हैं, उनको पूछने वला कोई नहीं है और तब भी तू ध्यान नहीं दे रहा है''। **(महला 1:36)**

❐

सन्दर्भ –

1. *सतीशचन्द्र (2007) : ''मध्यकालीन भारत राजनीति, समाज और संस्कृति'', (अनुवादक : नरेश नदीम), ओरियंट ब लैकस्वान, हैदराबाद, भारत।*
2. *रामधारी सिंह दिनकर (2023) : ''संस्कृति के चार अध्याय'', लोकभारती प्रकाशन, प्रयागराज।*
3. *सतीशचन्द्र (2011) : ''मध्यकालीन भारत सल्तनत से मुगलकाल तक (1526–1761), जवाहर प्रकाशन, गाजियाबाद, उ.प्र.।*
4. *आचार्य चतुरसेन (2024) : ''भारत में इस्लाम'', नयी किताब प्रकाशन, दिल्ली।*
5. *विजय मनोहर तिवारी (2023) : ''भारत में इस्लाम–हिन्दुओं का इतिहास से गायब अनकही कहानियाँ'', गरूड़ा प्रकाशन, गुड़गाँव, हरियाणा।*
6. *एम.ए. खान (2009) : इस्लामी जिहाद : बलपूर्वक धर्मान्तरण, साम्राज्यवाद और दासप्रथा की विरासत, आईयूनीवर्स।*
7. *जवाहरलाल नेहरू (2022) : ''हिन्दुस्तान की कहानी'', सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन, नयी दिल्ली।*
8. *सुनील यादव (2019) : ''भारतीय मुसलमान मिथक इतिहास और यथार्थ'', अनन्य प्रकाशन, दिल्ली।*
9. *डॉ0 बी0 आर0 अम्बेडकर (2021) : ''पाकिस्तान अथवा भारत का विभाजन'', सम्यक प्रकाशन, नयी दिल्ली।*
10. *अशोक कुमार पाण्डेय (2018) : ''कश्मीरनामा इतिहास और समकाल'', राजपाल एण्ड सन्स, दिल्ली।*
11. *मुहम्मद फारुख खाँ (2022) : ''कुरान शरीफ़ (हिन्दी रोमन)'', अल हसनाल बुक्स प्रा. लि., दरियागंज, नयी दिल्ली।*
12. *जवाहर लाल नेहरू (2022) : ''विश्व इतिहास की झलक'', सस्ता साहित्य मण्डल प्रकाशन, नयी दिल्ली।*
13. *अमलेन्दु मिश्रा (2004) : ''अस्मिता और धर्म भारत में इस्लाम विरोध की जड़े'', सेज प्रकाशन, नयी दिल्ली।*
14. *असगर अली इंजीनियर (2002) : ''इस्लाम का जन्म और विकास'', राजकमल प्रकाशन, दरियागंज, नयी दिल्ली।*

पूर्वदेवा– सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका
वर्ष 30, अंक, 120 जनवरी–मार्च, 2025 पृ. 95–101

UGC Care Listed Journal
ISSN 0974 -1100

District-wise Decentralisation of the Tribes of Rajasthan State

S. K. Kulshrestha
Assistant Professor, Economics, Vardhman Mahaveer Open University,
Rawatbhata Road, Kota (Raj.) - 324021
Email: skulshrestha@vmou.ac.in Mob. 9460804264

K. R. Choudhary
Assistant Professor, Economics, Kota University, Kota
Email: krjchoudhary@gmail.com

Abstract

The term 'Scheduled Tribes' is defined in Article 342 of the Indian Constitution. This paper aims to analyze and compare the population growth of various Scheduled Tribes across different districts of Rajasthan, focusing on the spatial decentralization of their population over time. The comparative analysis draws on data from the national censuses of 1971, 1981, 1991, 2001, and 2011. The findings reveal a significant shift in the distribution of the Scheduled Tribes' population, with growth dispersing from traditionally dominant areas to less dominant regions, such as Ganganagar, followed by Bikaner, Hanumangarh, Ajmer, and Jaisalmer. This study provides a detailed district-wise overview of the evolving demographic landscape of Scheduled Tribes in Rajasthan.

Keywords – Decentralisation, Tribes, Population, Safeguard, Decadal growth, Diversity.

Introduction

India is home to immense cultural diversity, with approximately 577 distinct tribes spread across the country. These tribes are "integral to the fabric of Indian culture, having historically maintained unique ways of life, traditions, and practices that distinguish them from other communities."[1] However, many of these "tribes are now facing pressures to abandon their traditional lifestyles due to various socio-economic and environmental changes."[2] Despite these challenges, the tribes continue to play a crucial role in preserving India's rich cultural heritage.

Rajasthan ranks sixth among Indian states in terms of tribal population, with tribes constituting 13.48 percent of the state's total population (Census, 2011). The Bhil and Mina tribes are the most prominent tribal communities in Rajasthan, primarily residing in the foothills of the Vindhya and Aravalli Mountain ranges. These

tribes exhibit considerable diversity in their cultural practices and livelihoods. While many engage in agriculture as their primary means of sustenance, others have developed professional and business skills. To support these communities, a scheduled area was established in southern Rajasthan, encompassing 5,696 villages across 45 tehsils in eight districts.

In 2011, the tribal population in this designated area was 70.42 percent. This emphasizes "the need for additional measures to safeguard these communities," particularly in Rajasthan.[3] It has been highlighted that, despite government efforts over the past 50 years, there has been "little improvement in the landholding status of scheduled groups."[4] Rajasthan's tribal communities, with their strong sense of sovereignty, robust institutions, and commitment to self-determination, remain distinct, even as they are increasingly seen as a draw for community-based tourism development. The "identified food insecurity as a significant issue among tribal communities in southern Rajasthan," is a concern that likely extends to other tribal areas reliant on migration.[5] Additionally, it has been observed that the "growth rate of the tribal population in Rajasthan has outpaced the growth rate of the state's overall population," with approximately 12.4 percent of the state's total population belonging to scheduled tribes.[6]

Methodology

This paper utilizes Census data to analyze the tribal populations across various districts of Rajasthan. The study focuses on estimating the district-wise growth rate of the tribal population from 1961 to 2011, employing a semi-log growth model for this purpose. To assess the statistical significance of the results, the student t-test is applied, while the coefficient of determination (R^2) is used to evaluate the model's goodness of fit. The primary objective of this paper is to provide a comprehensive estimation of the growth patterns of tribal populations at the district level within the state.

Result and Discussion

The data reveals that the proportion of the Scheduled Tribes (ST) population in Rajasthan increased from 11.7% in 1961 to 13.5% in 2011. While most districts in Rajasthan exhibited an upward trend in their ST population share, a few districts experienced a decline over this period. Notably, districts such as Bhilwara, Karauli, Bharatpur, Sawai Madhopur, Alwar, Dausa, Jaipur, Kota, and Chittorgarh recorded decreases in the proportion of STs.

In Bharatpur district, the ST population decreased from 2.8% in 1961 to 2.1% in 2011. Similarly, Chittorgarh district saw a reduction from 18.3% in 1961 to 13.1% in 2011. Jaipur's ST population share also declined from 11.5% to 8% over the study period, while Kota district experienced a drop from 14.7% to 9.4%. Additionally, Sawai Madhopur district witnessed a modest decrease from 22.3% to 21.4%.

Table 1.1 illustrates the division-wise growth of the ST population as a proportion of the total population across Rajasthan. The data indicates that most

districts experienced positive growth in their tribal population, supported by significant t-ratios and strong R^2 values, underscoring the reliability of the findings. However, some districts, such as Jaipur and Kota, exhibited statistically significant negative growth.

In the Ajmer division, the districts of Ajmer and Tonk registered positive increases in the ST population, while Nagaur district remained stable with no change in percentage. Conversely, Bhilwara district experienced a decline in the ST population share.

Within the Bharatpur division, only Dhaulpur district showed growth in the ST population, while districts like Karauli, Bharatpur, and Sawai Madhopur recorded negative growth.

The Bikaner division demonstrated a favourable trend, with all districts showing positive growth. Ganganagar district led in decadal growth, followed by Bikaner, Hanumangarh, and Churu. In the Jaipur division, districts such as Jhunjhunun and Sikar experienced increases in the ST population, whereas Alwar, Dausa, and Jaipur recorded declines.

The Jodhpur division saw an overall increase in the ST population percentage, with Jaisalmer showing the highest growth, followed by Jodhpur, Pali, Sirohi, Barmer, and Jalor. In the Kota division, Baran, Bundi, and Jhalawar districts displayed positive growth, while Kota district experienced a decrease.

Finally, in the Udaipur division, four out of five districts reported an increase in the ST population percentage. Udaipur led this growth, followed by Rajsamand, Dungarpur, and Banswara, while Chittorgarh was the only district in this division to exhibit negative growth.

Table - 1.1 Division-wise decadal growth rate of ST's population percentage (1961-2011)

Division	Districts	Growth Coefficient	t-ratio	R2
Ajmer Division	Ajmer	0.13	3.476***	0.75
	Bhilwara	?0.002	?0.2728	0.02
	Nagaur	0.00	0.00	0.00
	Tonk	0.02	4.295***	0.82
Bharatpur Division	Karauli	?0.01	-	-
	Bharatpur	?0.08	?3.497***	0.75
	Dhaulpur	0.04	3.358***	0.92
	Sawai Madhopur	?0.01	?2.160*	0.54
Bikaner Division	Hanumangarh	0.13	-	-
	Bikaner	0.16	2.021*	0.51
	Churu	0.06	2.316*	0.57

	Ganganagar	0.36	3.339**	0.74
Jaipur Division	Alwar	?0.004	?2.505*	0.61
	Dausa	?0.01	-	-
	Jaipur	?0.08	?3.066**	0.70
	Jhunjhunun	0.03	2.568**	0.62
	Sikar	0.02	3.765***	0.78
Jodhpur Division	Barmer	0.04	2.548*	0.62
	Jaisalmer	0.12	13.32***	0.98
	Jalor	0.04	3.580**	0.76
	Jodhpur	0.10	10.14***	0.96
	Pali	0.08	4.775***	0.85
	Sirohi	0.05	6.763***	0.92
Kota Division	Baran	0.06	-	-
	Bundi	0.03	3.004**	0.69
	Jhalawar	0.02	0.1462	0.01
	Kota	?0.1	?3.277**	0.73
Udaipur Division	Dungarpur	0.03	4.539**	0.84
	Udaipur	0.10	7.364***	0.93
	Chittaurgarh	?0.1	?2.067	0.52
	Rajsamand	0.06	-	-
	Banswara	0.01	1.527	0.37

Author's Calculation,

*Note: There *, **, *** are significant at 10, 5 and 1 percent respectively.*

Table 1.2 highlights the trends in the percentage of the Scheduled Tribes (ST) population across various divisions in Rajasthan, revealing distinct patterns in each region.

In the Ajmer Division, there is an overall upward trend in the ST population percentage, particularly in the Ajmer and Tonk districts. While Nagaur and Bhilwara initially show a downward trend, they both experience a positive growth trajectory by the 2011 Census, leading to an absolute increase in the percentage of the ST population within the division.

